सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹114097/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹139350/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹152114/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
ANAND jewels
Pandri, Raipur
*Conditions Apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



सावन के दूसरे सोमवार को मंदिरों में
श्रद्धालुओं का सैलाब



राजधानी रायपुर सहित देशभर के शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/रायपुर

सावन के दूसरे सोमवार को विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, दूध, पुष्प और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंजते रहे। राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।







भाजपा की तिरंगा यात्रा का आगाज, स्टेडियम से निकाली यात्रा में उमड़े लोग

तिरंगे से सजी राजधानी, एक किमी लंबी भव्य यात्रा, साय बोले-बदलते बस्तर में भी लहराएगा

हाथों में लहराता तिरंगा, भारत माता के जयघोष, देशभक्ति के गीत और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत हजारों नागरिकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सोमवार को राजधानी रायपुर पूरी तरह तिरंगे के रंग में रंगी नजर आई। अवसर था भाजपा की तिरंगा यात्रा का। इस यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित कई मंत्री, विधायक भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा, बस्तर अब नक्सलवाद के समाप्त होने के बाद बदल गया है। बदले हुए बस्तर में भी ऐसे स्थानों में तिरंगा लहराएगा, जहां पर कभी तिरंगा नहीं फहराया जाता था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ इंडोर स्टेडियम से हुआ। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वयं हाथ में तिरंगा थामकर जनसैलाब के साथ कदम से कदम मिलाया। यात्रा में युवाओं, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, पूर्व सैनिकों और विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोग शामिल हुए। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा हाथों में थामा गया लगभग एक किलोमीटर लंबा तिरंगा पूरे आयोजन का विशेष आकर्षण रहा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। यह केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता, स्वाभिमान और असंख्य बलिदानों का प्रतीक है। तिरंगे में देश के 140 करोड़ भारतीयों को एक सूत्र में बांधने की अद्भुत शक्ति है। अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों, ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर

बदलते बस्तर में शांति और विकास के साथ लहराएगा तिरंगा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, बस्तर आज हिंसा और भय के लंबे दौर को पीछे छोड़कर शांति, विश्वास और विकास की नई दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति, सुरक्षा बलों के अदम्य साहस और क्षेत्रवासियों के सहयोग से नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई निर्णायक दौर में पहुंची है। उन्होंने कहा, बदलते बस्तर की पहचान अब हिंसा से नहीं, बल्कि शांति, विकास, विश्वास और नई संभावनाओं से बन रही है। इस वर्ष बस्तर में भी स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया ⏭ शेष पेज 7 पर



एक किलोमीटर लंबा तिरंगा

तिरंगा यात्रा में स्कूली छात्र-छात्राओं का उत्साह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यार्थियों ने लगभग एक किलोमीटर लंबे तिरंगे को अपने हाथों में थामकर अनुशासित पंक्तियों में यात्रा की। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने इसका आत्मीय स्वागत किया। कई स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा में शामिल लोगों का अभिनंदन किया।

देशभर में दिखा उत्साह

नई दिल्ली। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस से पहले भाजपा ने देश के विभिन्न राज्यों में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सोमवार को भव्य तिरंगा यात्रा और रैलियों की शुरुआत की। स्वतंत्रता दिवस के पहले ही स्वतंत्रता दिवस जैसा माहौल दिखाई दिया। यह राष्ट्रव्यापी अभियान 17 अगस्त तक चलेगा। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता में सोमवार को 'हर घर तिरंगा' रैली को हरी झंडी दिखाई। मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने भारत को दुनिया का सबसे मजबूत देश बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने के उद्देश्य से सोमवार को लोगों से इस दिशा में सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र ध्वज भारत की स्वतंत्रता, एकता और गौरव का प्रतीक है तथा यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के प्रति लोगों की प्रतिबद्धता को दोहराता है।

स्कूल में सांप ने छह आदिवासी छात्राओं को डसा, तीन की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक आवासीय स्कूल में जहरीले सांप के डसने से तीन आदिवासी छात्राओं की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य का इलाज जारी है। घटना के बाद जिला प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना रविवार आधी रात के करीब धनौरा तहसील मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर जापतलाई गांव स्थित सहायता प्राप्त आदिवासी आवासीय आश्रम शाला के छात्रावास में हुई। स्कूल के छात्रावास में फर्श पर सो रही नाबालिग छात्राओं को जहरीले सांप ने डस लिया। इनमें से आठ, 12 और 14 साल की तीन छात्राओं की मौत हो गई। वहीं, 11 से 14 साल की तीन अन्य छात्राओं का सांप के डसने के बाद इलाज चल रहा है।

तीन छात्राओं का चल रहा इलाज

जिलाधिकारी ने कहा कि तीन छात्राओं का इलाज चल रहा है। उन्हें तुरंत सांप के जहर से बचाव वाली दवाएं दी गईं और चिकित्सा दल उनकी स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं।
जिलाधिकारी ने जिला सर्जन को निर्देश दिया कि इलाज में किसी भी तरह की कमी न रहे और छात्राओं को विशेष देखभाल उपलब्ध कराई जाए।

कलेक्टर बोले- होगी जांच

जिलाधिकारी अविष्यंत पांडा ने कहा कि घटना की विस्तृत जांच कराई जाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि हादसा किस तरह हुआ, क्या छात्राओं के रहने की जगह पर पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए थे? क्या स्कूल प्रबंधन ने जरूरी सुरक्षा नियमों एवं सावधानियों का पालन किया था। उन्होंने एक बयान में घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल में सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच की जाएगी।

एसपी ने कहा- सावधानी बरतें

पुलिस अधीक्षक गढ़चिरौली एम. रमेश ने नागरिकों से अपील की है कि बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं बड़ी संख्या में सामने आती हैं। ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए सभी नागरिकों और विद्यार्थियों को आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए। आपातकालीन स्थिति में किसी भी प्रकार के अंधविश्वास का सहारा न लेते हुए पीड़ित को तत्काल नजदीकी अस्पताल अथवा आपातकालीन चिकित्सा सेवा तक पहुंचाएं, ताकि समय पर उपचार मिल सके और जान बचाई जा सके।

खबर संक्षेप

मॉरीशस की चार दिनों की यात्रा पर नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने



द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के लिए सोमवार को मॉरीशस की चार दिवसीय यात्रा शुरू की।
एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन मॉरीशस सरकार के शीर्ष नेतृत्व के साथ 'पारस्परिक हित' से जुड़े मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

58 खाद्य नमूनों में मिले कीटनाशक के अवशेष

तिरुवनंतपुरम। कृषि मंत्री टी. सिद्दीकी ने सोमवार को कहा कि केरल में सरकारी प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजे गए 1,262 खाद्य नमूनों में से 58 में कीटनाशकों के अवशेष और जहरीले तत्व पाए गए हैं। जैविक सब्जी की खेती को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो चढ़ावा चोरी की जांच

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की अदालत की निगरानी में एसआईटी जांच कराने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर 17 अगस्त को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ को वकील ने बताया कि यूपी सरकार का मामले में पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रतिनिधिमंडल के साथ संयुक्त राष्ट्र गए हैं।

अब नवंबर में पुलिस भर्ती परीक्षा, एक ही तारीख को दो परीक्षाएं इसलिए बदलाव

आयोग ने जारी की नई तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एक ही तारीख में दो विभागों की भर्ती परीक्षा को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने पुलिस भर्ती परीक्षा की नई तिथि जारी की है। पूर्व में यह परीक्षा 24, 25 एवं 26 अक्टूबर 2026 की संभावित तिथि तय की गई थी, जिसकी नई तारीख 02, 03 एवं 04 नवंबर 2026 को तय किया गया है। एक ही तिथि में दो भर्ती परीक्षा होने की वजह से अभ्यर्थी चिंतित हो गए थे। इसकी शिकायत सीजीपीएससी के अधिकारियों तक पहुंची थी। परिक्षार्थियों के हितों का ध्यान रखते हुए गृह पुलिस विभाग के अंतर्गत सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर की मुख्य परीक्षा-2024 का आयोजन अब 02, 03 एवं 04 नवम्बर 2026 को नियत किया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर

युवाओं का हित सर्वोपरि : साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि युवाओं का हित हमारी सरकार के लिए सर्वोपरि है। प्रदेश के युवाओं को आगे



बढ़ने का हर अवसर मिले और केवल परीक्षा तिथियों के टकराव के कारण कोई भी पात्र अभ्यर्थी अवसर से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में युवा वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं। ऐसे में प्रशासनिक अथवा परीक्षा कार्यक्रम से जुड़ी किसी व्यावहारिक समस्या के कारण उनके सामने दो अवसरों में से किसी एक को चुनने की विवशता नहीं होनी चाहिए। राज्य सरकार युवाओं की आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील है और उनके भविष्य से जुड़े विषयों पर तत्परता से निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने लिया त्वरित संज्ञान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के युवाओं के हित में संवेदनशील निर्णय लेते हुए शिक्षक भर्ती परीक्षा और सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर मुख्य परीक्षा की तिथियां एक साथ होने से अभ्यर्थियों को हो रही परेशानी का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को परीक्षा तिथियों में आवश्यक बदलाव के निर्देश दिए थे। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर (मुख्य) परीक्षा-2024 की संशोधित तिथियां घोषित कर दी हैं।

चेतावनी पर भी बढ़ गए आगे

उफनते नाले में वाहन बहा, नौ की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में सोमवार को भारी बारिश के बीच 11 यात्रियों को ले जा रहा एक वाहन उफनते नाले को पार करने के दौरान तेज बहाव में बह गया, जिससे एक बालिका समेत नौ लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सारंगपुर कस्बे के पास पदाना बायपास की पुलिया पर हुई। चालक नाले में पानी का तेज बहाव होने के बावजूद गाड़ी पार कराने का प्रयास करने लगा तभी वाहन पानी के तेज बहाव में बह गया।

उफान पर नदियां-नाले

सारंगपुर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि सोमवार को भारी बारिश के कारण क्षेत्र की नदियां और नाले उफान पर हैं। उन्होंने कहा कि पदाना बायपास के पास सड़क पर बने नाले में तेज बहाव के बावजूद चालक ने लापरवाही से वाहन उसमें उतार दिया, जिसके कुछ ही देर में पानी में डूब जाने से नौ लोगों की मौत हो गई।

बीमार महिला को झेलगी में लेकर दो किलोमीटर पैदल चले परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

बलरामपुर जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी पहुंचविहीनता एक अभिशाप बनी हुई है। आलम यह जान जोखिम में होने पर मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। जिले में एक बार फिर से ऐसी ही तस्वीर सामने आई है जहां एक बुजुर्ग महिला को अस्पताल ले जाने के लिए झेलगी में लादकर दो किमी का पैदल सफर करना पड़ा। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के कुसमी अंतर्गत ⏭शेष पेज 7 पर

कुसमी के भैंसापाठ का मामला, वीडियो आया सामने



विभाग ने कहा- नहीं किया गया संपर्क

सोशल मीडिया पर ग्राम भैंसापाठ की एक महिला मरीज को झेलगी के सहारे ले जाने संबंधी वीडियो सामने आने के बाद सीएमएचओ बलरामपुर ने भी जानकारी दी है। सीएमएचओ के अनुसार श्रीमती रदनी को सर्दी, खांसी एवं कमजोरी होने पर उनके परिजन स्वास्थ्य उपचार के लिए झेलगी के सहारे ले जा रहे थे। भैंसापाठ गांव से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तक सड़क की स्थिति खराब होने तथा नाले पर पुलिया नहीं होने के कारण बड़े वाहनों का आवागमन संभव नहीं है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराया गया था भर्ती, पत्नी ने की जांच की मांग

आरक्षक की मौत के 42 दिन बाद आयुष्मान से आया मैसेज, हमें खुशी है, आप स्वस्थ होकर लौट रहे हैं...

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

प्रदेश में आयुष्मान योजना को लेकर एक अजीब मामला सामने आया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान एक आरक्षक की मौत हो गई। आरक्षक के शव का अंतिम संस्कार हो गया और अस्पताल प्रबंधन की ओर से मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया। मौत के 42 दिन बाद परिवार के पास मैसेज आया कि प्रिय देव नारायण ⏭शेष पेज 7 पर

अलग खबर





आयुष्मान सारथी की ओर से आया मैसेज

मृतक की पत्नी सीमा कुजूर का कहना है कि मौत के 42 दिन बाद उनके मोबाइल फोन पर मैसेज आया, जिसमें लिखा था प्रिय देव नारायण राम, हमेश खुशी है कि आप स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं। यह मैसेज आयुष्मान सारथी योजना की ओर से आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह महज तकनीकी चूक है या फिर आयुष्मान योजना के रिकॉर्ड में कोई बड़ा खेल चल रहा है।

स्टेट से जाता है मैसेज

मैसेज स्टेट नोडल की तरफ से जाता है। जानकारी मिली है कि यह कॉमन मैसेज है, सभी को जाता है। इस तरह का मामला पहली बार संज्ञान में आया है, राशि निकालने की संभावना नहीं है। कई बार केस लेट क्लोज होते है, इस समबन्ध में एक पत्र लिखा जाएगा।
डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक मेडिकल कॉलेज अस्पताल

देश भर से आए 5,000 से अधिक आवेदनों की 20 दिनों में स्क्रीनिंग

राम मंदिर ट्रस्ट को जल्द मिलेगा नया सीईओ, दौड़ में 18 उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने फाइनल राउंड के लिए पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद पर चुनने के लिए 18 उम्मीदवारों को शार्टलिस्ट किया है। ट्रस्ट ने देश भर से आए 5,000 से अधिक आवेदनों की 20 दिनों में स्क्रीनिंग करने के बाद इन उम्मीदवारों को शार्टलिस्ट किया है। ट्रस्ट ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले के सामने के बाद पिछले माह इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। सूत्रों के मुताबिक, शार्टलिस्टेड किए गए उम्मीदवारों में से अधिकतर रिटायर प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व वरिष्ठ कार्पोरेट कार्यकारी और रिटायर रक्षा अधिकारी शामिल हैं।

कब होगा आखिरी फैसला?

इस पद के लिए ट्रस्ट आखिरी फैसला 11 और 12 अगस्त को होने वाली आमने-सामने के इंटरव्यू के बाद लेगा। इस दौरान पैनल न सिर्फ उनके प्रोफेशनल अनुभव को परखेगा, बल्कि इस भूमिका के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अयोध्या से बाहर काम करने की उनकी इच्छा को भी देखेगा।

सीईओ में क्या-क्या देख रहा ट्रस्ट?

सीईओ पद के लिए जरूरी योग्यताओं में रिटायर होना, 50 से 70 साल की उम्र का हिंदू होना, बड़े संस्थानों को चलाने का कम से कम 20 साल का अनुभव होना और भगवान राम के प्रति समर्पित होना शामिल था। सिलेक्शन कमेटी के एक सदस्य ने बताया, 'हमने अपने तय किए गए मानदंडों के आधार पर 5000 से अधिक आवेदनों को छांटा। हमने कुछ आवेदकों के साथ वर्चुअल बातचीत भी की ताकि कुछ बातों को साफ किया जा सके और उनकी राय समझी जा सके। पिछले 20 दिनों में चली चयन प्रक्रिया के आधार पर, अंतिम इंटरव्यू के लिए लगभग 18 नाम तय किए गए हैं।'कमेटी के सदस्य ने कहा कि अंतिम इंटरव्यू यह तय करने में अहम भूमिका निभाएगा कि क्या उम्मीदवार ट्रस्ट के कामकाज के अनोखे स्वरूप को संभाल सकते हैं या नहीं। इस कामकाज में संस्थागत प्रबंधन के साथ-साथ एक बड़े धार्मिक और सार्वजनिक संस्थान का रोजमर्रा का संचालन भी शामिल है। समिति के सदस्य ने कहा, 'देखिए, (सीईओ पद के लिए) वह व्यक्ति असाधारण होना चाहिए। उसे किसी बड़े संगठन को चलाने का पहले से अनुभव होना चाहिए, लेकिन साथ ही, यह एक सार्वजनिक जगह है जहाँ रोजमर्रा के कामकाज को संभालने की जरूरत होती है। सीईओ को अयोध्या में ही रहना होगा और उन्हें लोगों और कर्मचारियों को संभालने में भी माहिर होना चाहिए, साथ ही खास मेहमानों और बड़े संतों के दौरों का इंतजाम भी देखना होगा।'

11-12 अगस्त को होने वाले आमने-सामने के इंटरव्यू के बाद होगा फैसला



तीन नामों को किया जाएगा फाइनल : *इंटरव्यू के बाद, पैनल उम्मीदवारों पर विचार-विमर्श करेगा और ट्रस्ट को तीन नामों की सिफारिश करेगा। इसके बाद ट्रस्ट सितंबर में होने वाली अपनी अगली बैठक में इन सिफारिशों पर विचार करेगा और फिर कोई अंतिम फैसला लेगा। इस चयन समिति में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस प्रमोद कोहली, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी और सुरेश हावरे शामिल हैं। सुरेश हावरे एक रिटायर्ड न्यूक्लियर साइंटिस्ट और शिरडी स्थित श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन हैं।*

यह होगी सीईओ की जिम्मेदारी

- सदस्य के मुताबिक, सीईओ पद के लिए आए व्यक्तियों से कई अहम जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। ट्रस्ट के कामकाज को चलानाः सीईओ के तौर पर इसके कानूनी, प्रशासनिक और वित्तीय काम संभालना।
- सिस्टम बनानाः ट्रस्ट की बढ़ती गतिविधियों के हिसाब से सिस्टम और प्रक्रियाएँ विकसित करना।
- संगठन बनानाः ट्रस्ट के उद्देश्यों और जरूरतों के आधार पर एक संगठनात्मक ढाँचा तैयार करना और इसके अधिकारियों, कर्मचारियों और स्टाफ़ की देखरेख करना।
- नियमों का पालन सुनिश्चित करनाः यह पक्का करना कि ट्रस्ट कानूनी, रेगुलेटरी और ट्रस्ट डीड की जरूरतों का पालन करे।
- वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करनाः वित्तीय लेन-देन, खातों और संबंधित जानकारी में कुशलता और पारदर्शिता की देखरेख करना।
- सुरक्षा की देखरेख करनाः सुरक्षा के उचित इंतजाम सुनिश्चित करना और जहाँ भी जरूरत हो, स्थानीय, राज्य और केंद्र सरकारों के साथ तालमेल बिठाना।
- अनुष्ठानों और त्योहारों का प्रबंधनः यह सुनिश्चित करना कि रोजाना की पूजा, धार्मिक समारोह और त्योहार नियमित और सही ढंग से आयोजित हों।
- भक्तों का ध्यान रखनाः मंदिर आने वाले भक्तों की सुरक्षा, सुविधाओं और उनके कुल अनुभव का ध्यान रखना।
- खास मेहमानों की देखरेखः मंदिर आने वाले विशिष्ट अतिथियों और प्रमुख संतों के लिए इंतजाम करना।

खबर संक्षेप

मौतों का आंकड़ा शून्य करने की है कोशिश

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन



गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या शून्य पर लाने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए अधिक दुर्घटनाओं वाले 100 जिलों की पहचान कर वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। गडकरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों की संख्या आधी करना है।

अभिषेक को विदेश जाने की मिली मंजूरी

कोलकाता। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा 16 मुकदमे लंबित होने और लौटकर



नहीं आने की दलीलों को दरकिनार करते हुए सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी को आंखों के उपचार के वास्ते तीन हफ्ते के लिए विदेश जाने की अनुमति दे दी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने टिप्पणी की कि हर व्यक्ति को अपने इलाज के लिए चिकित्सक को चुनने का अधिकार है।

55.80 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, 39 गिरफ्तार

बेंगलुरु। बेंगलुरु पुलिस ने आठ विदेशी नागरिकों समेत 39 लोगों के



पास से 55.80 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद होने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया है। 'मिशन आरआईएसई' और बेंगलुरु सिटी पुलिस के नशा रोधी अभियान के तहत शुरू किए गए 'बीईडीए बीआरओ' कार्यक्रम के तहत यह कार्रवाई की गई। बेंगलुरु सिटी पुलिस के आयुक्त पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि 'मिशन आरआईएसई' के तहत बेंगलुरु के साथ दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और केरल के अलग-अलग स्थानों से 55 करोड़ से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं।

लाठीचार्ज और अयोध्या में चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर सरकार, विपक्ष के बीच गतिरोध बरकरार

जंतर मंतर लाठीचार्ज, गृहमंत्री शाह चर्चा के लिए तैयार! विपक्ष ने मांगा इस्तीफा

संसद के मानसून सत्र में छात्रों पर कथित लाठीचार्ज और अयोध्या में चढ़ावे की कथित चोरी के मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध बरकरार है। गृहमंत्री अमित शाह छात्रों के आंदोलन और पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर लोकसभा में बयान देने के लिए सशर्त तैयार हैं। लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तीन मांगें रखते हुए शाह से इस्तीफा देने कहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार छात्रों के आंदोलन से जुड़े मुद्दे पर पूरी चर्चा के लिए तैयार है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार का प्रस्ताव बिल्कुल स्पष्ट है। उन्हें गृहमंत्री का जवाब बिना हंगामा किए सुनना पड़ेगा।लोकसभा में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक खत्म होने के बाद यह जानकारी दी। रिजिजू के मुताबिक, सरकार ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक में भी अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया है। सरकार चर्चा के लिए तैयार है और गृह मंत्री जवाब देने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए सदन में व्यवधान नहीं होना चाहिए। हालांकि शाह कब बोलेंगे, रिजिजू ने इसकी जानकारी नहीं दी है। बीएसी की बैठक में सदन को सुचारू रूप से चलाने को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच सहमति नहीं बन सकी। विपक्ष ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के साथ-साथ अयोध्या में चढ़ावे की कथित चोरी के मुद्दे पर भी चर्चा की मांग रखी है। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया कि छात्रों के प्रदर्शन से जुड़े मुद्दे पर चर्चा कराई जा सकती है, लेकिन मौजूदा समय में सदन के पास सीमित कार्यदिवस बचे हैं और कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करना जरूरी है। सरकार का जोर लंबित विधायी कामकाज पूरा करने पर है।

सोमवार को भी इस मुद्दे पर संसद के भीतर-बाहर किया गया प्रदर्शन

राहुल-खड़गे ने मानसून सत्र खत्म होने से पहले रखीं 3 बड़ी मांगे



गोलीबारी का आदेश किसने दिया, यह बताएं शाह : राहुल

कांग्रेस नेता व एलओपी राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेसवार्ता लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह पर कई गंभीर आरोप लगाए। शाह के संसद में जवाब देने को राजी होने वाली बात को खारिज करते हुए राहुल ने कहा, विपक्ष की मांग संसद में उनके किसी सामान्य भाषण की नहीं, बल्कि दिल्ली में छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई पर स्पष्ट जवाब की है। विपक्ष जानना चाहता है कि दिल्ली में छात्रों पर कथित तौर पर पैलेट गन चलाने और कील लगी लाठियों से मारने का आदेश किसने दिया। राहुल ने कहा कि अगर शाह ने कार्रवाई का आदेश दिया था तो वह इसके लिए जिम्मेदार हैं और अगर उन्हें इस कार्रवाई की जानकारी ही नहीं थी तथा गृह मंत्रालय में किसी अन्य व्यक्ति ने आदेश दिया, तो यह उनकी अक्षमता को दर्शाता है।



राहुल गांधी की तीन बड़ी मांग

- छात्रों-युवाओं पर की गई बर्बरता पर अमित शाह जवाब दें
- मोदी सरकार बताए कि राम मंदिर का 'चढ़ावा' कहां गया?
- इस सबके लिए पीएम नरेंद्र मोदी को देश से माफी मांगनी चाहिए

संसद के बाहर भी हुआ प्रदर्शन

इसी मुद्दे पर संसद के भीतर बाहर भी हंगामा-प्रदर्शन हुआ। संसद में विपक्ष के नारेबाजी-हंगामा के चलते संसद की कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी सांसदों ने सोमवार को भी संसद के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान प्रियंका गांधी ने हाथ में पोस्टर लिया था, जिस पर शाह की लोकसभा में गैरहाजिरी की तारीखें दर्ज थीं।



अब 12 अगस्त को आएगा फैसला

नीट पेपर लीक मामला आरोपियों की बढ़ी हिरासत, टला फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सुनवाई कर रही फास्ट ट्रैक कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लेने पर फैसला फिलहाल टाल दिया है। 12 अगस्त को कोर्ट इसपर फैसला सुनाएगा। आरोपियों की न्यायिक हिरासत 12 अगस्त तक बढ़ाई गई है।

इससे पहले जब पहली बार मामले की सुनवाई होनी थी तो सरकारी वकील के उपस्थित ना होने से सुनवाई टाल दी गई थी। कोर्ट ने आरोपियों की न्यायिक हिरासत 12अगस्त तक बढ़ाई है। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूछताछ होगी। अब राऊज एवेन्यू कोर्ट 12 अगस्त को अपना फैसला सुनाएगा। सोमवार को मामले के सभी 13 आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। सीबीआई ने इस मामले में करीब 20 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। मामले की सुनवाई के दौरान राऊज एवेन्यू की विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आरोपी मांगीलाल बिवाल, दिनेश बिवाल और विकास बिवाल की लाई डिटेक्टर, ब्रेन मैपिंग और पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की मांग वाली अर्जी को भी खारिज कर दिया है।



13 लोग हैं आरोपी

बता दें कि जारी चार्जशीट में यश यादव, मांगीलाल बिवाल, दिनेश बिवाल, विकास बिवाल, शुभम खैरनार, धनंजय लोखंडे, प्रहलाद कुलकर्णी, तेजस हर्षद कुमार, डॉ. मनोज शिरुरे, शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर, मनीषा वाघमारे, मनीषा मंधारे और मनीषा संजय हवलदार का नाम शामिल है।

एनटीए के गोपनीय सेक्शन से निकाले गए सवाल

सीबीआई ने चार्जशीट में ऐसा दावा किया गया है कि तीन विषय विशेषज्ञों ने दिल्ली स्थित एनटीए कार्यालय के गोपनीय सेक्शन से नीट-यूजी परीक्षा के प्रश्न अलग-अलग तरीकों से बाहर निकाले. जांच एजेंसी के मुताबिक, विशेषज्ञों को गोपनीय सेक्शन से बाहर निकलते समय तलाशी नहीं लिए जाने का फायदा मिला. सीबीआई ने कहा है कि एनटीए के गोपनीय सेक्शन में विशेषज्ञों के प्रवेश और बाहर निकलने के दौरान तलाशी लेने की कोई निर्धारित व्यवस्था नहीं थी।

भाजपा को दिया झटका

तीन बागी टीएमसी सांसदों का भाजपा में जाने से इंकार



नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के तीन बागी मुस्लिम सांसद अबू ताहिर खान, खलीलुर रहमान और यूसुफ पठान ने कहा है कि वे भाजपा में शामिल नहीं होंगे और वे एनडीए का हिस्सा भी नहीं हैं। तीनों सांसदों के मुताबिक, वे भाजपा की राजनीति से सहमत नहीं हैं, लेकिन अपने क्षेत्रों के लोगों के हित में केंद्र और राज्य सरकार के साथ काम करेंगे। ये तीनों उन 20 बागी टीएमसी सांसदों में शामिल हैं, जिन्होंने बंगाल विधानसभा चुनाव के कुछ हफ्तों बाद ममता बनर्जी की पार्टी से अलग होकर नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में विलय किया था। इसके बाद एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की थी। हालांकि, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने अभी तक उन्हें औपचारिक रूप से एनसीपीआई सांसद के तौर पर मान्यता नहीं दी है।

भाजपा से नजदीकी की थीं अटकलें

पीएम मोदी ने 7 जुलाई को अपने आवास पर एनडीए के सांसदों के लिए ब्रेकफास्ट मीटिंग आयोजित की थी। इस दौरान एनसीपीआई में शामिल हुए टीएमसी के बागी सांसद और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय करने वाले शिवसेना (यूबीटी) के सांसद भी मौजूद थे। ब्रेकफास्ट मीटिंग में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के साथ टीएमसी के बागी सांसद खलीलुर रहमान, यूसुफ पठान और अबू ताहिर खान भी मौजूद थे। इसके बाद उनके भाजपा और एनडीए के करीब जाने की अटकलें तेज हो गई थीं। लेकिन अबू ताहिर और खलीलुर रहमान ने साफ कहा- नहीं, हम भाजपा में शामिल नहीं हो रहे हैं। हम एनसीपीआई के साथ रहेंगे।

बेरोजगारी दूर करें केंद्र व राज्य सरकारें : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को केंद्र और राज्य सरकारों से खाली सरकारी पदों पर भर्ती शुरू करने तथा बेरोजगारी, महंगाई एवं गरीबों और कामकाजी लोगों को प्रभावित करने वाले अन्य मुद्दों से निपटने के लिए असरदार कदम उठाने की अपील की।

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि उत्तर प्रदेश में बसपा की पिछली सरकार ने पुलिस और पंचायती राज विभागों में लगभग दो लाख 25 हजार नये सरकारी पद सृजित किये थे और भर्ती पर लगी रोक हटा दी थी, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों के कई लाख लोगों को नौकरी मिली थी। मायावती चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं।

जेन जेड प्रोटेस्ट पर की थी अभद्र-अश्लील टिप्पणी

मोहनदास आखिरकार गिरफ्तार आरएसएस ने पल्ला झाड़ा

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम/कोच्चि

जंतर-मंतर पर जेन जेड प्रोटेस्ट पर यूट्यूब में अभद्र और आशोभनीय टिप्पणी करने को लेकर केरल के कोच्चि में दक्षिणपंथी राजनीतिक विश्लेषक टीजी मोहन दास को केरल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, बाद में उन्हें जमानत भी मिल गई है। मोहनदास ने यह टिप्पणी एक यूट्यूब वीडियो में की थी। टीजी मोहनदास के खिलाफ पुलिस एक्शन के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के दक्षिण केरलम प्रांत सह कार्यवाह केबी श्रीकुमार ने कहा है कि हाल के प्रोटेस्ट पर टीजी मोहनदास की टिप्पणियां उनके निजी विचार हैं। वह किसी भी लेवल पर आरएसएस के अधिकारी नहीं हैं। आरएसएस उनके विचारों से सहमत नहीं है, और ऐसे विचारों की पूरी तरह से निंदा की जानी चाहिए। मोहनदास की सफाई है कि उनके द्वारा कही गई बातें केवल काल्पनिक और व्यंग्यात्मक थीं। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि उनके द्वारा मलयालम में दिए गए बयान का सही संदर्भ अनुवाद के दौरान खो गया, जिसके कारण यह गलत अर्थों में फैला।



यह की थी टिप्पणी

दक्षिणपंथी राजनीतिक विश्लेषक मोहनदास ने जंतर-मंतर प्रोटेस्ट पर कहा था, अगर मेरे पास अधिकार होता, तो मैं जंतर-मंतर के 4 किलोमीटर के दायरे में कर्फ्यू लगा देता और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर होने के लिए कहता। यदि वे नहीं मानते, तो मैं पुलिस को सीधे गोली चलाने का आदेश दे देता।

यह कहा था महिला प्रदर्शकारियों पर

मोहनदास पर आरोप है कि उन्होंने प्रदर्शन में शामिल वामपंथी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक पृष्ठभूमि की महिलाओं और छात्राओं को लेकर बेहद घटिया टिप्पणी की। उन्होंने कथित तौर पर दावा किया कि इस प्रदर्शन से सामूहिक बलात्कार की घटनाएं हो सकती हैं, लेकिन कोई शिकायत नहीं होगी क्योंकि प्रदर्शन में शामिल लोग और कुछ लड़कियां बलात्कार को पसंद करती हैं और इसका आनंद लेती हैं।

फिर नहीं मिलेगा एलपीजी सिलेंडर! यदि नहीं किया है तो फटाफट करें ये काम

ऑयल कंपनियों द्वारा मोबाइल नंबर पर भेजा जा रहा एलर्ट

एलपीजी ई-केवायसी के लिए अब सिर्फ 6 दिन बाकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्या आपने एलपीजी सिलेंडर की ई-केवाईसी (एलपीजी ई-केवायसी) कर ली है। अगर नहीं, तो फिर आपका इंडेन, एचपी या फिर भारत गैस कनेक्शन सस्पेंड किया जा सकता है। गैस प्रोवाइडर कंपनियां लगातार अपने ग्राहकों को एसएमएस या सोशल मीडिया के माध्यम से अलर्ट कर रही हैं कि 16 अगस्त तक एलपीजी सिलेंडर से जुड़े इस काम को हर हाल में पूरा कर लें। अगर तय की गई लास्ट डेट तक ये ये काम नहीं किया जाता, तो फिर एलपीजी सिलेंडर मिलने में दिक्कत पेश आ सकती है। इस काम को आसानी से घर बैठे भी पूरा किया जा सकता है और इसमें महज कुछ मिनटों का समय लगता है।

- ऐप के माध्यम से ये प्रोसेस पूरा कर सकते हैं या फिर अपने एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर के पास जाकर या सिलेंडर डिलीवरी कर्मी के जरिए करा सकते हैं ई-केवाईसी



घरेलू सिलेंडर के दाम

- दिल्ली : 942 रुपए
- कोलकाता : 968 रुपए
- मुंबई 941.50 रुपए
- चेन्नई 957 .50 रुपए

16 अगस्त की डेडलाइन मत भूलें

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की ओर से एलपीजी ग्राहकों को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक मैसेज भेजा जा रहा है, जिसमें एलपीजी ई-केवायसी प्रोसेस पूरा करने के लिए अलर्ट किया जा रहा है। इसके अलावा एक्स पर पोस्ट के जरिए भी कंपनियां इस काम को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील कर रही हैं। कंपनियां सलाह के साथ ही इनमें वार्निंग भी दी जा रही है कि 16 अगस्त की तय डेडलाइन के बाद एलपीजी पाने में दिक्कत हो सकती है। यानी साफ है कि आपके पास सिर्फ छह दिनों का समय है, परेशानी से बचने के लिए लास्ट डेट का इंतजार किए बगैर इस काम को तत्काल निपटा लें।

अभी कितने हैं घरेलू सिलेंडर के दाम?

14 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों के बारे में बात करें, तो दिल्ली में एक सिलेंडर की कीमत 942 रुपये, कोलकाता में 968, मुंबई में 941.50, चेन्नई में 957.50 रुपये है। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के करोड़ों लाभार्थियों को हर साल चार एलपीजी सिलेंडर की रिफिल पर 300 रुपये का डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) दिया जा रहा है। यानी दिल्ली में 942 रुपये वाला गैस सिलेंडर छूट के साथ उन्हें महज 642 रुपये में मिलता है।

घर बैठे कर सकते हैं काम पूरा

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी-ईकेवायसी को लेकर सिर्फ अलर्ट ही नहीं किया है, बल्कि यूजर्स को घर बैठे इस काम को आसानी से पूरा करने का तरीका भी बताया है। इंडियन ऑयल ग्राहकों के लिए बात करें, तो वे इंडियनऑयल वन ऐप के माध्यम से ये प्रोसेस पूरा कर सकते हैं। या फिर अपने एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर के पास जाकर या सिलेंडर डिलीवरी कर्मी के जरिए ई-केवाईसी करा सकते हैं।

रूस के निजनेकाम्स्क शहर को बनाया निशाना


यूक्रेन ने किया बड़ा ड्रोन अटैक, 13 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| कीव

रूस के निजनेकाम्स्क शहर में यूक्रेन की ओर से सोमवार को किए गए ड्रोन हमले में 13 लोगों की मौत हो गई और 48 अन्य घायल हो गए। तातारस्तान क्षेत्र के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि यूक्रेनी ड्रोन ने किस चीज को निशाना बनाया, लेकिन यह शहर रूस का एक अहम तेल शोधन केंद्र है, जहां दो बड़ी रिफाइनरी और एक पेट्रोकेमिकल संयंत्र मौजूद हैं। यूक्रेन ने हाल के महीनों में लगभग रोज ही लंबी दूरी के ड्रोन के जरिये रूस के तेल प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। इन हमलों से रूस में ईंधन की कमी की स्थिति पैदा हुई है, तेल शोधन क्षमता प्रभावित हुई है और आम जनता में चिंता बढ़ी है।

यहां है निजनेकाम्स्क

निजनेकाम्स्क यूक्रेन की सीमा से करीब 1,200 किलोमीटर पूर्व में स्थित है और इसकी आबादी लगभग 2.40 लाख है। जेलेंस्की ने रविवार देर रात एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'हम पूरी तरह से उचित जवाब दे रहे हैं और रूस के हर हमले का जवाब दिया जाएगा। रूस के युद्ध का असर अब अपने ही घर यानी रूस में अधिक से अधिक महसूस किया जाएगा।'



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

चांदी की राखियों के दाम सौ और सोने के 50 फीसदी बढ़े

रक्षा बंधन के लिए राखियों का बाजार राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में सजने लगा है। एक तरफ जहां निम्न और मध्य वर्ग कम कीमत वाली सामान्य राखियों की खरीदारी करता है, वहीं उच्च वर्ग में सोने और चांदी की राखियों का ज्यादा क्रेज है।

सोने-चांदी की राखियों का कारोबार दस करोड़ का, इस बार भी भाइयों की कलाइयों पर सजेंगी, पर मिलेंगी महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

प्रदेश में हर साल सोने और चांदियों की राखियों का बड़ा कारोबार होता है। बीते साल यहां करीब 10 करोड़ का कारोबार हुआ था। इस बार चांदी और सोने के दाम बढ़ने के कारण चांदी की राखियों के दाम ⏭शेष पेज 7 पर



सोने की नवरत्न राखी पांच लाख की

जहां तक सोने की राखियों का सवाल है, तो इसकी शुरुआती कीमत 15 हजार रहती है। इसके बाद एक लाख और इससे ज्यादा कीमत की भी राखियां आती हैं। सोने के वजन के मुताबिक कीमत तय होती है। बीते साल सोने के दाम करीब एक लाख थे, लेकिन इस बार दाम डेढ़ लाख से ज्यादा है तो राखियों के दाम भी 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। डायमंड वाली राखियों के दाम ढाई से तीन लाख तक हैं। नवरत्न वाली राखियों के दाम पांच लाख और इससे ज्यादा हैं। इसकी डिमांड कम रहती है। ऐसी राखियां आर्डर पर ही मंगाई जाती हैं।

गुजरात-महाराष्ट्र से आती हैं

सोने और चांदी की राखियां अपने प्रदेश में नहीं बनती हैं। ये ज्यादातर राजकोट और सूरत गुजरात से आती हैं। इसी के साथ मुंबई से भी सोने और चांदी की राखियां बनकर आती हैं। सोने और चांदी की राखियां सबसे ज्यादा राजकोट में बनती हैं। यहीं से पूरे देश में इसको भेजा जाता है। प्रदेश में भी राजकोट से ज्यादातर सोने और चांदी की राखियों सराफा के थोक कारोबारियों के यहां आती हैं, यहां से चिल्हर कारोबारी लेकर जाते हैं। छत्तीसगढ़ से ही ओडिशा और विदर्भ के भी चिल्हर कारोबारी सोने और चांदी की राखियां लेकर जाते हैं।

बीते साल से दाम ज्यादा

बीते साल से इस साल सोने और चांदी की राखियों के दाम ज्यादा हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि इस साल सोने और चांदी की कीमत ज्यादा हो गई है। कारोबारियों का कहना है कि वैसे सोने और चांदी की राखियों में वजन का ज्यादा महत्व नहीं रहता है, लेकिन जो ग्राहक अपने हिसाब से ज्यादा वजन वाली राखी चाहेंगे तो उनको बीते साल से कीमत ज्यादा ⏭शेष पेज 5 पर

दस करोड़ का कारोबार संभव

अपने राज्य में सोने और चांदी की राखियों का बड़ा कारोबार होता है। इस बार भी बीते साल जितना करीब दस करोड़ का कारोबार होने की संभावना है।

- लक्ष्मी नारायण लाहोटी, सराफा कारोबारी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना

हरिभूमि सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026 का मास्टर कूपन कल के अंक में देखें।

भर्ती परीक्षा विवाद पर बवाल, विधानसभा के पास युवाओं पर बरसीं लाठियां, छोड़े आंसू गैस



झारखंड के रांची में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में धांधली के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हजारों छात्र बैरिकेडिंग तोड़ विधानसभा गेट के पास पहुंच गए। छात्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें गेट से हटाने की कोशिश की, लेकिन नहीं हटे तो लाठीचार्ज कर खदेड़ा। वाटर केनन चलाया और आंसू गैस छोड़े। कुछ छात्रों के सिर पर चोटें आई हैं। इधर, राहुल गांधी ने छात्रों पर बल प्रयोग न करने की अपील की है।

आज झारखंड बंद का ऐलान

एजेंसी ⏭ रांची

भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने सोमवार को मार्च के दौरान कई अवरोधक तोड़ दिए। झारखंड विधानसभा के पास पहुंच गए, जिसके बाद पुलिस ने पानी की बौछार की, आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। इधर, विधानसभा की कार्यवाही दोपहर के समय दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। प्रदर्शनकारियों के अंतिम अवरोधक के पास पहुंचने पर पुलिस ने कार्रवाई की। यह अवरोधक विधानसभा की ओर जाने वाली सड़क पर जगन्नाथपुर मंदिर के पास लगाया गया था। कई प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस कार्रवाई में वे घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारी पीयूष कुमार सोनी ने कहा, लाठीचार्ज बर्बर था।

आंदोलन के 17वें दिन विधानसभा मार्च

भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर आंदोलन के 17वें दिन सुबह करीब साढ़े 10 बजे पुराने विधानसभा भवन के बाहर से मार्च शुरू हुआ। यह मार्च मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 51वें जन्मदिन के दिन निकाला गया।

पानी की बौछार का इस्तेमाल निंदनीय

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने लाठीचार्ज तथा पानी की बौछार और आंसू गैस के इस्तेमाल की निंदा की। शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा की ओर मार्च कर रहे छात्रों का सामना संवाद और समाधान के बजाय पुलिस बल से हुआ।

क्यों हो रहा प्रदर्शन

प्रदर्शनकारियों का दावा है कि सरकार उन 13 परीक्षाओं में से केवल तीन को रद्द करने पर सहमत हुई है, जिन्हें वे रद्द करने की मांग कर रहे हैं। आंदोलनकारी झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में व्यापक सुधार की मांग कर रहे हैं।



प्रदर्शनकारी अवरोधक तोड़कर विधानसभा के पास धरने पर बैठे

झारखंड विधानसभा घेरने पहुंचे प्रदर्शनकारी, पुलिस की कार्रवाई में कई घायल

लोकतंत्र के लिए काला दिन

भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष शशांक राज ने कहा, आज लोकतंत्र के लिए काला दिन है क्योंकि पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसाईं। कई आंदोलनकारी घायल हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से छात्रों की मांगों के प्रति 'असंवेदनशील' नहीं होने का आग्रह किया। इस मुद्दे को लेकर नौ दिन से अनशन कर रहे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के नेता देवेंद्र नाथ महतो एंबुलेंस से मार्च में शामिल हुए। उनके हाथ में पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शिबू सोरेन का चित्र था।

छात्रों को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार-राहुल

राहुल गांधी ने सोमवार को रांची में विधानसभा मार्च के दौरान छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। नेता प्रतिपक्ष ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा- झारखंड में विरोध-प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ बल का इस्तेमाल गलत है। छात्रों को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है और बातचीत से ही समाधान निकल सकता है। झारखंड सरकार को इन छात्रों की बात सुननी चाहिए और हर समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए। इससे पहले भी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में अनशन पर बैठे छात्रों से भी मोबाइल फोन पर बात की थी और उन्हें समर्थन और सहयोग करने का आश्वासन दिया था।



बचाव पक्ष की सुनवाई

झीरम मामले में आज फिर होगी एनआईए कोर्ट में बहस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

झीरम घाटी नक्सल हमला मामले में अंतिम बहस जारी है। सोमवार को अभियोजन ने अपना पक्ष रखा लेकिन न्यायालयीन समय पूर्ण होने पर सुनवाई कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। अब मंगलवार को पुनः मामले में सुनवाई होगी। बहुचर्चित झीरम घाटी नक्सली हमला मामले की सुनवाई अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है। लबें समय से न्यायालय में चल रहे इस प्रकरण में आगामी 10 अगस्त को अंतिम बहस निर्धारित की गई थी लेकिन न्यायालयीन समय पूर्ण होने पर सुनवाई कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सोमवार को अभियोजन ने अपना पक्ष रखा पांच बजे तक चली सुनवाई के बाद अब मंगलवार को पुनः मामले में सुनवाई होगी और बचाव पक्ष अपना पक्ष रखेगा। यह देखना महत्वपूर्ण ⏭शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप

अभियोजन ने रखा अपना पक्ष

सोमवार को अंतिम बहस के दौरान अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष अपने तर्क प्रस्तुत किए। इसके बाद न्यायालयीन समय समाप्त हो गया जिसके चलते सुनवाई को अगले दिन तक के लिए स्थगित कर दिया गया। कल बचाव पक्ष की ओर से अंतिम दलीलें रखी जाएंगी। इसके बाद अदालत मामले में आगे की न्यायिक प्रक्रिया तय कर सकती है।

फैसले पर टिकी सभी की नजरें

झीरम घाटी हमला प्रदेश व देश के सबसे चर्चित और संवेदनशील नक्सली हमलों में शामिल है। मामले की अंतिम सुनवाई को लेकर शहीदों के परिजनों और मामले से जुड़े प्रदेश भर के लोगों की नजरें अदालत की कार्यवाही पर टिकी हुई हैं।

खबर संक्षेप

यूजीसी-नेट की अनंतिम उत्तर कुंजी इसी हफ्ते

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सोमवार को कहा कि वह यूजीसी-नेट जून 2026 परीक्षा की अनंतिम उत्तर कुंजी इस सप्ताह अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करेगी। एनटीए सीएसआईआर-नेट और आईसीएआर एआईईईए (पीजी) तथा एआईसीई (पीएचडी) 2026 परीक्षाओं की उत्तर कुंजी भी जारी करेगी।



कोलंबिया में भूकंप से तबाही, 111 की मौत

बोगोटा। कोलंबिया में शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 7.4 थी और इसका केंद्र 115 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके राजधानी बोगोटा समेत कई इलाकों में महसूस किए गए। जिसके झटके पड़ोसी देश इक्वाडोर तक महसूस किए गए। वैज्ञानिकों के मुताबिक भूकंप का केंद्र चोको का ग्रामीण क्षेत्र रहा।

बब्बर खालसा के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने आईएसआई प्रायोजित बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर उसके एक प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक हथगोला बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी ने विदेश में बैठे आकाओं के निर्देश पर जालंधर से कथित तौर पर हथगोला हासिल किया था।



उड़ान में देरी से नाराज यात्रियों ने किया हंगामा

कन्नूर। केरल के कन्नूर से तिरुवनंतपुरम जाने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान का समय बदले जाने और दुबई के लिए एयरलाइन की एक उड़ान को रद्द किए जाने के बाद यात्रियों ने सोमवार सुबह यहां हवाई अड्डे पर प्रदर्शन और हंगामा किया। टीवी चैनलों पर दिखाए गए दृश्यों में, हवाई अड्डे पर नाराज यात्री एयरलाइन कर्मचारियों पर चिल्लाते हुए और उन पर उड़ान में देरी या उसे रद्द किए जाने के बारे में पहले से जानकारी नहीं देने का आरोप लगाते नजर आए।

नए कानून से कोर्ट में मान्य होंगे डिजिटल-इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड

राज्यसभा में बैंककार बही साक्ष्य विधेयक, 2026 पारित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा के बाद राज्यसभा ने सोमवार को 'बैंककार बही साक्ष्य विधेयक, 2026' को मंजूरी दे दी, जिसका उद्देश्य अदालतों में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग रिकॉर्ड को साक्ष्य के रूप में स्वीकार करने की प्रक्रिया को आधुनिक तथा स्पष्ट बनाना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि बैंकों के बही साक्ष्य संबंधी प्रस्तावित कानून के लागू होने के बाद बैंकों के लेनदेन संबंधी डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड की प्रमाणित प्रति अदालत में मान्य हो सकेगी। उच्च सदन में 'बैंककार बही साक्ष्य विधेयक, 2026' पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में कारोबार की सुविधा के लिए कई औपनिवेशिक कानूनों को हटाया गया।

'बैंककार बही' की परिभाषा का बढ़ा दायरा

प्रस्तावित कानून में 'बैंककार बही' की परिभाषा का दायरा बढ़ाकर डिजिटल, क्लाउड-आधारित और अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को भी शामिल किया गया है। विधेयक में अदालतों के समक्ष डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग रिकॉर्ड को साक्ष्य के रूप में पेश करने तथा उनके प्रमाणन के लिए स्पष्ट और एकसमान नियम निर्धारित करने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, बैंक अधिकारियों को बिना ठोस आधार के बार-बार अदालतों में तलब किए जाने से बचाने के लिए 'विशेष कारण' (स्पेशल कॉज) परीक्षण का प्रावधान भी किया गया है।

बैंकों ने बट्टे खाते में डाले 10 लाख करोड़ के कर्ज

सरकार ने सोमवार को संसद को बताया कि बैंकों ने पिछले 12 वित्त वर्षों में बड़े कॉरपोरेट और सेवा क्षेत्र की कंपनियों को दिए गए 9,95,000 करोड़ रुपए के ऋण बट्टे खाते में डाल दिए हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 2018-19 में बट्टे खाते में डाली गई ऋण राशि 1,48,753 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी, जो 2025-26 में घटकर 20,485 करोड़ रुपये रह गई। बड़े उद्योगों और सेवाओं पर बकाया ऋण पर भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह वित्त वर्ष 2025 के 63,19,057 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में 69,21,734 करोड़ रुपये हो गया है।

राजधानी में अब तक 12 बांग्लादेशी नागरिक डिपोर्ट किए जा चुके

दो बांग्लादेशी रायपुर में कबाड़ी और मैकेनिक का कर रहे थे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

संजय नगर में निवासरत दो बांग्लादेशी नागरिकों को टिकरापारा पुलिस ने डिटेन कर उन्हें डिटेंशन सेंटर भेजा है। बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान दोनों पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे। पुलिस गिरफ्त में आए दोनों बांग्लादेशी फर्जी पासपोर्ट, आधारकार्ड के आधार पर कई बार बांग्लादेश से आवाजाही कर चुके हैं। पकड़े जाने पर दोनों ने खुद के बांग्लादेशी नागरिक होने की बात कबूली है। पुलिस ने जमाल करीम तथा ⏭शेष पेज 7 पर



विदेशी नागरिकों की तीन एडीसीपी कर रहे निगरानी

पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन नार्थ, वेस्ट तथा सेंट्रल के एडीसीपी को यहां रहने वाले विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें डिपोर्ट करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह से रायपुर ग्रामीण एएएसपी को अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर डिटेन कर डिपोर्ट करने की जिम्मेदारी दी गई है।

नहीं पकड़े जाने का था यकीन

शेख रेहान को अपने बांग्लादेशी के साथ भारतीय नागरिक होने की बात पर यकीन था। माता-पिता के बांग्लादेश भाग जाने के बाद रेहान को लग रहा था कि वह अब पकड़ा नहीं जाएगा। इसलिए वह बड़े आराम के साथ रायपुर में रह रहा था। बताया जा रहा है, पुलिस पिछले दिनों ⏭शेष पेज 7 पर

पुलिस ने शुरू की जांच

गांगुली, उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें पिछले कुछ महीनों में कई धमकी भरे पत्र मिले हैं, जिनमें से एक पत्र में उन्हें और उनकी पत्नी डोना गांगुली को जान से मारने की चेतावनी दी गई है। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि ये पत्र किसने भेजे थे।



पत्रों की सामग्री की कर रहे समीक्षा

पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ता पत्रों की सामग्री की समीक्षा कर रहे हैं। भेजने वाले की पहचान तथा उसके मकसद का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि ये पत्र कथित तौर पर उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया के एक व्यक्ति द्वारा कूरियर सेवा के जरिए भेजे गए हैं।

ऐसा पहली बार...80वें स्वतंत्रता दिवस पर नई व्यवस्था

लाल किले की प्राचीर से गाया जाएगा 'वंदे मातरम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत 15 अगस्त को अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी लाल किले पर हर साल की तरह ध्वजारोहण करेंगे। उसके बाद लाल किले की प्राचीर से देश का संबोधित करेंगे।

इस साल स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पहली बार लाल किले की प्राचीर से 'वंदे मातरम' गाया जाएगा। गौरतलब है कि यह मौका 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने का भी प्रतीक होगा।

'वंदे मातरम' को शामिल करने का ऐतिहासिक महत्व

दरअसल, लाल किले के समारोह में 'वंदे मातरम' को शामिल करने का ऐतिहासिक महत्व है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बन गया था और इसने ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन के दौरान भारतीयों की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया।



बड़ा ध्वज लेकर उड़ेगा हेलीकॉप्टर

स्वतंत्रता दिवस के दिन समारोह के दौरान भारतीय वायु सेना का एक हेलीकॉप्टर एक बड़ा ध्वज भी लेकर उड़ने वाला है, जो वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने को दर्शाएगा।

स्वतंत्रता दिवस से पहले अलर्ट पर पुलिस

आपको बता दें कि स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले लाल किले और आसपास के इलाकों में कई स्तरीय चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस भीड़ में संदिग्ध और वांछित लोगों की पहचान करने के लिए 'अभिज्ञान' ऐप और 'फेशियल रिकग्निशन सिस्टम' (एफआरएस) जैसी उन्नत तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए 20,000 से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जा रही है।

13 नर्सों का आरोप- सैलरी आते ही खाते से प्लेसमेंट एजेंसी निकाल लेती है आधी राशि, होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में सुनवाई, कर्मचारियों के पास उनके बैंक पासबुक, चेकबुक तथा एटीएम

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में ईएसआईसी हॉस्पिटल में कार्यरत 13 नर्सों ने आरोप लगाते हुए शिकायत की है कि हर महीने उनकी सैलरी की राशि खाते में आते ही प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा सैलरी की आधी रकम आहरित कर ली जाती है। नर्सों ने शिकायत में यह भी बताया है कि एजेंसी के कर्मचारियों के पास उनके बैंक खाते की पासबुक, चेकबुक तथा एटीएम है। इसके जरिए उनकी आधी सैलरी निकाली जा रही है।

महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू, सदस्य सरला कोसरिया, ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी ने सोमवार को महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक प्रकरण राजधानी रायपुर के भनपुरी क्षेत्र में संचालित ईएसआईसी हॉस्पिटल में कार्यरत नर्सों का आया है। इस हास्पिटल में कार्यरत 13 नर्सों ने आयोग में शिकायत की है कि प्लेसमेंट एजेंसी अनुग्रह प्रो. विजार्ड बिजनेस सॉल्यूशन के कर्मचारियों द्वारा हर महीने उनके बैंक खाते में आ रही सैलरी की आधी राशि आहरण की जा रही है। सभी नर्सों ने आयोग को सुनवाई के दौरान जानकारी दी कि एजेंसी के माध्यम से ही सभी की हास्पिटल में नियुक्ति हुई है। नियुक्ति में प्रतिमाह 40 से 48 हजार रुपए सैलरी निर्धारित है, लेकिन जैसे ही सैलरी उनके बैंक खाते में आती है, उसमें से आधी राशि एजेंसी के मालिक, ठेकेदार और कर्मचारियों द्वारा आहरित कर ली जा रही है।

हॉस्पिटल-बैंक की मिलीभगत

नर्सों ने बताया कि उन सभी के डीडीनगर स्थित यूको बैंक में खाते खुलवाए गए हैं। हॉस्पिटल से मिलने वाली सैलरी भी इसी बैंक खाते में आती है, लेकिन जब खाते खुलवाए गए थे, उनकी पासबुक, एटीएम एवं चेकबुक को एजेंसी ने अपने पास रख लिया। नर्सों ने आरोप लगाया है कि एजेंसी के मालिक-ठेकेदार के साथ हॉस्पिटल एवं बैंक के अधिकारी भी मिले हुए हैं, जिससे उनके खाते से आधी सैलरी का आहरण कर लिया जा रहा है।



अनावेदक नहीं पहुंचे सुनवाई में, एफआईआर के निर्देश

इस मामले में अब तक जितनी सुनवाई हुई है, उसमें अनावेदकों में से कोई भी नहीं पहुंचा है। आयोग ने इसे देखते हुए सभी नर्सों को अनावेदकों के विरुद्ध एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने आश्वासन दिया हे कि एफआईआर कराने में उनकी मदद की जाएगी।

खबर संक्षेप

मोबाइल रिचार्ज के झांसे में गंवा दिए 95 हजार

डोंगरगढ़। ऑनलाइन रिचार्ज के नाम पर एक युवक के बैंक खाते से 95 हजार निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वार्ड 9 निवासी मनोज इड्डकर के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने मोबाइल एप के माध्यम से महज 100 रुपए में रिचार्ज कराने का आकर्षक ऑफर दिया। उसकी बातों में आकर मनोज ने फोन करने वाले के बताए अनुसार मोबाइल एप से 100 रुपए का रिचार्ज किया। रिचार्ज के कुछ समय बाद अनजान मोबाइल नंबर से दोबारा फोन आया। संदेह होने पर जब पीड़ति ने अपना बैंक खाता चेक किया, तब तक खाते से 95 हजार ट्रांसफर हो चुके थे। इसके बाद पीड़ति ने तत्काल बैंक की हेल्पलाइन से संपर्क कर यूपीआई सहित अन्य माध्यमों को बंद कराया। पीड़ति ने थाना पहुंचकर भी मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा पीड़ति के बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और डिजिटल ट्रांजेक्शन डिटेल्स के आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

ईपीएफओ की 13 रिट अपील खारिज सिंगल बेंच का आदेश रखा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

डिवीजन बेंच ने उच्च पेंशन से जुड़े मामलों में की सुनवाई

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने उच्च पेंशन से जुड़े 13 मामलों में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की अपीलें खारिज कर दी हैं। कोर्ट ने कहा कि ईपीएफओ ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद खुद संयुक्त विकल्प मंगाकर कर्मचारियों की पात्रता जांची, अतिरिक्त अंशदान स्वीकार किया और संशोधित पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी कर उच्च पेंशन मंजूर की। बाद में केवल कानून की अलग व्याख्या के आधार पर इस स्वीकृत लाभ को वापस नहीं लिया जा सकता।

मामले छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों सहित अन्य संस्थानों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़े हैं। ये कर्मचारी कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के सदस्य थे। सुप्रीम कोर्ट के आरसी गुप्ता फैसले और ईपीएफओ के 23 मार्च 2017 के सर्कुलर के बाद उन्होंने वास्तविक वेतन के आधार पर उच्च पेंशन का विकल्प दिया और अतिरिक्त अंशदान जमा किया। ईपीएफओ ने जांच के बाद उच्च पेंशन मंजूर कर संशोधित पीपीओ जारी किए और लंबे समय तक बढ़ी हुई पेंशन का भुगतान किया।

बाद में फरवरी 2022 से उच्च पेंशन बंद कर मूल पेंशन बहाल कर दी गई। कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। सिंगल बेंच ने उनके पक्ष में फैसला देते हुए उच्च पेंशन बहाल करने और बकाया राशि 90 दिन में जारी करने का निर्देश दिया था।

डिवीजन बेंच ने कहा कि नवंबर 2022 के सुनील कुमार बी. फैसले में उन कर्मचारियों को उच्च पेंशन से बाहर रखा गया था, जिन्होंने 1 सितंबर 2014 से पहले निर्धारित विकल्प नहीं दिया था। मौजूदा मामलों में ईपीएफओ ने स्वयं 2017 में विकल्प आमंत्रित कर उन्हें स्वीकार किया, अतिरिक्त अंशदान लिया और संशोधित पीपीओ जारी किए थे। कोर्ट ने कहा कि कर्मचारियों को कोई लाभ धोखाधड़ी, गलत जानकारी या तथ्य छिपाने के कारण नहीं मिला था। उन्होंने ईपीएफओ के निर्देश पर अतिरिक्त राशि जमा की थी। इसलिए बाद की कानूनी व्याख्या के आधार पर स्वीकृत लाभ वापस लेना उचित नहीं है। डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार करते हुए सभी 13 अपीलें खारिज कर दीं।



मिली अतिरिक्त राशि की वसूली तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मियों से नहीं की जा सकती

हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि गलत वेतन निर्धारण के कारण कर्मचारी को मिली अतिरिक्त राशि की वसूली तृतीय और चतुर्था श्रेणी के कर्मचारियों से नहीं की जा सकती, भले ही कर्मचारी ने राशि वापस करने के लिए सहमति पत्र या शपथपत्र दिया हो। जस्टिस बिभु दत्ता गुरु ने रिटायर उप निरीक्षक द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता ने वेतन के गलत निर्धारण के कारण अधिक भुगतान बताकर उससे वसूली गई 6,26,104 रुपए की राशि वापस करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि अतिरिक्त भुगतान उसकी किसी धोखाधड़ी, गलत जानकारी देने या तथ्य छिपाने के कारण नहीं हुआ। विभाग ने स्वयं गलत तरीके से वेतन निर्धारित किया।

गिरफ्तारी से जुड़े संवैधानिक सुरक्षा उपायों को दरकिनार नहीं किया जा सकता

हाईकोर्ट ने कहा है कि जांच एजेंसियां स्वैच्छिक सहयोग के नाम पर किसी व्यक्ति को अपनी हिरासत में रखकर गिरफ्तारी से जुड़े संवैधानिक सुरक्षा उपायों को दरकिनार नहीं कर सकतीं। अदालत ने स्पष्ट किया कि पुलिस के नियंत्रण में आने के बाद किसी नोटिस पर यह लिखवा लेना कि व्यक्ति स्वेच्छा से साथ जा रहा है, वास्तविक सहमति का प्रमाण नहीं माना जा सकता। चीफ़ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने साइबर फ्रॉड मामले में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता का आरोप था कि 28 जून 2026 को उसे हरियाणा के रोहतक स्थित घर से उठाकर पहले दिल्ली और फिर छत्तीसगढ़ ले जाया गया, लेकिन न तो उसे निकटतम मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और न ही ट्रांजिट रिमांड लिया गया। वहीं, राज्य सरकार का कहना था कि बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस दिए जाने के बाद वह स्वेच्छा से पुलिस के साथ गया था और 30 जून 2026 को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। हाईकोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता 28 जून से 30 जून तक लगातार पुलिस के नियंत्रण में रहा और कई राज्यों की यात्रा पुलिस की निगरानी में कराई गई। अदालत ने कहा कि संवैधानिक संरक्षण उसी समय लागू हो जाता है, जब किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता पर वास्तविक रूप से अंकुश लग जाता है, न कि केवल तब जब औपचारिक अरेस्ट मेमो तैयार किया जाए।

शिवमंदिर में घुसा भालू, प्रसाद खाकर जंगल की ओर लौटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर नगर के रामनगर मोहल्ले में सोमवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक भालू अचानक शिव मंदिर परिसर में घुस आया। भालू को मंदिर के अंदर देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए, हालांकि लोगों ने दूरी बनाए रखते हुए भालू को सुरक्षित बाहर निकलने का इंतजार किया।

वन विभाग ने लोगों से कहा- सतर्कता बरतें

बताया जा रहा है कि भालू मंदिर के अंदर रखे प्रसाद को खाने लगा। कुछ देर तक मंदिर परिसर में रहने के बाद वह प्रसाद खाकर स्वयं बाहर निकल गया और आसपास के क्षेत्र की ओर चला गया। घटना की जानकारी वन विभाग को भी दी गई। रामनगर मोहल्ले में भालू के पहुंचने की खबर फैलते ही लोगों में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर और आसपास के इलाकों में लगातार जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ रही है। ऐसे में वन विभाग को संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की जरूरत है।

मंदिर में भालू के घुसने की घटना के बाद लोगों को सतर्क रहने और अकेले सुनसान इलाकों में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

बस-ट्रक की जोरदार भिड़ंत एक दर्जन से अधिक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे-30 पर बोरगांव पुल के पास सोमवार दोपहर करीब 1:50 बजे रॉयल यात्री बस और ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, वहीं ट्रक चालक को भी चोटें आईं हैं। यात्री बस जगदलपुर की ओर जा रही थी।

- नेशनल हाईवे 30 पर बोरगांव पुल के पास हादसा

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। जबकि अन्य घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है।

आधा घंटा जाम रहा एनएच

टक्कर के बाद नेशनल-30 पर करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बस और ट्रक को सड़क किनारे हटाया गया।

ये हुए घायल

हादसे में जतिन कुमार शर्मा (31) रायपुर, तनुश्री नेताम (21) फरसगांव, सगनतीन पोयाम (43) फरसगांव, शिखा राय चौधरी (40) बोरगांव, रीना मेश्राम (45) राजनांदगांव, उमेश्वरी जांगड़े (40) केशकाल, मोनू राम कवाची (21) बासनवाही, अजित (41) तैरगा भाटापारा, आरती वर्मा (29) उडकड़ा रायपुर, मुस्कान शोरी (19) मिटीवाड़ा सुकमा, बस चालक शिवराज यादव (41) मौदी बालोद, बस हेल्पर महेश लेकाम (22) माटवाड़ा और ट्रक चालक राकेश कुमार मिश्रा (45) नागपुर घायल हुए हैं।

गहरे पानी में डूबने से युवक की मौत

बेमेतरा। जिले के बेरला क्षेत्र के ग्राम चंडी भाठा में रविवार शाम हादसा हो गया। गिट्टी खदान के गहरे पानी में डूबने से रायपुर निवासी हर्ष दास मानिकपुरी (21) की मौत हो गई। वह दोस्तों के साथ चंडी भाठा आया था। नहाने के दौरान वह खदान के गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। सोमवार सुबह पुलिस की रेस्क्यू टीम ने ग्रामीणों की मदद से युवक का शव पानी से बाहर निकाला।

जीवनसाथी एप पर शादी का झांसा देकर 1.67 लाख ठगे

खैरागढ़। जीवनसाथी एप के माध्यम से परिचय बढ़ाकर शादी का झांसा देने और व्यक्तिगत फोटो व जानकारी वायरल करने की धमकी देकर 1 लाख 67 हजार रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद न्यायिक रिमांड पर उपजेल सलोनी भेज दिया गया। जानकारी अनुसार पीड़िता ने जून 2026 में जीवनसाथी एप पर अपने नाम से आईडी बनाई थी। इसी दौरान उसकी पहचान आरोपी रोहित यादव से हुई। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। आरोप है कि आरोपी ने शादी करने की बात कहकर बहला फुसलाकर पीड़िता से व्यक्तिगत जानकारी और फोटो किया। बाद में इन्हें वायरल करने की धमकी देकर डराया और फोनपे के माध्यम से 1 लाख 67 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। 8 अगस्त को पीड़िता ने थाना छुईखदान थाना इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई।

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर कैंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का सेलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



7 डॉग्स 21 को होगी रिलीज सलमान-संजय आएंगे नजर

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और संजय दत्त 26 साल बाद फिर से एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। चल मेरे भाई और साजन जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके सलमान और संजय की आगामी फिल्म 7 डॉग्स है। 7 डॉग्स एक इंटरनेशनल फिल्म है, जिसमें सलमान खान और संजय दत्त भी अहम भूमिकाएं निभाने वाले हैं। मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म का टीजर भी आ गया है। यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में 21 अगस्त को आ रही है। आदिल अल अरबी और बिलाल फल्लाह के निर्देशन में बनी सऊदी अरब की एक्शन फिल्म 7 डॉग्स की कहानी एक इंटरपोल अधिकारी और एक अपराधी के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ मिलकर काम करते हैं।

लाइफ Style

नयनतारा

टॉक्सिक के लिए तोड़ा नो प्रमोशन रूल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय और चर्चित अभिनेत्रियों में नयनतारा आमतौर पर न तो ज्यादा इंटरव्यू देती हैं और न ही अपनी फिल्मों के प्रमोशनल इवेंट्स, ट्रेलर लॉन्च या प्री-रिलीज कार्यक्रमों में नजर आती हैं. यही वजह है कि जब भी वह किसी फिल्म के प्रमोशनल कार्यक्रम में पहुंचती हैं, तो यह चर्चा का विषय बन जाता है।

इस बार भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जब वह यश की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में पहुंचीं। अभिनेत्री ने खुद बताया कि उन्होंने इस इवेंट में शामिल होने के लिए अपने पुराने नियम में बदलाव क्यों किया। नयनतारा जल्द ही यश स्टारर फिल्म टॉक्सिकमें गंगा के किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान उन्होंने फिल्म को लेकर अपनी बात रखी। हालांकि, सबसे ज्यादा ध्यान उनकी उस बात ने खींचा, जिसमें उन्होंने प्रमोशनल इवेंट्स से दूरी बनाने की वजह बताई। नयनतारा ने कहा, 'मुझे प्रमोशनल इवेंट्स में शामिल होने में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन मैं इस तरह के कार्यक्रमों में अच्छी नहीं हूं। मुझे लगता है कि ऐसे कार्यक्रमों में मैं उस तरह से सहज नहीं हो पातीं, जिस तरह दूसरे कलाकार आसानी से अपनी बात रखते हैं। इसलिए मैं अक्सर प्रमोशनल इवेंट्स से दूर रहना ही पसंद करती हूं। मेरा इन कार्यक्रमों से दूर रहना किसी तरह की नाराजगी या अपनी फिल्मों के प्रति कम दिलचस्पी की वजह से नहीं है।' टॉक्सिक के मामले में नयनतारा ने बताया कि इस बार कार्यक्रम में शामिल होने के पीछे कई वजहें थीं, लेकिन सबसे बड़ी वजह यश थे।



हॉलीवुड मसाला



साई-फाई एक्शन में प्रियंका

की एंट्री

नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड की बड़ी स्टार बन चुकी हैं। बॉलीवुड में पहचान हासिल करने के बाद उन्होंने इंटरनेशनल फिल्मों में काम किया और आज के समय में 'देसी गर्ल' विदेशी फिल्मों में लीड रोल्स से सफलता का परचम लहरा रही हैं। वह एक के बाद एक हॉलीवुड फिल्में कर रही हैं, वो भी बतौर लीड। प्रियंका चोपड़ा की एक और फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। द ब्लफ और हेड्स ऑफ स्टेट के बाद प्रियंका ने अपकमिंग साई-फाई एक्शन थ्रिलर ब्लूफ्लाई साइन कर ली है।



सितंबर से पहले पूरी करेंगी राका की शूटिंग

मुंबई। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एक बिटिया दुआ के माता-पिता हैं। कपल के परिवार में एक बार फिर किलकाली गूंजने वाली है। 'दीपवीर' अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करेंगे। दीपिका आठ माह की गर्भवती हैं। अगले महीने उनके घर किलकारी गूंजेगी। इससे पहले वे 'राका' की शूटिंग पूरी कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण सितंबर में अपनी डिलीवरी से पहले-पहले 'राका' की शूटिंग पूरी करने वाली हैं। आठ महीने की प्रेग्नेंसी में भी दीपिका फिल्म की शूटिंग जारी रखे हुए हैं। खबर है कि जरूरत पड़ने पर वह देर रात तक काम कर रही हैं। फिल्मफेयर के मुताबिक, प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'दीपिका आठ माह के गर्भ से हैं। अगले महीने वे बच्चे को जन्म देंगी। इन दिनों दीपिका पादुकोण आठ माह की गर्भावस्था में भी 'राका' की शूटिंग कर रही हैं।



फिर साथ काम करेंगे जॉन और शिवम


मुंबई। फिल्म 'द डिप्लोमैट' के बाद जॉन अब्राहम एक बार फिर शिवम नायर की फिल्म में नजर आने वाले हैं। ऐसी चर्चा है कि दोनों ने आगामी प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों जिस एक्शन थ्रिलर फिल्म पर काम कर रहे हैं, उसका अभी कोई नाम नहीं रखा गया है। इसमें दो मेल लीड होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक जॉन की अगली फिल्म एक कमर्शियल एंटरटेनर होगी। इसे शिवम नायर के अब तक के सबसे मेनस्ट्रीम प्रोजेक्ट्स में से भी एक बताया जा रहा है। हालांकि, फिल्म की बाकी कास्ट और दूसरे हीरो को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। बॉलीवुड हंगामा के अनुसार, शुरुआती बातचीत के दौरान ही जॉन अब्राहम को यह प्रोजेक्ट पसंद आ गया। पोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक, 'जॉन इस कॉन्सेप्ट से बहुत प्रभावित हुए।



द ओडिसी ने तोड़ा नोलन की फिल्मों का रिकार्ड

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता और निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की हालिया रिलीज फिल्म 'द ओडिसी' को दर्शकों ने जमगकर प्यार दिया है। इतना कि यह फिल्म अब उनके कॅरियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यहां जानें फिल्म ने अब तक कितनी कमाई कर ली है। साथ ही पढ़ें कि इसने अब तक किन फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ा है? फिल्म ओडिसी ने अपनी रिलीज के पहले दिन से ही दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की थी। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने रविवार को फिल्म के कलेक्शन से जुड़ी जानकारी साझा की। मेकर्स ने बताया कि 'द ओडिसी' ने नोलन की पिछली फिल्मों के कलेक्शन का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। दुनियाभर में 10,515.99 करोड़ रुपए कमाकर 'द ओडिसी' नोलन की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है।

टीवी मसाला



खतरों के खिलाड़ी 15 : पहले ही हफ्ते बाहर हुए विशाल

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शुरुआत हो चुकी है और शो से पहला एलिमिनेशन भी हो गया है। इस एलिमिनेशन के चलते सोशल मीडिया यूजर मायूस हो गए हैं, क्योंकि किसी को उम्मीद नहीं थी कि पहले ही हफ्ते में शो से इतना मजबूत कंटेस्टेंट बाहर हो जाएगा। 'खतरों के खिलाड़ी' के इस सीजन में नए कंटेस्टेंट्स के साथ-साथ पुराने खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया है और खिलाड़ी नए-पुराने दो ग्रुप में परफॉर्म कर रहे हैं। बिग बॉस 19 विनर गौरव खन्ना ने भी शो में एंट्री ली है, जो हाल ही के एपिसोड में 'पनौती' टैग पर बात करते दिखे। इस बीच शो से पुराने खिलाड़ी विशाल आदित्य सिंह की छुट्टी हो गई, जिसने एक्टर के फैंस को मायूस कर दिया है। हाल ही के एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को गर्म वैक्स में एक दर्दनाक स्टंट करना था। इस टास्क में चार कंटेस्टेंट रुबीना दिलैक, रूहानिका धवन, विशाल आदित्य सिंह और हर्ष गुजराल को अपने-अपने हाथों पर गर्म वैक्स इकट्ठा करना था। ये टास्क बेहद दर्दनाक था। जब होस्ट रोहित शेट्टी ने टास्क के बारे में बताया तो सभी कंटेस्टेंट घबरा गए। उन्होंने बताया कि ये स्टंट 10 मिनट तक चलेगा और अगर किसी भी कंटेस्टेंट को लगे कि वह इसे और आगे नहीं कर सकते तो वह कभी भी पीछे हट सकते हैं। जो कंटेस्टेंट ज्यादा वैक्स इकट्ठी कर पाएगा, वही टास्क का विनर होगा और एलिमिनेशन से सुरक्षित हो जाएगा। स्टंट शुरू होने से पहले रूहानिका धवन भावुक हो गईं और रोने लगीं। ऐसे में रुबीना ने उनका हौसला बढ़ाने की कोशिश की और साथ ही ये भी माना कि उन्हें भी काफी डर लग रहा है।

अब अजय होस्ट करेगा क्राइम पेट्रोल?

नई दिल्ली। सीरियल 'क्राइम पेट्रोल' अपने एपिसोड्स के जरिए समाज में होने वाली वारदातों को नाट्य रूपांतरण करके पेश करता है। इस सीरियल को अनूप सोनी ने कई साल तक होस्ट किया। मगर, अब आईएनएस की रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी जगह बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने ले ली है। अजय देवगन ने हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए फैंस को एक हिंट दी है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट साझा की जिसके कैप्शन में उन्होंने 'कमिंग सून' लिखा है। वहीं, वीडियो में अजय कहते हैं, 'कभी-कभी कुछ बातें हमें अंदर से परेशान करती हैं। आज हमारे सामने एक ऐसा सच है जिसे जानकर मैं दंग रह गया हूं। मैं जल्द ही इसे आपके सामने पेश करूंगा।'एक्टर के इस पोस्ट को फैंस 'क्राइम पेट्रोल' के नए सीजन से जोड़कर देख रहे हैं। वहीं कुछ का कहना है कि अजय नेटफ्लिक्स पर कुछ लेकर आने वाले है। हालांकि, इस पूरे मामले पर मेकर्स की तरफ से अब तक कोई ऑफिशियल जानकारी साझा नहीं की गई है।



आकाश, समीर और सिड आज भी वैसे ही लगते हैं : फरहान

मुंबई। एक्टर आमिर खान, सैफ अली खान और अक्षय खन्ना की आइकोनिक फिल्म 'दिल चाहता है' को सोमवार को रिलीज हुए 25 साल हो गए, फिर भी इस फिल्म का जादू आज भी फैंस के दिलों में मौजूद है। इस खास मौके पर फरहान अख्तर ने भी एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। 'दिल चाहता है' के 25 साल पूरे होने पर एक्टर फरहान अख्तर ने एक खास पोस्ट शेयर की। पोस्ट में उन्होंने फिल्म के 25 साल पूरे होने पर बधाई दी। साथ ही इमोशनल कैप्शन लिखते हुए उन्होंने कहा- 'यकीन ही नहीं हो रहा कि 25 साल हो गए आकाश, समीर और सिड तो आज भी वैसे ही लगते हैं, जैसे एक दिन भी बड़े नहीं हुए। दिल से शुक्रिया आप सभी दर्शकों का, जिन्होंने इसे आज तक जिंदा रखा और इतना खास बनाए रखा। आप सबको ढेर सारा प्यार।'बता दें कि यही वो फिल्म थी, जिससे फरहान अख्तर ने अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म को लेकर दिलचस्प बात यह है कि फरहान ने अपनी पहली फिल्म तब लिखी थी जब वह जीवन को लेकर उलझन में थे।



उस समय में हिंदी सिनेमा कुछ अलग पैमानों पर फिल्में बनाई जाती थीं, लेकिन फरहान ने अपने दिल की सुनी और एक ऐसी फिल्म बनाई जिसने उन पैमानों को तोड़ दिया। इस फिल्म ने गोवा में टूरिज्म को भी बढ़ावा देने में काफी मदद की। इस खास मौके पर फरहान अख्तर ने एक और पोस्ट शेयर की है। ये पोस्ट युवा फिल्ममेकर्स जुड़ी है। दरअसल दिल चाहता है निर्देशक के तौर पर फरहान अख्तर की पहली फिल्म थी। इसके 25 साल पूरे होने पर फरहान और भारतीय प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी ने मिलकर एक नई पहल की शुरुआत की है। उन्होंने एक्सेल ओरिजिन्स नाम से एक नई पहल का आगाज किया है, जिसका मकसद 30 साल से कम उम्र के डायरेक्टर्स और राइटर्स को अपना आइडिया दुनिया के सामने शेयर करने का मौका मिलेगा।

मिर्जापुर द मूवी के नए पोस्टर जारी एक्शन अंदाज में दिखे कलाकार

मुंबई। जल्द ही पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी'का ट्रेलर रिलीज होगा। इससे पहले मेकर्स ने इसके कुछ पोस्टर साझा किए हैं, जिनमें पंकज त्रिपाठी के अलावा तीन अन्य कलाकार दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी'के नए पोस्टर में गुड्डू पंडित के रोल में अली फजल और बबलू पंडित के किरदार में जितेंद्र कुमार दिखाई दे रहे हैं। वहीं, कालीन भैया के रोल में पंकज त्रिपाठी और दिव्यंदु मुन्ना भैया के रोल में नजर आ रहे हैं। यह पोस्टर फिल्म के ट्रेलर रिलीज से दो दिन पहले मेकर्स ने जारी किए हैं। इस फिल्म का ट्रेलर 11 अगस्त को रिलीज होगा। इस फिल्म में कई जाने-पहचाने किरदारों की वापसी हो रही है। यह कहानी चर्चित सीरीज से बड़े पर्दे पर आ रही है। जितेंद्र कुमार 'बबलू पंडित' का किरदार निभा रहे हैं, जिसे पहले सीरीज में विक्रांत मैसी ने निभाया था। वह पोस्टर में बंदूक लिए नजर आ रहे हैं। वहीं अली फजल 'गुड्डू पंडित' के रोल में दिख रहे हैं, जिनके हाथ में भी गन है। दोनों का यह अंदाज फैंस का पसंद आया है। फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' 4 सितंबर, को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह हिंदी और तेलुगु भाषा में भी रिलीज होगी। इसमें रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, प्रमोद पाठक, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता शेखर गौड़, श्वेता त्रिपाठी, सोनल एस. चौहान, अनंग्शा बिस्वास, शाजी चौधरी, सतेन्द्र सोनी, कुलभूषण खरबंदा और सुशांत सिंह भी नजर आएंगे। गुरमीत सिंह द्वारा यह फिल्म निर्देशित की गई है। वहीं पुनीत कृष्णा इसके लेखक हैं। इसे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है, जबकि कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी को-प्रोड्यूसर हैं।



भारत भाग्य विधाता से केबीसी 18 तक

इस सप्ताह ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का मेला

नई दिल्ली। ओटीटी पर अगस्त का पहला वीक काफी शानदार रहा। मैं वापस आऊंगा से लेकर ऑपरेशन सफेद सागर तक, कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। सोमवार से एक नया सप्ताह शुरू हो गया है। इस बार भी पिटारे में काफी कुछ शानदार है।

कौन बनेगा करोड़पति 18

इस वीक का पहला शगुन 'केसीबी 18' है। क्विज रियलिटी शो का 18वां सीजन 10 अगस्त से शुरू हो गया है। एक बार फिर अमिताभ बच्चन बतौर होस्ट कमान संभालने वाले हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति 18' को दर्शक रात नौ बजे से सोनी लिव पर देख सकते हैं।

भारत भाग्य विधाता

कंगना रनौत की फिल्म भी इस वीक दस्तक देगी। यह फिल्म इस साल जून में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म को दर्शक स्वतंत्रता दिवस के मौके पर परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं। कंगना की यह फिल्म 14 अगस्त से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही है। फिल्म को जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा।

कॉकटेल 2

शाहिद कपूर, कृति सैनन और रश्मिका मंदाना अभिनीत यह फिल्म भी इस बार की लिस्ट में शामिल है। कॉकटेल 2 14 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह फिल्म 19 जून को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है।



बिग बॉस- द कॉमन मैन

यह तमिल भाषा के लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' का एक डिजिटल प्री-शो और स्पिन-ऑफ है। यह 16 अगस्त को रिलीज होगा। इसे दर्शक जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। यह नया रियलिटी शो 'बिग बॉस' की दुनिया का ही एक हिस्सा है, जिसमें आम लोगों को कंटेस्टेंट के तौर पर बुलाया जा रहा है। शो का विनर विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'बिग बॉस तमिल' के आने वाले सीजन 10 में हिस्सा लेने का हकदार होगा।



ट्रेटर्स 2

रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन का ऐलान भी हो चुका है और इस वीक से यह स्ट्रीम भी होगा। करण जौहर के इस रियलिटी शो के दूसरे सीजन में मल्लिका शेरावत, रिया चक्रवर्ती, मुनव्वर फारुकी, क्रिस्टल डिसूजा समेत 21 सेलिब्रिटीज हिस्सा लेंगे। 'द ट्रेटर्स सीजन 2' 13 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा।


इन द ग्रे

यह एक एक्शन से भरपूर फिल्म है, जिसमें थ्रिल भी भरपूर मिलेगा। फिल्म का निर्देशन गॉय रिची ने किया है। इसमें जेक जिलनहॉल और हेनरी कैविल अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

चिंतन

युवाओं के सब्र का इम्तिहान न लें सरकारें

नीट के बाद अब झारखंड की जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में सामने आ रहे विवादों ने देश की भर्ती व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रांची में सोमवार को जो हुआ, वह केवल छात्रों और पुलिस के बीच टकराव की घटना नहीं है, बल्कि उस बढ़ते आक्रोश का संकेत है जो देश के युवाओं के भीतर लगातार जमा हो रहा है। झारखंड में हजारों छात्र पिछले 17 दिनों से परीक्षा में कथित धांधली के खिलाफ आंदोलन कर रहे थे। जब उनकी आवाज नहीं सुनी गई तो सोमवार को वे विधानसभा घेराव के लिए पहुंच गए। बैरिकेडिंग टूटी, छात्र विधानसभा गेट तक पहुंचे, पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस छोड़ी और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसी स्थिति किसी के लिए भी संतोषजनक नहीं हो सकती। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर युवा सड़क पर उतरने को मजबूर क्यों हो रहे हैं? प्रतियोगी परीक्षाएं उनके लिए महज एक परीक्षा नहीं होतीं। इनके पीछे वर्षों की मेहनत, परिवार की उम्मीदें, आर्थिक संघर्ष और बेहतर भविष्य का सपना जुड़ा होता है। जब परीक्षा में पेपर लीक, नकल, फर्जीवाड़े या धांधली के आरोप लगते हैं तो चोट केवल एक परीक्षा पर नहीं होती, बल्कि पूरी व्यवस्था पर युवाओं का भरोसा टूटता है। हर बार परीक्षा में धांधली के पीछे दो गंभीर आशंकाएं सामने आती हैं। पहली पैसे या प्रभाव के जरिए पेपर पास करवाना और नौकरी पाना। दूसरी, पैसे के दम पर परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र या गोपनीय सामग्री तक पहुंच बनाने का खेल। इनमें सरकार के नुमाइंदों और जो एजेंसी पेपर करवा रही है, उसके अफसरों की मिलीभगत सामने आती है। कुल मिलाकर अफसर चंद रुपयों के लालच में युवाओं के भविष्य का सौदा कर बैठते हैं और छात्र आंदोलन को मजबूर होते हैं। यदि इन आशंकाओं में सच्चाई है तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ संगठित खिलवाड़ है। इसमें किसी भी स्तर पर अधिकारी, कर्मचारी, परीक्षा एजेंसी या बाहरी गिरोह की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए जो भविष्य के लिए स्पष्ट संदेश बने। यदि छात्रों को परीक्षा में गड़बड़ी का संदेह है तो सरकार को उनके सामने जांच की प्रक्रिया, तथ्य और रिपोर्ट रखनी चाहिए। अगर आरोप गलत हैं तो प्रमाण के साथ स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए और अगर गड़बड़ी हुई है तो जिम्मेदार लोगों के नाम सामने आने चाहिए। सरकारों को भर्ती परीक्षाओं के लिए ऐसी पारदर्शी और सुरक्षित व्यवस्था बनानी होगी जिसमें प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा कराने, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और परिणाम जारी करने तक हर स्तर पर जवाबदेही तय हो। संवेदनशील प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों और एजेंसियों की जिम्मेदारी स्पष्ट हो। सबसे जरूरी है कि छात्रों की शिकायतों को सुनने के लिए स्थायी संवाद तंत्र बनाया जाए। आंदोलन शुरू होने और विधानसभा घेराव की नौबत आने का इंतजार क्यों किया जाए? सरकारें समय रहते छात्रों के प्रतिनिधियों से बात करें और उनकी शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई करें। सरकारों को युवाओं के सब्र का इम्तिहान लेने के बजाय उनके भरोसे की परीक्षा पास करनी होगी। परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और अधिकारियों की जवाबदेही ही वह रास्ता है, जिससे सड़कों पर उतरते युवाओं को फिर से किताबों और अपने भविष्य की ओर लौटाया जा सकता है।



सीमा विवाद

ओमकार चौधरी

चीन को भारत का करारा जवाब

भारत-चीन सीमा विवाद दशकों पुराना है, लेकिन हाल के वर्षों में इसने एक नया आयाम ले लिया है। मानचित्रों और नामों की लड़ाई। चीन बार-बार अरुणाचल प्रदेश के गांवों, पहाड़ों, नदियों और दर्रों के नाम बदलकर अपने नक्शों में शामिल करता रहा है, ताकि इस क्षेत्र पर अपने दावे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया जा सके। भारत ने हर बार इसे सिरे से नकारा है और अब भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने राज्य के 27 स्थानों के नाम आधिकारिक भारतीय मानचित्र में शामिल कर एक ठोस और संस्थागत जवाब दिया है। भारत-चीन सीमा विवाद की जड़ें अंग्रेजों के जमाने में जाती हैं। सन 1914 में शिमला सम्मेलन में ब्रिटिश भारत और तिब्बत के प्रतिनिधियों के बीच एक सीमा रेखा तय की गई थी, जिसे मैकमोहन रेखा कहा जाता है। यह रेखा भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र और तिब्बत के बीच की सीमा को परिभाषित करती है। भारत इस रेखा को अंतरराष्ट्रीय सीमा मानता है, जबकि चीन इसे कभी मान्यता नहीं देता । उसका तर्क है कि तिब्बत के पास उस समय स्वतंत्र रूप से समझौते करने का अधिकार नहीं था।

इसी असहमति के चलते 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध हुआ, जिसमें चीनी सेना ने अरुणाचल प्रदेश (तब नेफा यानी नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी) के कई हिस्सों में घुसपैठ की। थाग ला दर्रा इस युद्ध के शुरुआती संघर्ष स्थलों में से एक था, जबकि लोंग जू क्षेत्र में 1959 में ही, यानी युद्ध से तीन साल पहले, चीनी सैनिकों और भारतीय सुरक्षा बलों के बीच पहली बड़ी झड़प हुई थी। युद्ध के बाद चीन ने कुछ इलाकों से पीछे हटने की घोषणा तो की, लेकिन सीमा विवाद कभी सुलझा नहीं। 1972 में नेफा को केंद्र शासित प्रदेश और फिर 1987 में पूर्ण राज्य का दर्जा देकर अरुणाचल प्रदेश बनाया गया, जो आज भारत के पूर्वोत्तर का एक अभिन्न राज्य है। चीन अरुणाचल प्रदेश को अपनी भाषा में 'जांगनान' यानी 'दक्षिण तिब्बत' कहता है और इसे तिब्बत का हिस्सा मानते हुए अपना दावा जताता है। चीन लंबे समय से अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर अपना दावा साबित करने की कोशिश करता रहा है, जिसे भारत दृढ़ता से खारिज करता रहा है। यही सोच नामकरण की रणनीति के पीछे भी काम करती है । जगहों को चीनी या तिब्बती नाम देकर यह दिखाने की कोशिश की जाती है कि इन क्षेत्रों पर चीन का प्रभाव रहा है। चीन ने पहली बार 2017 में अरुणाचल प्रदेश के छह स्थानों के नाम बदले थे, और इसे तब दलाई लामा की अरुणाचल यात्रा के विरोध के तौर पर देखा गया था। इसके बाद यह सिलसिला थमा नहीं। 2021 में चीन ने 15 स्थानों की एक और सूची जारी की, और 2023 में 11 और स्थानों के नाम बदले गए। इन नामकरणों में गांव, नदियां, पहाड़ और यहां तक कि आवासीय क्षेत्र तक शामिल किए गए हैं। हर बार जब यह सूचियां सामने आई, भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़ा एतराज जताया। इस साल भी जब चीन ने एक बार फिर कुछ स्थानों के नाम बदलने की कोशिश की, तो भारत ने तुरंत जवाब दिया। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। भारत ने इसे एक शरारतपूर्ण प्रयास करार दिया और दोहराया कि इस तरह की कार्रवाइयां न तो जमीनी हकीकत बदल सकती हैं, न ही भारत की संप्रभुता पर कोई असर डाल सकती हैं। विश्लेषक इस पूरी प्रक्रिया को मानचित्रण संबंधी आक्रामकता यानी कार्टोग्राफिक अग्रेशन कहते हैं। यह कोई नई रणनीति नहीं है। चीन 2017 से समय-समय पर



अरुणाचल प्रदेश के स्थानों के लिए मानकीकृत नामों की सूचियां जारी करता रहा है। इसका मकसद सिर्फ नाम बदलना नहीं, बल्कि दस्तावेजों और मानचित्रों के जरिए धीरे-धीरे यह स्थापित करना है कि इन क्षेत्रों पर चीन का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अधिकार रहा है। इसी पृष्ठभूमि में भारत का हाल का कदम बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के 27 स्थानों और उनकी भौगोलिक विशेषताओं के मानक नामों को आधिकारिक भारतीय मानचित्र में औपचारिक रूप से शामिल किया है। इस सूची में शामिल स्थानों में सामरिक और ऐतिहासिक महत्व साफ झलकता है ।

लोंग जू : यह वही क्षेत्र है जहां 1959 में भारत-चीन सैनिकों के बीच पहली बड़ी झड़प हुई थी, और जो आज भी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब स्थित है। थाग ला दर्रा :1962 के युद्ध के शुरुआती संघर्षों का गवाह व सामरिक रूप से बेहद ऊंचाई पर स्थित महत्वपूर्ण दर्रा।

जयरामपुर : चांगलांग जिले में स्थित यह रसद केंद्र पूर्वी सीमा क्षेत्र का प्रवेश द्वार माना जाता है और म्यांमा सीमा की ओर सुरक्षा बलों की आवाजाही में अहम भूमिका निभाता है।

जसवंतगढ़ : तवांग रोड पर स्थित यह स्थान भारतीय शहीद जसवंत सिंह रावत के स्मारक के लिए जाना जाता है, जिन्होंने 1962 के युद्ध में वीरता दिखाई थी।

शेर-ए-थापा स्मारक : 1962 के युद्ध के नायक त्रिलोक सिंह थापा की स्मृति में बनाया गया यह स्मारक भी इस सूची का हिस्सा है। इनके अलावा शंभू सरोवर, बड़ा और छोटा कुंडुन, धन बाड़ी, प्रीतनगर, तेरितनगर, रामनगर, सागर, पद्मा, ज्योतिनगर, बैसाखी, छोटा और बड़ा रोपुक, शिवाजी नगर, सुनपुरा, कमलांग नगर और बुद्ध मंदिर जैसे स्थान भी इस सूची में शामिल हैं। यह चुनाव आकस्मिक नहीं लगता। इनमें से अधिकांश स्थान सामरिक दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में हैं या 1959-1962 के संघर्षों से सीधा ऐतिहासिक संबंध रखते हैं। भारत का यह कदम कई मायनों में महत्वपूर्ण है ।

कानूनी व प्रशासनिक स्पष्टता : आधिकारिक मानचित्र में स्थानों को औपचारिक रूप से शामिल करने से सटीक भौगोलिक पहचान सुनिश्चित होती है, जिससे प्रशासनिक कामकाज व सुरक्षा तैनाती में स्पष्टता आती है।

कूटनीतिक जवाब : यह चीन की नामकरण रणनीति के जवाब में भारत का दस्तावेजी आधार तैयार करने जैसा है, ताकि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का पक्ष उतनी ही मजबूती से उठे, जितनी मजबूती से चीन दावा करता है।

जन-जागरूकता : इन स्थानों को आधिकारिक तौर पर चिह्नित करने से आम नागरिकों में इनकी अहमियत व भारत की संप्रभुता के प्रति जागरूकता बढ़ती है, खासकर उन स्थानों के मामले में जो 1962 और 1959 के संघर्षों से जुड़े हैं और शहीदों की स्मृति को संजोए हैं।

ऐतिहासिक स्मृति को संरक्षित करना: जसवंतगढ़ और शेर-ए-थापा स्मारक जैसे स्थानों को शामिल करना यह सुनिश्चित करता है कि 1962 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की वीरता की कहानियां आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे। अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत-चीन विवाद केवल सीमा रेखा का मसला नहीं रह गया है। यह अब मानचित्रों, नामों और दस्तावेजों की एक लंबी लड़ाई बन चुका है। चीन जहां बार-बार नामकरण के जरिए अपने दावे को स्थापित करने की कोशिश करता रहा है, वहीं भारत ने भी अब यह स्पष्ट कर दिया है कि वह इस मोर्चे पर पीछे नहीं हटेगा। 27 स्थानों का यह औपचारिक नामकरण केवल एक प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि एक ठोस संदेश है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा पहले भी था, आज भी है, और भविष्य में भी रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

> भारत-चीन सीमा विवाद अब केवल जमीन और सीमा रेखा का सवाल नहीं रह गया है, बल्कि यह नक्शों, नामों और ऐतिहासिक दावों की लड़ाई में बदल चुका है। चीन अरुणाचल प्रदेश के गांवों, पहाड़ों, नदियों और दर्रों के नाम बदलकर उन्हें अपने नक्शों में शामिल करता रहा है। वहीं, भारत ने हर बार चीन के इन प्रयासों को खारिज किया है। अब भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के 27 महत्वपूर्ण स्थानों और भौगोलिक विशेषताओं के मानक नाम आधिकारिक भारतीय मानचित्र में शामिल किए हैं। यह कदम केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि चीन की नामकरण रणनीति का संस्थागत जवाब है। संदेश स्पष्ट है :- अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा।

विशेष

अनुभव शर्मा

भगवान महादेव का प्रिय है विदेशी धतूरा

धतूरैः पूजनं शंभोः सर्वकामफलप्रदम्।
विषनाशकरं चैव सर्वसौभाग्यवर्धनम्॥

(अर्थातः भगवान शिव का धतूरे के फूलों या फलों से पूजन करना सभी मनोकामनाओं को पूरा करने वाला, विष यानी नकारात्मकता और कष्टों का नाश करने वाला तथा समस्त सौभाग्य को बढ़ाने वाला होता है।)

भगवान शिव को धतूरा अर्पित करने का महात्म्य दर्शाने वाला यह प्राचीन श्लोक है। परंतु यह आश्चर्यजनक है कि महादेव का प्रिय धतूरा मूलतः भारतीय ही नहीं है, बल्कि यह प्रशांत महासागर के उस पार स्थित अमेरिका महाद्वीप के मैक्सिको की मूल प्रजाति है, जिसका वैज्ञानिक नाम डातुरा स्ट्रामोनियम है। पशुपति नाथ की सेंधव मुहरों से लेकर ऋग्वेद के रुद्र शिव तक भारत में शैव पूजा का हजारों वर्ष प्राचीन इतिहास है इसी कारण शिव आदिदेव भी कहे जाते है परन्तु धतूरे को वनस्पति शास्त्री मूलतः मेक्सिको का पौधा बताते हैं जो बाद में भारत पहुंचा, परन्तु प्रश्न है कब और कैसे। लगभग दो हज़ार वर्षों पहले इसका उल्लेख चरक संहिता में 'उन्मत्त' या 'धत्तूर' के रूप में मिलता है, जो इसे भ्रम पैदा करने वाली औषधि बताते हैं। वहीं, महर्षि सुश्रुत इसे कुत्तों के काटने से होने वाले रोग 'रेबीज' के उपचार में उपयोगी मानते हैं। वात्स्यायन के कामसूत्र के अनुसार, नागरक या शहरी लोग धतूरे को तांबूल (पान) के साथ मिलाकर एक सुगंधित लेप तैयार करते थे। महाकवि बाणभट्ट अपनी रचना 'हर्षचरित' में विंध्यांचल के वनों की आटविक (जंगली) जातियों द्वारा तंत्र में प्रयुक्त औषधि के रूप में इसका उल्लेख इस प्रकार करते हैं।

उद्गत-धत्तूर-प्ररोह-संकुलैः, प्रगुणीकृत-शबर-पल्लव-कुटीरैः...

(भावार्थः वह विंध्य के जंगल का क्षेत्र था, जो बाहर निकले हुए धतूरे के पौधों के अंकुरों से घिरे हुए थे और जहां शबरों जंगली जातियों की पत्तों से बनी कुटियाएं थीं।) चोल काल के प्रसिद्ध ऐरावतेश्वर मंदिर में भगवान शिव की कंकाल मूर्ति की जटाओं और आभूषणों में धतूरे के फूल का अंकन मिलता है। इन साक्ष्यों से यह ज़ाहिर है कि धतूरा ईस्वी सन के आस-पास ही भारत भूमि में आ चुका था, जबकि इसके पहले वेदों, उपनिषदों या फिर सैन्धव सभ्यता में यह पूर्णतः अनुपस्थित मिलता है। प्रश्न यह है कि फिर यह आदिदेव शिव का प्रिय फूल कैसे हुआ? कोलम्बस की अमेरिका की खोज (1492 ईस्वी सन) के बाद ही 'नई दुनिया' की वनस्पतियां एशिया और यूरोप के संपर्क में आईं, जिसमें आलू, टमाटर, मिर्च, कद्दू से लेकर तंबाकू जैसी आज की प्रचलित किस्में शामिल हैं। फिर धतूरा ईस्वी सन की शुरुआत में भारत तक कैसे पहुंचा? क्या प्री-कोलम्बस काल में भी अमेरिकी महाद्वीप से भारतीय संपर्क हुआ था? यह इतिहास की अबूझ पहेली है। मैक्स प्लांक इंस्टीट्यूट के नवीन अनुसंधानों में यह साबित हुआ है कि ऑस्ट्रेलिया के मूल नेटिव आदिवासियों में लगभग 4000 साल पहले भारतीय डीएनए पाए गए हैं, जो द्रविड़ एवं तटीय भारतीय व्यापारिक संबंधों की पुष्टि करते हैं, परंतु मैक्सिको के संदर्भ में ऐसे किसी भी आदान-प्रदान के साक्ष्य कोलम्बस से पहले नहीं मिलते। हालांकि, ऐसी विकास अवधारणाओं को 'अभिसारी विकास' के रूप में भी देखा जाता है। जब अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में रहने वाले जीवों या पौधों को पर्यावरण, जलवायु या जीवनशैली की लगभग एक जैसी चुनौतियां मिलती हैं, तो प्रकृति उन्हें जीवित रहने के लिए समान शारीरिक या जैविक रूप ढालने पर मजबूर कर देती है। पौराणिक कथाओं में समुद्र मंथन से निकले विष पान के कारण भगवान शिव को 'नीलकंठ' कहा गया है। कालकूट विष की उष्णता इतनी अधिक थी कि देवताओं और ऋषियों ने शिवजी की इस महापीड़ा को शांत करने के लिए उन्हें ठंडी प्रकृति वाली और विष का प्रभाव काटने वाली औषधियां अर्पित कीं। कालकूट विष के प्रचंड ताप से पीड़ित शिवजी की पीड़ा को शांत करने में धतूरे ने अपनी मुख्य भूमिका निभाई, इसलिए भगवान शिव को धतूरा अतिप्रिय माना गया है। हैरत की बात यह है कि धतूरे की तरह ही पीला कनेर का फूल भी मैक्सिको से पुर्तगालियों द्वारा पंद्रहवीं सदी में ही आया था (हालांकि सफेद कनेर भारत में पहले से होता था) और यह पीला कनेर भी शिव पूजन में अत्यधिक लोकप्रिय है। किसी जीव द्वारा या समुद्र में बह कर आने के विषय पर शोध आवश्यक है। इसलिए मध्य काल के कवि बिहारीदास के शब्दों में

कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय,
वा खाए बौराय जग, इहि पाए बौराय।

इसी 'कनक' (धतूरे) की मादकता का भारत में विशेष धार्मिक व सांस्कृतिक प्रभाव आज भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

(लेखक अवर सचिव, लोक भवन, रायपुर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

माता-पिता के अपमान को भगवान भी माफ नहीं करते



संकलित

दर्शन

चाणक्य ने अपनी नीतियों में एक ऐसे काम का जिक्र किया है जिसे महापाप की श्रेष्ठ में रखा गया है और इस कार्य को करने वालों को भगवान कभी भी माफ नहीं करते हैं। चाणक्य नीति अनुसार व्यक्ति के शब्द बहुत महत्वपूर्ण होते हैं शब्द ही ऐसी चीज़ है जो बिना हथियार के ही दूसरों को घायल कर सकते है। इसलिए चाणक्य कहते हैं जो लोग ईश्वर स्वरूप माता पिता को अपशब्द बोलकर उनका अपमान करते हैं ऐसे लोगों को भगवान कभी माफ नहीं करते है यह ऐसी गलती है जो महापाप की श्रेष्ठी में आती है। माता पिता को अपशब्द कहने वाले लोगों को हर ओर से कष्ट उठाना पड़ता है ऐसे लोगों को माता पिता भले ही माफ कर दें लेकिन ईश्वर इन्हें कभी माफ नहीं करता है। माता पिता को अपशब्द कहना ही जीवन में सबसे बड़ा महापाप है। चाणक्य की मानें तो जो लोग माता पिता का दुख तोड़ते हैं उन्हें भला बुरा कहते हैं ऐसे लोगों को ईश्वर कभी क्षमा नहीं करता है बल्कि इन्हें कष्ट उठाना पड़ता है। इसलिए कहा जाता है कि माता पिता को हमेशा खुश रखना चाहिए। ऐसा कोई भी काम नहीं करना चाहिए जिससे उनके दिल को ठेस पहुंचे। इस संसार में माता-पिता का ऋण कोई भी नहीं चुका सकता।

गुरु के बिना जीवन में वास्तविक प्रगति संभव नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक बल्ब के भीतर तंतु (फिलामेंट) पहले से ही विद्यमान होता है। उसे केवल विद्युत प्रवाह की आवश्यकता होती है और वह प्रकाशमान हो उठता है। ठीक उसी प्रकार गुरु की उपस्थिति ही मनुष्य को अपने इस वास्तविक स्वरूप का बोध कराती है। यदि जीवन में उच्चतर चेतना, उत्कृष्टता और आत्मोन्नति प्राप्त करनी है, तो गुरु का होना अनिवार्य है। गुरु के बिना वास्तविक प्रगति संभव नहीं। जीवन में जो बातें प्रत्यक्ष दिखाई देती हैं, उनके लिए भी हम मार्गदर्शक की आवश्यकता सहज स्वीकार करते हैं। वाहन चलाना सीखने के लिए प्रशिक्षक चाहिए, किसी विषय में दुर्बलता हो तो शिक्षक या कोच की आवश्यकता पड़ती है। जब दृश्य जगत की छोटी-छोटी बातों के लिए भी मार्गदर्शक आवश्यक है, तब उस अदृश्य, सूक्ष्म और अव्यक्त सत्य की अनुभूति के लिए गुरु का महत्त्व कितना अधिक होगा। गुरु के बिना आत्मसाक्षात्कार अत्यंत कठिन प्रतीत होता है और गुरु के बिना ध्यान की गहराइयों तक पहुंचना भी सहज नहीं होता। क्या आप जानते हैं कि स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी शिक्षा के लिए महर्षि सांदीपनि का आश्रय ग्रहण किया था? भगवान श्रीराम ने भी महर्षि वशिष्ठ से जीवन का गहन ज्ञान प्राप्त किया। जब स्वयं अवतार पुरुषों ने गुरु की शरण ग्रहण की, तब सामान्य मनुष्य के लिए गुरु की आवश्यकता कितनी स्वाभाविक है। गुरु-शिष्य परंपरा हमारी सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यदि मानव जाति को आगे बढ़ना है, तो उसे इस प्राचीन ज्ञान-परंपरा को अपने साथ लेकर चलना होगा।

अंतर्मन



आज की पाती

लोगों में धन की भूख बढ़ी

आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसके विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? शायद नहीं। पाप की कमाई से अगर बच्चों का पालन-पोषण किया जाए तो इससे बच्चे पथभ्रष्ट ही होंगे। - *विजय कुमार, रायपुर*

ट्रेंड

कोई गोली नहीं चली



जंतर-मंतर पर कोई गोली नहीं चली। राहुल गांधी भ्रम फैला रहे हैं। गृहमंत्री हर बात का जवाब देने को तैयार। अमित शाह सदन में विस्तार से जवाब देंगे, लेकिन विपक्ष को भरोसा देना होगा कि वह बहस से भागेगा नहीं। **-जेपी नड्डा,** केंद्रीय मंत्री

विपक्ष की तीन मांगें



विपक्ष की तीन प्रमुख मांगें हैं। पहली- जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन युवाओं पर गोली चलाने की जिम्मेदारी स्पष्ट हो। दूसरी-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस घटना के लिए माफी मांगें और तीसरी- राम मंदिर में चोरी के मुद्दे पर संसद में चर्चा की जाए, सरकार दोषियों को न बचाए। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

संसद चले



अगर केंद्रीय गृह मंत्री जंतर-मंतर पर हुई घटना या वहां हुए विरोध-प्रदर्शन से निपटने के दौरान हुई घटनाओं के बारे में सदन में सवालों का जवाब देते हैं और इससे संसद का कामकाज फिर से शुरू हो जाता है, तो यह अच्छी बात है। लोग चाहते हैं कि संसद चले। संसद चलाने में बहुत पैसा खर्च होता है। **-उमर अब्दुल्ला,** सीएम, जम्मू-कश्मीर

वीबी-जी रामजी में सुधार करें



एक जुलाई से मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) की जगह ले चुकी वीबी-जी रामजी योजना अपने पहले ही महीने में बुरी तरह फेल साबित हुई है। केंद्र सरकार योजना की खामियों को दूर करे व लोगों को राहत दे। **-अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

पाक में मिला अनोखा फंगस जो चटकर जाएगा प्लास्टिक को

दुनिया भर में प्लास्टिक कचरे की बढ़ती समस्या के बीच पाकिस्तान के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी खोज की है जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। राजधानी इस्लामाबाद के एक नगरपालिका कचरा निपटान स्थल की मिट्टी से अलग किए गए एक अनोखे फंगस एस्परगिलस ट्यूबिंगेंसिस ने पॉलिएस्टर पॉलीयुरेथेन नामक अत्यंत टिकाऊ प्लास्टिक को तोड़ने की क्षमता दिखाई है। यह प्लास्टिक सिंथेटिक लेदर, कोटिंग्स, कुशन, इन्सुलेशन सामग्री और कई औद्योगिक उत्पादों में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है और आम वातावरण में आसानी से नष्ट नहीं होता।



शोधकर्ताओं ने लैब में कल्चर और मिट्टी में दफनाने के विस्तृत प्रयोगों के जरिए इस फंगस की क्षमता का गहन परीक्षण किया। अध्ययन में इसे एस्परगिलस ट्यूबिंगेंसिस की पॉलीयुरेथेन को खराब करने की क्षमता का पहला रिपोर्टेड मामला बताया गया था। हालांकि वैज्ञानिकों ने साफ चेतावनी दी है कि इन नतीजों को अतिरंजित नहीं समझना चाहिए। प्रयोग पूरी तरह नियंत्रित लैब परिस्थितियों में किए गए थे। इसका मतलब यह कतई नहीं है कि फेंका गया पॉलीयुरेथेन गद्दा, जूता या कोई अन्य उत्पाद दो महीने पर्यावरण में रहने के बाद गायब हो जाएगा।

ऑफ बीट

बुंदेलखंड की काशी कहे जाते हैं कुंडेश्वर धाम

बुंदेलखंड की काशी कहे जाने वाले शिव धाम कुंडेश्वर में भगवान भोलेनाथ का स्वयंभू शिवलिंग है। यह शिवलिंग करीब 5000 साल पुराना बताया जाता है।



द्वापर युग में बाणासुर की पुत्री ऊषा ने यहां भगवान शिव की तपस्या की थी। वर्तमान में किंवदंती है कि ऊषा आज भी भगवान शिव को जल अर्पित करने आती है। मगर उन्हें कोई देख नहीं पाता है। कुंडेश्वर स्थित देवादिदेव महादेव आज भी शाश्वत और सत्य हैं, इसका जीता जागता प्रमाण स्वयं प्रतिवर्ष चावल के बराबर बढ़ने वाला शिवलिंग है। क्यों कहा जाने लगा कुंडेश्वर- बताया जाता है कि कुंडेश्वर का इतिहास बहुत पुराना है, लेकिन इसके बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है। प्राचीनकाल में यहां एक छोटी सी बस्ती थी। एक महिला अपने घर में जमीन में बनी ओखली में धान कूट रही थी कि अचानक उसने हाथ से धान पलटते समय पाया कि ओखली के चावल रक्त रंजित हो गए हैं। वह घबराकर मिट्टी के कूड़े से ओखली ढक्कर लोगों को बुलाने भागी, लौटने पर सभी ने देखा कि स्वयं भू शिवलिंग कूड़े को सिर पर रखकर प्रकट हो गए। इसी दिन से वे कूड़ा देव कुंडेश्वर कहे जाने लगे। समूचे उत्तर भारत में भगवान कुंडेश्वर की विशेष मान्यता है। यहां प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने के लिए आते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

तेल टेंकर की चपेट में आए दो ग्रामीणों की मौके पर दर्दनाक मौत, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कवर्धा कोतवाली अंतर्गत नेशनल हाईवे स्थित ग्राम सिंघनपुरी के पास सोमवार को सामने आए एक भीषण सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार दो ग्रामीणों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जाता है कि दोनों मोटर सायकल सवार तेल से भरे एक टेंकर की चपेट में आए गए। घटना के बाद आरोपी टेंकर चालक मौके से फरार बताया जात रहा है। घटना की जानकारी मिले के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतकों के शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम मुड़घुसरी निवासी रामाधार पटेल आयु 30 वर्ष एवं बीरवल पटेल आयु



28 वर्ष अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेएल-3363 में सवार होकर कवर्धा से वापस अपने गांव जा रहे थे।

इसी दौरान ग्राम सिंघनपुरी के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक तेल टेंकर क्रमांक जीजे 12 बीजेड-5062 के अज्ञात चालक ने सड़क पर घूम रहे बछड़े को बचाने के चक्कर में मोटर सायकल सवार ग्रामीणों को अपनी चपेट में ले लिया और दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कोतवाली थाना प्रभारी लालजी सिन्हा ने बताया कि फरार टूक चालक की तलाश की जा रही है दोनों मोटर सायकिल सवार मृतकों को जिला अस्पताल भेजा गया है ।

स्कार्पियो अनियंत्रित होकर खेत में गिरी चालक की मौत

सरायपाली। सारंगढ़ रोड़ में स्थित बोडेसरा नाला के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी। हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। मृतक की पहचान देवेंद्रनद्र साव (27) पिता नारायण साव निवासी मल्दा थाना पुसौर जिला रायगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो क्रमांक जेएच 02 बीवी 6028 का चालक देवेंद्र साव अपने साथी अशोक कुमार के साथ 8 अगस्त को रायपुर से रायगढ़ की ओर जा रहा था। बोडेसरा नाला के पास चालक ने वाहन कों तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनार खेत में जा गिरा। दुर्घटना में देव्र साव और अशोक कुमार को चोटें आईं। दोनों को 108 एंबुलेंस की मद्दद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली लाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद देवेन्द्र साव को 9 अगस्त की रात 1:10 बजे मृत घोषित कर दिया।

निविदा आमंत्रण त्रुटि सुधार सूचना क्र- 61

छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, वृत्त - जगदलपुर के माध्यम से दिनांक 05.08.2026 को दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि, देशबंधु एवं बस्तर इम्पेक्ट में प्रकाशित निविदा आमंत्रण क्रमांक 60, विज्ञापन क्रमांक 48643 को द्वितीय निविदा के स्थान पर प्रथम निविदा एवं कार्यपालन अभियंता, संभाग कोण्डागांव के स्थान पर कार्यपालन अभियंता, संभाग दंतेवाड़ा पढ़ा जावे। शेष नियम शर्तें यथावत रहेगी।

उपायुक्त
छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, वृत्त - जगदलपुर

S-48715/1

शिव मंदिर में तोड़फोड़, मना करने पर आरोपियों ने की मारपीट : महासमुंद। ग्राम कोमाखान के खंभा तालाब स्थित शिव मंदिर में तोड़फोड़ करने वाले दो आरोपियों के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज किया गया है। 9 अगस्त की शाम साढ़े पांच बजे कोमाखान के खंभा तालाब स्थित शिव मंदिर में लोकेंद्र दास मानिकपुरी एवं कौशल दास मानिकपुरी उर्फ पिंटू द्वारा तोड़फोड़ कर भगवान के त्रिशूल एवं डमरू को फेंक दिया गया तथा स्थापित मंदिर को तोड़ने का प्रयास किया गया। जब आरोपियों को प्रार्थी मनोज विश्वकर्मा एवं हेमंत ठाकुर ने तोड़फोड़ करने से मना किया, तब वे गाली गलौज कर मारपीट करने लगे।

Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission

Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

PUBLIC NOTICE

Chhattisgarh State Power Distribution Company Ltd. has filed a petition under Section 63 and 86(1)(b) of the Electricity Act 2003 for adoption of tariff discovered through competitive bidding for procurement of power from Battery Energy Storage System under Viability Gap Funding scheme of MoP. This has been registered as petition no. 81 of 2026.

Copy of Petition is available on the website- www.cserc.gov.in. Considered views/comments/suggestions of the stakeholders/public are invited by 31.08.2026 and public hearing will be held on 02.09.2026 at 11.30 AM at the Commission's office.

"SAVE ELECTRICITY" **SECRETARY**

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कांकेर,जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

e-mail - eewrknk@cgwrd.in

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

क्रमांक /2523/ व.ले.लि./2026-27 कांकेर, दिनांक 07/08/2026

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सिस्टम क्र. 195570 / निविदा सूचना क्र. 09 / व.ले.लि./2026-27 दिनांक 20.07.2026 कार्य का नाम कांकेर जिले के विकासखंड नरहरपुर की दूरी व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का मरम्मत कार्य (राशि रूपये 1182.37 लाख) कार्य हेतु प्रथम आमंत्रण, में तकनीकी त्रुटिवश निविदा अशुद्ध होने के फलस्वरूप निविदा निरस्त किया जाता है। जिसका प्रकाशन जी.नं. 262702248 दिनांक 23.07.2026 है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कांकेर
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

G-262702655/4

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
(द्वितीय आमंत्रण)

दिनांक :- 07.08.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" **श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है।

एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 183 Tender no. 197116	नवीन निर्मित समाधान केन्द्र (ए.डी.आर. भवन) महासमुंद हेतु पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	रू. 27.11 लाख
NIT NO. 184 Tender no. 197117	जिला महासमुंद के उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत स्थित ग्राम शेर में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य, जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित कार्य।	रू. 119.33 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख के लिफाफा में निविदाकार का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि रायपुर मण्डल क्रं.-2 (छ.ग.)

G-262702680/5 आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

Directorate of Employment and Training, Chhattisgarh

Indravati Bhawan, Block-4, 1st Floor, Naya Raipur, Chhattisgarh

NOTICE INVITING e-RFP

The Directorate of Employment and Training, Government of Chhattisgarh, invites online Request for Proposals (RFPs) through the Chhattisgarh e-Procurement Portal for the onboarding of Anchor Industry Partners (AIPs) under the PM-SETU Scheme for the Raigarh/Raipur/Korba/Bastar/Surguja ITI Clusters:

Important Information:

1 Mode of Tender: Online through Chhattisgarh e-Procurement Portal

1Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

1Detailed RFP documents, eligibility criteria, and submission schedule are available on the above portal.

1Bids shall be submitted online only. Offline bids will not be accepted.

1Estimated Tender Value: Rs. 241 Crore per Cluster

The Directorate reserves the right to accept or reject any or all proposals, or to cancel the RFP process without assigning any reason.

Issue of RFP :- 05.08.2026

Last Date for Submission: - 03.09.2026 at 3.00PM

Director
Employment and Training
Chhattisgarh

G-262702676/8

अनहोनी टली : नरहरा जलप्रपात में बहे दो युवक, रेलिंग ने बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

घूमने गए दो युवक नरहरा जलप्रपात के तेज बहाव में बह गए थे। दोनों युवक सुरक्षा के लिए लगाई गई रेलिंग में फंस गए। रेस्क्यू कर युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते लगभग सभी बांध लबालब होने की कगार पर पहुंच गए हैं, वहीं अधिकतर नदी नालों में पानी का बहाव तेज है। नरहरा का जलप्रपात भी उफान पर है। इस मौसम में जलप्रपात व प्राकृतिक नजारा देखने पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की भीड़ लग रही है।

रविवार को भी काफी पर्यटक नरहरा जलप्रपात देखने पहुंचे थे। इसी बीच पर्यटकों की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। नरहरा जलप्रपात देखने पहुंचे दो युवक सुरक्षा की अनदेखी करते हुए पानी के तेज बहाव के करीब चले गए और देखते ही देखते पानी के तेज बहाव के बीच फंसकर बहने लगे। इसी बीच दोनों युवक जलप्रपात के किनारे सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की रेलिंग में फंसकर बहने से बच गए।

घटना को देख आसपास मौजूद लोगों व स्थानीय स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की मदद से रेस्क्यू कर समय रहते उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस तरह दोनों युवक की जान बच गई।

कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रायपुर

बंजारी माता मंदिर के सामने रावांभाठा रायपुर (छ.ग.)

सूचना

परिवहन सुविधा केन्द्र (LL Facilitation center) भारत सरकार के राजपत्र क्रमांक 240 (अ) दिनांक 31 / 03 / 2021 एवं "परिवहन सुविधा केन्द्र मार्गदर्शिका - 2022" जारी किया गया है। इस प्रकार रायपुर जिले हेतु लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए 02 अतिरिक्त परिवहन सुविधा केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति प्राप्त है जिस हेतु अर्हताधारी आवेदकों से "क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, रायपुर बंजारी माता मंदिर के सामने बिलासपुर रोड, रावांभांठा रायपुर" में 200/- विहित शुल्क सहित वांछित दस्तावेजों के साथ आवेदन आमंत्रित की जाती है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 24.08.2026 शाम 5:00 बजे तक है।

(निर्धारित तिथि व समय के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा) सुविधा केन्द्र हेतु जिले के स्थानीय निवासी को ही प्राथमिकता दी जावेगी। आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगा।

नोटः- उपरोक्त सूचना से संबंधित अर्हताएं, नियम एवं शर्तें क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन दिवसों में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है या छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा "परिवहन सुविधा केन्द्र मार्गदर्शिका - 2022 का अवलोकन कर सकते है।

वरिष्ठ क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

G-262702548/4

कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर, संभाग रायपुर (छ.ग.)

लाल गंगा शॉपिंग मॉल के सामने जी.ई.रोड रायपुर,दूरभाष/ फैक्स नं.0771-2537244 E-Mail - jrcsraipur1@gmail.com

क्रमांक/सं.पं.रा/पंजीयन/न.क्र-30/2026/1497 रायपुर, दिनांक 07/08/2026

::: आम सूचना :::

एतद द्वारा सर्व साधारण / आम नागरिकों एवं अनमोल एग्रो रेसीडेंशियल को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, धरमपुरा, रायपुर (पंजीयन क्रमांक-988) के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि अनमोल एग्रो रेसीडेंशियल को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, धरमपुरा, रायपुर (पंजीयन क्रमांक-988) का पंजीयन गलत/मिथ्या जानकारी देकर कराए जाने की शिकायत श्री आनंद सुराना, रायपुर द्वारा की गई है। उक्त शिकायत की जाँच कराई गई।

जाँच अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार - उपरोक्त सहकारी सोसाइटी के पंजीयन के दस्तावेजों, पंजीयन हेतु प्रस्तुत आवेदन के प्रारूप 'क' में प्रस्तुत जानकारी में प्रथम हस्ताक्षरकर्ता श्री राजेंद्र सुराना सहित 11 प्रार्थियों ने घोषित किया है कि वे छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 की धारा 2 के खण्ड (झ) में परिभाषित के अनुसार कम से कम दस सदस्य विभिन्न परिवारों के हैं। परंतु पंजीयन के समय प्रस्तुत जानकारी के परीक्षण में यह पाया गया है कि उक्त 11 आवेदकों/प्रवर्तक सदस्यों में से 05 सदस्य क्रमशः 1-राजेंद्र सुराना, 2-पियूष सुराना, 3-राजदेव सुराना, 4-पारव सुराना, 5- हेमलता सुराना एक ही परिवार के हैं, जो निकट के नातेदार (पति-पत्नी एवं उनके 3 पुत्र) हैं। इस प्रकार कुल 11 आवेदक/प्रवर्तक सदस्य 'दस विभिन्न परिवारों के' न होकर कुल '07 ही विभिन्न परिवारों के' होना जाँच में पाया गया है जो छ.ग. सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 की धारा 6 (1) के प्रावधान के विपरीत है। इससे यह परिलक्षित होता है, कि अनमोल एग्रो रेसीडेंशियल को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, धरमपुरा, रायपुर (पं.क्र. 988) के प्रवर्तक सदस्यों द्वारा उक्त सोसाइटी के पंजीयन के समय-'प्रवर्तक सदस्यों के 10 विभिन्न परिवारों के होने' संबंधी गलत जानकारी देकर उक्त सहकारी सोसाइटी का पंजीयन करा लिया गया है।

अतः अनमोल एग्रो रेसीडेंशियल को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, धरमपुरा, रायपुर (पंजीयन क्रमांक-988) के प्रमुख संप्रवर्तक / बोर्ड / संचालक मंडल-सदस्यगण कारण स्पष्ट करें कि आपके द्वारा छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 की धारा 2 एवं धारा 6 का उल्लंघन किए जाने, दुर्व्यपदेशन के आधार पर उक्त सहकारी सोसायटी का पंजीयन कराए जाने के कारण क्यों न छ.ग. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 के प्रावधान अनुसार आपकी उक्त सहकारी सोसायटी के पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही की जावे। आप अपना पक्ष समुचित दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं, रायपुर संभाग, रायपुर में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। आपका जवाब / स्पष्टीकरण उपरोक्त समयावधि अंतर्गत प्राप्त नहीं होने अथवा आपका जवाब संतोषजनक एवं समाधान कारक नहीं होने की दशा में सोसायटी का पंजीयन निरस्त कर दिया जावेगा।

संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं
संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं
रायपुर संभाग रायपुर

G-262702648/1

कार्यालय कलेक्टर, जिला- नारायणपुर (छत्तीसगढ़) (आदिवासी विकास शाखा)

दूरभाष (कार्यालय) 07781-252881, (फैक्स) 299047 Email collector.assttw.narayanpur@gmail.com

क्रमांक/2147A/आ.वि./ छात्रवृत्ति / 2026-27 नारायणपुर दिनांक 05/08/2026

विज्ञापन

वर्ष 2023-24 एवं 2025-26 में अनुसूचित जनजाति वर्ग छात्र / छात्राओं का ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु लंबित छात्रवृत्ति सूचना

नारायणपुर जिले में संचालित समस्त शासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, पॉलिटेकनिक एवं आई.टी. आई.आदि के प्राचार्य/ संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उन संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है, कि शिक्षा सत्र 2023-24 एवं 2025 - 26 के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 17 छात्र / छात्रों का आधार सीडिंग, आधार खाते से पंजीयन एवं NS Portal (OTR) नहीं करवाने के कारण छात्र / छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान नहीं हो सका है। संबंधित छात्र (1. ARVIND USENDI 2.CHANDRAKANT 3. DINKI NAG 4. FULBATI NETAM 5.ISHWAR LAL KUMETI 6.LATA KUMETI 7.PAWAN KORRAAM 8.PREM BATTI 9. RAJESH 10. RAJNI POTAI 11. SANJILA SALAM 12. SHASHIPRABHA KACHLAM 13. SUKARBATTI 14. SUNITA 15. UPENDRA KUMAR 16. JHUNAY POTAI 17. GEETA) को निर्देशित किया जाता हैं कि अपने संस्था COLLEGE OF AGRICULTURE AND RESEARCH STATION NARAYANPUR, GOVT.SWAMI ATMANAND POST GRADUATE COLLEGE NARAYANPUR (C.G.), NAVEEN GOVT GIRLS COLLEGE NARAYANPUR, NAVEEN GOVT COLLEGE CHHOTEDONGAR NARAYANPUR, GOVT WOMEN ITI NARAYANPUR एवं कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) जिला नारायणपुर में दिनांक 20.08.2026 तक उपस्थित होकर छात्रवृत्ति संबंधि आपत्ति का निराकरण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा छात्रवृत्ति से वचित होगें।

टीप :- छात्रवृत्ति संबंधित अतिरिक्त अन्य जानकारी के लिये अपने संस्था या कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) जिला नारायणपुर में दिनांक 20.08.2026 तक सम्पर्क करना सुनिश्चित करें ।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, नारायणपुर

G-262702674/2

गांजा तस्करी में बाधा हटाने रखे थे कट्टा और कारतूस, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा खरीदने मध्यप्रदेश से ओड़ीशा पहुंचे लोग तस्करी के दौरान आने वाली अड़चन को हटाने बकायदा हथियार लेकर चलते मिले। पुलिस ने जिले के पलसापाली बैरियर में वाहन चेकिंग के दौरान कट्टा और जिंदा कारतूस लेकर चल रहे 4 आरोपियों उमाशंकर शर्मा , आकाश काकर शर्मा उर्फ गोलू, शिवम शर्मा , शनि सिंग उर्फ संदीप को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के निवासी है। आरोपियों से पुलिस ने कुल 19 लाख 25 हजार की संपत्ति जब्त की गई है। बसना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों एवं हथियारों की तस्करी पर रोकथाम के लिए 09-10 अगस्त की दरमियानी रात पलसापाली बैरियर पर चेकिंग एवं पेट्रोलिंग की जा रही थी। इस दौरान



ओडिशा की ओर से आ रही एक बिना नंबर की सफेद रंग की मारुति सुजुकी विक्टोरिस कार को संदेह के आधार पर रोका गया। कार में चार व्यक्ति सवार थे, जिनका आचरण अत्यंत संदिग्ध था। पुलिस टीम द्वारा तलाशी लेने पर कार के डेशबोर्ड/सीट के पास से 01 नग .315 बोर का देशी कट्टा एवं 03 नग जिंदा कारतूस बरामद हुआ। साथ ही कार में रखे एक बैग से 3,25,000 रुपए नगद भी बरामद हुए। इसके अतिरिक्त आरोपियों की व्यक्तिगत तलाशी में 04 मोबाइल जब्त किए गए। आरोपियों से पूछताछ में बताया कि वे सभी ओडिशा के बलांगीर से गांजा खरीदने पहुंचे थे।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
Office of the Executive Engineer
Irrigation Division, Jasidih Camp-Deoghar

E-Procurement short -tender Notice
Tender Reference No. :- WRD/Irr. Div., Jasidih Camp-Deoghar/SBD-IFB-03 (4th Call)/2026-27 Dt :10.08.2026

1.	Name of the work	Earthwork of Nawadih Distributary from Ch. 120.00 to 196.00 and all structures including HR from Ch 0.00 to 196.00
2.	Estimated Cost (Rs.)	Rs. 10,46,26,320.55 (Rs. Ten crore forty six lakhs twenty six thousand three hundred twenty and fifty five paise) only/-
3.	Time of Completion	540 (Five Hundred Forty) Days
4.	Last date & Time for receipt of bids	**03.09.2026** Up to 5:00 P.M.
5.	Date of Publication of Tender on website	**13.08.2026** 01:00 P.M.
6.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer Irrigation Division, Jasidih Camp-Deoghar
7.	Contact no. of Procurement officer	097710-63448
8.	Helpline number of e-Procurement cell	06432-232477

Note :- Only E-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Irrigation Division, Jasidih Camp-Deoghar

PR.NO.387112 Water Resource(26-27):D

कार्यालय अस्पताल अधीक्षक डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट एवं रिसर्च सेन्टर डी. के. एस. भवन रायपुर (छ.ग.)

Email-dkspgi@gmail.com Ph-07714061619

// नोटशीट //

// सूचना //

दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र, रायपुर (छ.ग.) में सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेसीडेंट एवं जूनियर रेसीडेंट के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू अधीक्षक कार्यालय में दिनांक 18/08/2026 दिन मंगलवार को 12:30 बजे आयोजित किया जा रहा है। रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार हैः-

क्र.	पदनाम	योग्यता	विभाग	कुल रिक्त पद की संख्या
1	सहायक प्राध्यापक	NMC के मापदंडों के अनुसार	एंडोक्राइनोलॉजी, न्यूरोलॉजी विभाग, एनेस्थेसिया विभाग	03
2	सीनियर रेसीडेंट	NMC के मापदंडों के अनुसार	यूरोलॉजी विभाग, एनेस्थेसिया विभाग	02
3	जूनियर रेसीडेंट	NMC के मापदंडों के अनुसार	गैस्ट्रो सर्जरी विभाग, यूरोलॉजी विभाग, न्यूरो सर्जरी विभाग, इमरजेंसी विभाग, पिडियाट्रिक सर्जरी विभाग, नेफ्रोलॉजी विभाग	09
			कुल	14

नोटः- 1. संविदा भर्ती में शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा।

2. विस्तृत जानकारी डी. के. एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेन्टर, रायपुर के वेब साइड www.dkspgi.in पर उपलब्ध हैं ।

अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज
डी. के. एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट
एवं रिसर्च सेंटर, रायपुर (छ.ग.)

G-262702695/1

homefirst We'll take you home

Home First Finance Company India Limited

CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से कॉलम (ii) में वर्णित ऋणधारक(ओं) और सह-ऋणधारक(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम (iii) में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार देय राशि और ब्याज की वसूली के लिए ले लिया गया है, और चूंकि देय राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री द्वारा देय राशि की वसूली का प्रस्ताव करता है और इसे ' 'जैसा है जहां है' ',' 'जैसा है वैसा ही' ' और ' 'जो कुछ भी है' ' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि वर्णित है। इसके अंतर्गत, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ता (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी ' 'ऑनलाइन' ' आयोजित की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणधारक(ओं) एवं सह-ऋणधारक(ओं) के नाम	संपत्ति का पता	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना राशि	कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	नीलामी की तिथि और समय	ईएमडी और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि और समय	अधिकृत अधिकारी का नंबर
1.	लालदेव यादव, कामदेव यादव, इंद्रदेव यादव	प्लॉट-संपत्ति भूमि खसरा नंबर 1527/2 का भाग, क्षेत्रफल 500 वर्ग फ़ुट. मौजा सांकरा में स्थित, प.ह.नं. 08, आर.आई.सी. अमलेश्वर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़-491111, चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम-रामावतार की भूमि, उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण-रामअवतार की भूमि	06-05-2026	12,25,176	07-07-2026	9,00,000	90,000	26-08-2026 (11am-2pm)	24-08-2026 (upto 5pm)	8197388148
2.	गौंड सतेंद्र कुमार, गौंड आशमा देवी	मकान-संपत्ति परिवर्तित भूमि जिसका प्लॉट नं. एलआईजी-71 है, खसरा नं.1328/20 क्षेत्रफल-0.0050 हेक्टेयर या 54.00 वर्गमीटर। संपत्ति स्थिति- मौजा-परसदा में प.ह.नं. 13, आर.आई.सी.-कुम्हारी, तहसील भिलाई-3 व जिला दुर्ग (छ.ग.), कुम्हारी, छत्तीसगढ़-490042, चौहद्दी: पूर्व-एलआईजी-102, पश्चिम-सड़क, उत्तर-एलआईजी-72, दक्षिण-एलआईजी-70।	06-05-2026	16,15,838	07-07-2026	14,32,404	1,43,240	26-08-2026 (11am-2pm)	24-08-2026 (upto 5pm)	8197388148
3.	कमलेश प्रसाद मौर्य, शौरभ मौर्य, देवेश मौर्य, कामती मौर्य	फ्लैट-मौजा बेंदरी, प. ह.नं. नंबर 30, आर.आई.सी. रायपुर-19-धनेली में स्थित है। तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.), संपत्ति भूमि जिसका खसरा नं. 221/9 का भाग है, पुन: क्रमांकित खसरा नंबर 221/42, क्षेत्रफल 720 वर्ग. फ़ीट. मौजा बेंदरी, प.ह.नं. 30, आर.आई.सी. रायपुर-19-धनेली, तहसील व रायपुर (छ.ग.) ज़िला रायपुर छत्तीसगढ़ 492099 में स्थित है; चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम-वर्मा की भूमि, उत्तर-सड़क, दक्षिण-भावना महुले की भूमि।	05-04-2026	5,04,396	06-06-2026	5,00,000	50,000	26-08-2026 (11am-2pm)	24-08-2026 (upto 5pm)	9822890334
4.	नेहा शर्मा, अशोक कुमार शर्मा	खसरा नंबर 179/4 का भाग, क्षेत्रफल 1955 वर्ग फ़ीट; संपत्ति स्थिति- मौजा-दतरेंगा, प.ह.नं. 84, आर.आई.सी.-धरसींवा-18 कंदुल, तहसील व ज़िला रायपुर (छ.ग.) रायपुर (छत्तीसगढ़)-492102 में स्थित, चौहद्दी: उत्तर-सड़क, दक्षिण-विक्रेता की अतिरिक्त भूमि, पूर्व-सड़क, पश्चिम-विक्रेता की अतिरिक्त भूमि।	03-02-2026	13,72,759	07-04-2026	9,57,950	95,795	26-08-2026 (11am-2pm)	24-08-2026 (upto 5pm)	8197388148

ई-नीलामी सेवा प्रदाता	ई-नीलामी वेबसाइट/विवरण और अन्य नियम एवं शर्तें	ईएमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु खाता नंबर	शाखा का IFSC कोड	लाभार्थी का नाम
कंपनी का नाम: ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) हेल्पलाइन नंबर: 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति: राम शर्मा - 8000023297 ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net	http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net	91170200058 24- होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड - एक्सिस बैंक लिमिटेड, बैंगलोर केटी	UTIB0000009	अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

बोली वृद्धि राशि 10,000/- रुपये है। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें युक्त ई-नीलामी निविदा दस्तावेज पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, संपत्ति पर भार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की ओर से कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। संपत्ति होम फर्स्ट को ज्ञात या अज्ञात सभ

वर्षों से सामाजिक भेदभाव और अन्याय झेला, आर्थिक पिछड़ेपन से तुलना करना ठीक नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। इसमें केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' व्यवस्था लागू करने की मांग का विरोध किया है। सरकार ने कहा कि एससी-एसटी समुदायों ने वर्षों तक सामाजिक भेदभाव और अन्याय झेला है। उनकी स्थिति की तुलना केवल आर्थिक पिछड़ेपन से नहीं की जा सकती। सरकार ने यह भी कहा कि आरक्षण के नियम बदलने का अधिकार सिर्फ संसद के पास है, अदालत के पास नहीं। केंद्र सरकार अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर अपना जवाब दे रही थी। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि एससी और एसटी की पहचान के आधार और ओबीसी की पहचान के आधार अलग-अलग हैं। सरकार ने कहा कि एससी समुदाय छुआछूत जैसी ऐतिहासिक सामाजिक बुराइयों के कारण लंबे समय तक वंचित रहा है। वहीं एसटी समुदाय की पहचान उनकी खास संस्कृति, भौगोलिक अलगाव और पिछड़ेपन के आधार पर की जाती है। सरकार ने याचिका को 'गलत धारणा पर आधारित और गुण-दोष से रहित' बताते हुए सुप्रीम कोर्ट से इसे खारिज करने की मांग की है।

एससी-एसटी में आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' पर केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में जवाब

सामाजिक समानता स्थापित करना लक्ष्य

सरकार ने कहा कि ओबीसी की पहचान सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर की जाती है। एससी और एसटी को आरक्षण देने का उद्देश्य सामाजिक समानता और न्याय स्थापित करना, ऐतिहासिक भेदभाव को समाप्त करना तथा सार्वजनिक जीवन में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करना है। समानता की इस व्यापक अवधारणा को ध्यान में रखते हुए यह समझना जरूरी है कि इन समुदायों के खिलाफ भेदभाव आर्थिक स्थिति के आधार पर नहीं होता।



संपन्न परिवार आरक्षण का लाभ ले रहेः याचिकाकर्ता

याचिका में कहा गया है कि एससी और एसटी वर्गों के भीतर आर्थिक रूप से संपन्न परिवार आरक्षण का ज्यादातर लाभ ले रहे हैं। इससे आरक्षण का लाभ इन्हीं परिवारों तक सीमित हो रहा है और सबसे अधिक वंचित लोगों को शिक्षा तथा सरकारी नौकरियों में अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। याचिका में सामाजिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ चुके लोगों को आरक्षण के लाभ से बाहर करने की मांग की गई है। जो लोग पहले ही सामाजिक रूप से आगे बढ़ चुके हैं, उन्हें आरक्षण देना सकारात्मक भेदभाव के उद्देश्य के विपरीत है। याचिका में सभी आरक्षित श्रेणियों में आय आधारित प्राथमिकता लागू करने की मांग की गई है।

शिवसेना (यूबीटी) की याचिका पर सुनवाई दो हफ्ते टली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) की उस याचिका पर सुनवाई दो हफ्ते के लिए टाल दी, जिसमें उसके 6 सांसदों के महाराष्ट्र के उपसीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय को लोकसभा अध्यक्ष की ओर से दी गई मंजूरी को चुनौती दी गई है।

खबर संक्षेप

तमिलनाडु विधानसभा में बजेगा पहले राज्य गीत

चेन्नई। सीएम विजय ने तमिलनाडु में कार्यक्रमों की शुरुआत में राज्य गीत 'तमिल थाई वाझथु' अनिवार्य रूप से गाने का प्रस्ताव रखा। शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी दफ्तरों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में इसे लागू करने के प्रस्ताव को डीएमके, एआईडीएमके और कांग्रेस ने समर्थन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'तमिल थाई वाझथु' को राज्य में सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए और इसके सम्मान से समझौता नहीं होगा। यह गीत 2021 में तमिलनाडु के राज्य गीत का आधिकारिक दर्जा पा चुका है।

बंगाल में मिलेगा इमरजेंसी के कैदियों को पेंशन

कोलकाता। बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने इमरजेंसी के दौरान जेल जाने वाले बंगाल के 325 लोगों के लिए 10 हजार पेंशन का ऐलान किया है। उन्होंने रविवार को कहा कि इन लोगों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए काफी परेशानियां झेली थीं। राज्य सचिवालय में कार्यक्रम के दौरान अधिकारी ने बताया कि इमरजेंसी में जेल गए 325 लोगों की पहचान 'पश्चिमबंग लोकतंत्र सेनानी सम्मान' के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि नई सरकार देश के लिए कुर्बानी देने वाले इन्हीं वीरों के आदर्शों पर बनी है। केंद्र की भाजपा सरकार 1975 में लगी इमरजेंसी के दिन (25 जून) को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाती है।

द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों के बीच हुई घटना

स्लोवेनिया में भारतीय दूतावास पर हमले से भड़का भारत, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना स्थित भारतीय दूतावास परिसर को भारत विरोधी तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। भारत सरकार ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने स्पष्ट कहा कि वियना कन्वेंशन के तहत किसी भी देश के राजनयिक परिसर की सुरक्षा और उसकी पवित्रता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। मंत्रालय ने इस मामले को नई दिल्ली और ल्युब्ल्याना, दोनों स्तरों पर स्लोवेनियाई अधिकारियों के समक्ष मजबूती से रखा है। एमईए ने जोर देकर कहा कि इस तरह की निंदनीय घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। साथ ही, कानून प्रवर्तन एजेंसियों से ऐसे समूहों द्वारा फैलाई जा रही घृणा और दुष्प्रचार का संज्ञान लेने का आग्रह किया है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब भारत और स्लोवेनिया अपने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। पिछले महीने भारतीय राजदूत अमित नारंग ने स्लोवेनिया के विदेश एवं यूरोपीय मामलों के मंत्री टोने काजर से मुलाकात की थी। दोनों पक्षों ने सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। भारतीय दूतावास ने बताया कि राजदूत ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का पत्र सौंपा और बातचीत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। 24 जून को सचिव (पश्चिम) राजदूत सिबी जॉर्ज ने स्लोवेनिया के राष्ट्रीय दिवस समारोह में हिस्सा लिया था। उस मौके पर स्लोवेनिया ने सीमा पार आतंकवाद समेत हर क्षेत्र में भारत के साथ खड़े रहने का वादा दोहराया था।

कानून के तहत राजनयिक को मिलनी चाहिए सुरक्षा

भारत और स्लोवेनिया के बीच राजनयिक संबंध 1992 से स्थापित

नफरत फैलाने वाले प्रचार से रहें सतर्क



मंत्रालय ने दूसरे देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से भी सतर्क रहने को कहा क्योंकि ऐसे समूहों द्वारा नफरत फैलाने वाला प्रचार और गलत जानकारी फैलाई जा रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अन्य जगहों पर कानून प्रवर्तन अधिकारियों से भी अपील करते हैं कि वे ऐसे समूहों द्वारा फैलाए जा रहे नफरत भरे प्रचार और गलत जानकारी पर ध्यान दें।

1992 से हैं राजनयिक संबंध

भारत और स्लोवेनिया के बीच राजनयिक संबंध 1992 में स्थापित हुए थे। ल्युब्ल्याना में भारतीय दूतावास 2007 से कार्यरत है। ऐसे में राजनयिक परिसर को नुकसान पहुंचाने की घटना को भारत ने बेहद गंभीरता से लिया है और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया है।

बीते माह स्लोवेनिया के विदेश मंत्री से मिले थे नारंग

आपको बता दें कि भारत और स्लोवेनिया इन दिनों अपने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसी दिशा में स्लोवेनिया में भारत के राजदूत अमित नारंग ने राजनयिक और आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए स्लोवेनिया के विदेश और यूरोपीय मामलों के मंत्री टोन काइजर से मुलाकात की थी।

भारत ने जोर शोर से उठाया मामला

अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत राजनयिक मिशनों को मिलने वाली सुरक्षा का जिक्र करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि वियना कन्वेंशन के तहत, राजनयिक परिसरों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता और उनकी सुरक्षा की जानी चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने नई दिल्ली और ल्युब्लियाना, दोनों जगहों पर स्लोवेनियाई अधिकारियों के साथ यह मामला जोर-शोर से उठाया है ताकि दोषियों को जवाबदेह ठहराया जाए।

खालिस्तान समर्थकों ने किया हमला

स्लोवेनिया की राजधानी ल्युब्ल्याना में स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले खालिस्तान समर्थक भारत विरोधी तत्वों ने भारतीय दूतावास की इमारत पर हमला कर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। दूतावास परिसर के बाहर स्वतंत्रता दिवस के विरोध और भारत विरोधी नारों वाले बोर्ड लगाए गए। इस घटना पर विदेश मंत्रालय ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वियना कन्वेंशन का हवाला दिया, जिसके तहत राजनयिक परिसरों की सुरक्षा मेजबान देश की जिम्मेदारी होती है। भारत ने नई दिल्ली और ल्युब्ल्याना दोनों स्तरों पर स्लोवेनियाई अधिकारियों के सामने मामला दर्ज कराकर दोषियों की पहचान और त्वरित कार्रवाई की मांग की है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को ऐसे नफरत फैलाने वाले समूहों से सतर्क रहने की हिदायत दी है।

पीएम रहमान के भारत आने पर संशय

कूटनीतिक संबंधः भारत की नेपाल के पीएम और बांग्लादेश के साथ हुई बैठक



नेपाल के प्रधानमंत्री शाह से मिले भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव



बांग्लादेश में प्रधानमंत्री रहमान से मुलाकात करते हुए दिनेश त्रिवेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत अब वेस्ट एशिया में अपने पड़ोशियों के साथ कूटनीति के नियम नए सिरे से लिखने लगा है। एक तरफ भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने सोमवार को काठमांडू में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से मुलाकात की। दूसरी तरफ बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। पद संभालने के बाद बालेन शाह ने पहली बार किसी विदेशी राजनयिक से वन-ऑन-वन मुलाकात की। शेख हसीना को लेकर बांग्लादेश की तल्खी और नेपाल में चीनी प्रभाव के बीच भारत से राजनयिक ये मुलाकात कर रहे हैं। नेपाल के पीएम के साथ बैठक में दोनों देशों के संबंधों के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा हुई। बातचीत में द्विपक्षीय मित्रता, साझा हितों, विकास सहयोग और दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। राजदूत श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट पर लिखा, सोमवार सुबह नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। भारत और नेपाल के बीच मजबूत और बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने पर सार्थक बातचीत हुई।

हसीना को लेकर बांग्लादेश ने जाहिर की थी नाराजगी

बांग्लादेश ने मीडिया के साथ हुई इस बातचीत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस घटना से वहां के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और इससे भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध बेहतर बनाने की कोशिशों पर बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने हसीना को फरार और नरसंहार की अभियुक्त बताया। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय ने सात अगस्त को कहा था कि हसीना से जुड़े उस मीडिया कार्यक्रम में उसकी कोई भूमिका नहीं थी और वह उस मंच पर बांग्लादेश सरकार के बारे में कही गई किसी भी बात का समर्थन नहीं करता है।

10वीं के छात्र से 12 छात्रों की हैवानियत

रैगिंग के नाम पर जूतों से चेहरा कुचला, डंडे और बेल्ट से पीटा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के मेडचल-मलकाजगिरी जिले से स्कूल हॉस्टल में 10वीं के छात्र के साथ कथित मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। डम्मैगुडा स्थित श्री चैतन्य हाई स्कूल के हॉस्टल में एक छात्र पर उसके साथी छात्रों ने कथित तौर पर हमला किया। आरोप है कि करीब 12 छात्रों ने रात के समय छात्र को डंडों और प्लेटों से पीटा. इतना ही नहीं, उसके चेहरे पर बूट रखकर कुचलने का भी आरोप है। पीड़ित छात्र की पहचान अभिषेक के रूप में हुई है। वह कामारेड्डी का रहने वाला है और कक्षा 10 में पढ़ता है। घटना जवाहर नगर पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले इलाके में स्थित स्कूल हॉस्टल की बताई जा रही है। अभिषेक के परिजनों के मुताबिक, घटना के बाद स्कूल प्रबंधन की तरफ से उन्हें फोन किया गया। परिजनों को बताया गया कि उनका बेटा सीढ़ियों से गिर गया है और उसे चोट लगी है। यह जानकारी मिलने के बाद अभिषेक के माता-पिता तुरंत स्कूल पहुंचे. इसके बाद वे अपने बेटे को वहां से घर लेकर आए। घर आने के बाद अभिषेक की हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल छात्र का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

डंडे और प्लेटों से हमले का आरोप

इलाज के दौरान और घर पर परिजनों से बातचीत में अभिषेक ने कथित तौर पर उन्हें बताया कि उसके साथ मारपीट हुई थी। छात्र के मुताबिक, वरिष्ठ छात्रों ने रैगिंग के नाम पर उसके साथ मारपीट की। उसने परिजनों को बताया कि कई छात्रों ने मिलकर उसे पीटा था। परिजनों के अनुसार, अभिषेक के बयान के बाद उन्हें घटना की वास्तविकता के बारे में जानकारी मिली. इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने छात्रों पर गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि हॉस्टल में अभिषेक के साथ वरिष्ठ छात्रों ने रैगिंग के नाम पर मारपीट की।

असम-अरुणाचल सीमा पर अज्ञात हमलावरों ने की फायरिंग, 8 घायल, 7 गंभीर

गुवाहटी। असम-अरुणाचल सीमा पर स्थित धेमाजी जिले के मिंगमांग बदती इंटर-स्टेट बॉर्डर पर अरुणाचल प्रदेश के अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस घटना में 8 असमी गांव वाले घायल हो गए, जिनमें से 7 की हालत गंभीर है। इस घटनाक्रम से दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच नया तनाव पैदा हो गया। यह पूरा घटनाक्रम बॉर्डर इलाके में अतिक्रमण को लेकर हुआ। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह असम-अरुणाचल प्रदेश बॉर्डर पर मिंगमांग बस्ती में हुई।

उन्होंने कहा कि यह अरुणाचल प्रदेश के लोगों द्वारा असम में जमीन पर कथित कब्जे को लेकर हुए विवाद का नतीजा था। बाद में यह टकराव बढ़कर फायरिंग में बदल गया। अधिकारी ने बताया कि बॉर्डर पार से आए बदमाशों ने असम के लोगों को निशाना बनाकर अंधाधुंध फायरिंग की। घायलों की पहचान दुर्गेश्वर पातिर, रोहित डोले, नागराज डोले, बिगेश्वर पातिर, पामे पेगु, संजय तयुंग, उत्पल डोले और जान डोले के तौर पर हुई है।

26/11 हमले से जुड़े लश्कर आतंकी अब्दुल-अजीज की मौत

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

26/11 मुंबई आतंकी हमले का आरोपी और लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी कारी सईद अब्दुल-अजीज इस्लामाबाद में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह कुबा मस्जिद के बाहर अचानक गिर पड़ा था। उसे संभालने की कोशिश की गई, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि मस्जिद पहुंचने से पहले उसने एक रेस्टोरेंट में खाना खाया था। हालांकि, उसकी मौत की वजह अभी साफ नहीं है और पाकिस्तानी अधिकारियों ने भी इस घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अब्दुल-अजीज पर 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमले की साजिश में शामिल होने का आरोप था। इस हमले में लश्कर के 10 आतंकियों ने मुंबई के कई ठिकानों पर हमला किया था। इसमें 166 लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों लोग घायल हुए थे।

कांग्रेस फैक्ट फाइंडिंग टीम ने सौंपी रिपोर्ट

छात्र आंदोलन पर एके 47 से गोली चलाने का आदेश किसने दिया ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में भर्ती परीक्षाओं की फीस और छात्रों के अन्य मुद्दों को लेकर चल रहे विरोध-प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने नीतीश कुमार सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राज्य में छात्रों के खिलाफ पुलिस ने 'अत्यधिक बर्बरता' की और कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों को बेरहमी से पीटा गया। पार्टी का दावा है कि सीवान में प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर एके -47 तक का इस्तेमाल किया गया, जिसमें तीन छात्र घायल हुए।कांग्रेस ने इन घटनाओं की पड़ताल के लिए राज्य के अलग-अलग जिलों में भेजी गई छह फैक्ट-फाइंडिंग टीमों की रिपोर्ट सोमवार को पार्टी नेतृत्व को सौंपी। रिपोर्ट के बाद नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने बिहार सरकार और पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए तथा मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री की भूमिका पर स्पष्टीकरण मांगा।

यह लगाया आरोप

कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्ण अल्लावरू ने आरोप लगाया कि बिहार में छात्रों और युवाओं के खिलाफ 'आतंक का माहौल' बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस आधी रात को छात्रों के घरों पर दबिश दे रही है और कई युवाओं को गिरफ्तार किया गया है। उनका दावा था कि फैक्ट-फाइंडिंग टीमों ने छात्रों, युवाओं, प्रशासनिक अधिकारियों और मीडिया से बातचीत कर स्थिति की जानकारी जुटाई है और सभी छह टीमों ने अपनी रिपोर्ट पार्टी को सौंप दी है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com
CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 20000 फील्ड अधिकारी 18000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 -20000 टेंडर कार्य, मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016.(आरो-815)

अति शीघ्र आवश्यकता है- Security Guard Post- 60 Salary: 22000 (CTC) 18500 (in hand) PF & ESIC अलग से योग्यताः हाइट- 5.5" वजन- 55 kg योग्यता- दसवीं पास फैसिलिटी- रहने की निःशुल्क व्यवस्था लोकेशनः उरला, रायपुर (छत्तीसगढ़) पताः मध्य भारत सिक्योरिटी सर्विस सोनकर बाड़ी के पीछे, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) Mob. 9244767619, 9244767686, 6267596471. (आरो-817)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000 पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 9893041578, 8085233213, 7223821623, 7440981254. (आरो-41602)

हरिभूमि

टीचर

आवश्यकता है- लेडी वाईस प्रिंसीपल, इंचार्ज (फ्रेशर बी.एड.) एवं एकाउंट, मैथ्स, मैनेजमेंट इको, एसएसटी, इंग्लिश पढ़ाने हेतु, डांस, म्यूजीक, स्पोर्ट्स शिक्षक/शिक्षिकाओं, माली की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 13.08.2026 प्रातः 9:30 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई, 9826198065, 0771-2252855. (आरो-002)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य के लिए लड़कियों एवं महिलाओं की जरूरत है। पता - ST ENTERPRISES, सब्जी मार्केट पानी टंकी, यूनिहोम्स सोसायटी के सामने, भाटागांव रायपुर (छ. ग.) संपर्क करे - 9993685150, 8871740076.(आरो-816)

आवश्यकता है- ऑफिस में साफ सफाई एवं अन्य कार्य हेतु चपरासी एवं महिला, 1 फुल टाइम को (घर),1 ई-रिक्शा ड्राइवर, फार्महाउस हेतु चौकीदार (सफाईकर्मी) रहने की सुविधा उपलब्ध 7974351591. (आरो-4157)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में लड़को/लड़की (फ्रेशर/अनुभवी) की जरूरत है वेतन योग्यता अनुसारः आशीष शुभम मेडिकोज 41 छत्तीसगढ़ दवा बाज़ार राजबंधा मैदान रायपुर 81039 81038. (आरो-230)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार रायपुर में कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है कम पढ़े लिखे भी संपर्क कर सकते है संपर्कः- 8349712577, 9827918086. (आरो-054)

हेल्पर

आवश्यकता है- भैय्या जी ढाबा (हनोदा) में कार्य करने के लिए रसोइया और हेल्पर की जरूरत है। संपर्क करें- 7000680424. (आरो -324)

डिजाइनर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- फ्लेक्स प्रिंटिंग के कार्यालय में डिजाइनर,1 फ्लेक्स पेस्टर ,1 मशीन ऑपरेटर ,1 हेल्पर (लेबर) की शीघ्र आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध सरोना चौक के पास लॉजिस्टिक पार्क रायपुर. 7869187165. (आरो-4156)

मैकेनिक

आवश्यकता है- मैकेनिक चाहिए- दो पहिया वर्कशॉप हेतु अनुभवी, निपुण मैकेनिक की आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करेः- शुक्ला जी माँ दुर्गा ऑटोस फाफाडीह रायपुर मोबाइल नंबरः- 9993485550, 9300697230. (आरो-053)

पैकिंग कार्य

शीघ्र आवश्यकता है- आयुर्वेदिक क्लीनिक में दवा पैकिंग कार्य हेतु लड़के लड़कियां पुरुष महिलाओं की जरूरत संपर्क करें डॉक्टर अग्रवाल मोहन नगर थाना के सामने ब्राइट फर्नीचर के पीछे मो 9827199213.(आरो -4162)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681. (आरो-209)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कहीं भी राशि जमा करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेने व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रकाशक व संपादक) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उत्पन्न किसी कारण के नतीजे और विज्ञापन दावाओं के अपने दायरों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार की नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail at Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 300Rs. EXTRA.

COLOUR 40% Extra Charge For Display
GST For All Ad

EDITION	RATE
Raipur City	3000
Bhilai + Durg Edition	2800
Raipur Edition	4400
Bilaspur City	2500
Bilaspur Edition	3800
All CG	5500

EDUCATION SPECIAL
2+1
5+3
10+10
15+18

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE

10X1 For 30 Days	Raipur City	55000	85000	1,10,000
	Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
	Bilaspur City	40000	70000	1,00000
	Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
	Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
	All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.- 0771-4242242, Mob.: 08098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob : 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

जैकेट के शेष

तिरंगे से सजी राजधानी, एक किमी लंबी ...

परंपराओं और क्षेत्रों की विविधता के बावजूद तिरंगा हम सभी को भारतीय होने के एक साझा गौरव से जोड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा, जब तिरंगा लहराता है तो प्रत्येक भारतीय के मन में स्वाभाविक रूप से राष्ट्र के प्रति गौरव और सम्मान का भाव जागृत होता है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और एक सशक्त राष्ट्र के रूप में भारत की यात्रा का साक्षी है। तिरंगा हमें अपने अधिकारों के साथ राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का भी स्मरण कराता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान आज एक व्यापक जनअभियान का स्वरूप ले चुका है। इस अभियान ने तिरंगे को घर-घर तक पहुंचाने के साथ राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और मजबूत किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों में पूरे सम्मान और गौरव के साथ तिरंगा फहराने तथा तिरंगा यात्राओं से जुड़कर राष्ट्रीय एकता के इस उत्सव को और भव्य बनाने का आह्वान किया।

ये हुए शामिल : तिरंगा यात्रा में कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद रूप कुमारी चौधरी, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, अनुज शर्मा, इंद्र कुमार साहू, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, निगम-मंडल-आयोगों के अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पूर्व सैनिक, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

बदलते बस्तर में शांति और विकास ...

जाएगा तथा तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। बस्तर के गांवों और दूरस्थ अंचलों में भी तिरंगा पूरे गौरव के साथ लहराएगा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, देश स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व मनाने जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा तथा तिरंगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, गौरव और एकता का प्रतीक है।

अब नवंबर में पुलिस भर्ती परीक्षा...

द्वारा गृह (पुलिस) विभाग के अंतर्गत सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर परीक्षा-2024 की प्रारंभिक लिखित परीक्षा का परिणाम 04 अगस्त 2026 को जारी किया गया था। इसके साथ मुख्य परीक्षा के आयोजन के लिए 24, 25 एवं 26 अक्टूबर 2026 की संभावित तिथियां निर्धारित की गई थीं। इसी दौरान 25 अक्टूबर 2026 को शिक्षक भर्ती परीक्षा भी आयोजित होने के कारण दोनों परीक्षाओं की तिथियों में टकराव की स्थिति बन गई थी। इससे दोनों परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के सामने किसी एक परीक्षा से वंचित होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। अभ्यर्थियों की इस व्यावहारिक समस्या की जानकारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संज्ञान में आने पर उन्होंने तत्काल अधिकारियों को युवाओं के हित में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा की पूर्व निर्धारित तिथियों में परिवर्तन किया गया है। अब सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर (मुख्य) परीक्षा-2024 का आयोजन 02, 03 एवं 04 नवम्बर 2026 को किया जाएगा। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने मुख्य परीक्षा के लिए चिन्हांकित अभ्यर्थियों को पृथक से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की सलाह दी है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग द्वारा अलग से जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों से आयोग की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री साय ने आगामी भर्ती परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य और सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

बीमार महिला को झेलगी में ...

ग्राम पंचायत भैंसापाठ की रहने वाली 58 वर्षीया महिला रदनी की तबीयत अचानक खराब होने पर सोमवार को परिजन अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। बड़ी बात यह है कि दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में बसे इस गांव में अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। इसलिए गांव तक किसी एम्बुलेंस के पहुंचने की संभावना नहीं थी। यही वजह है कि परिजन बुजुर्ग महिला को झेलगी में लेकर पैदल ही घर से निकल गए। लगभग दो किमी तक पैदल सफर कर ग्रामीण मुख्य सड़क तक आए जिसके बाद महिला को उपचार के लिए निजी वाहन की मदद से झारखंड के महुआडांड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद एक बार फिर से जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

आरक्षक की मौत के 42 दिन बाद ...

राम, हमें खुशी है कि आप स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं। इस मैसेज के आने के बाद पहले से गमजदा परिवार की भावनाएं आहत हुई हैं। मृतक की पत्नी ने इस घटना का वीडियो जारी कर नाराजगी जाहिर की और लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है, जशपुर जिले के कांसाबेल अंतर्गत कटंगखार निवासी देव नारायण राम पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे। आरक्षक देव नारायण राम को परिजन द्वारा उपचार के लिए 26 जून को राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान 30 जून को आरक्षक देव नारायण राम की मौत हो गई थी। मौत के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन की ओर से मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया था। अस्पताल में भर्ती करने के दौरान मृतक आरक्षक देव नारायण राम का उपचार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत किया गया था।

पेज एक के शेष

सोने-चांदी की राखियों का कारोबार दस...

करीब डबल हो गए हैं। सोने की राखियों के दाम भी 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। ऐसे में बीते साल जितने ही दस करोड़ के कारोबार की संभावना है। सामान्य राखियां जहां महज दस रुपए से प्रारंभ हो जाती हैं, वहीं फैंसी राखियों की कीमत 50 रुपए से 200 तक रहती है, लेकिन जहां तक चांदी की राखियों का सवाल है, तो इसकी कीमत इस बार पांच सौ रुपए से प्रारंभ हो रही है। बीते साल इसके दाम 300 सौ रुपए से प्रारंभ हुए थे। बीते साल चांदी के दाम एक लाख 20 हजार थे जो इस बार करीब डबल दो लाख 38 हजार हैं। चांदी की राखियां थोक में 400 से प्रारंभ होकर 24 सौ तक हैं। इनके दाम चिल्हर में पांच सौ से लेकर 25 सौ रुपए तक हैं।

बीते साल से दाम...

देनी पड़ेगी। अगर कोई ग्राहक इस बार सोने की एक तोले की राखी चाहेगा तो उसको इसकी कीमत एक लाख 60 हजार तक देनी होगी। इसी तरह से चांदी में भी दस ग्राम की राखी की कीमत बीते साल से ज्यादा रहेगी। बीते साल चांदी की कीमत एक लाख बीस हजार होने पर दस ग्राम चांदी के दाम 12 सौ थे तो दस ग्राम चांदी की राखी के दाम 13 से 14 सौ रुपए थे, लेकिन इस बार इसके दाम करीब ढाई हजार हो गए हैं।

झीरम मामले में आज फिर होगी...

होगा कि प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय कितने आरोपियों को दोषी ठहराता है और कितनों को राहत मिलती है। न्यायलयीन सूत्रों के मुताबिक सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित एनआईए कोर्ट की विशेष अदालत में अंतिम बहस शुरू हुई। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष का पक्ष सुना लेकिन न्यायालयीन समय समाप्त होने के कारण कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी। अब मामले की अगली सुनवाई मंगलवार सुबह 11 बजे होगी और अदालत में बचाव पक्ष को अपनी अंतिम दलीलें रखने का अवसर दिया जाएगा।

दो बांग्लादेशी रायपुर में...

शेख रेहान नाम के बांग्लादेशी युवकों को पकड़ा है। दोनों का किसी तरह से क्रिमिनल रिकार्ड नहीं है। दोनों युवक 20 साल से ज्यादा समय से रायपुर में रह रहे थे। जमाल दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश के जेस्सोर तथा शेख रेहान उत्तरी बांग्लादेश के रंगपुर डिवीजन स्थित पार्बतीपुर का रहने वाला है। जमाल कबाड़ी का तथा रेहान ऑटो मैकेनिक का काम करता था। जमाल को पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व डिटेन किया। उसके बाद पुलिस ने रेहान को डिटेन किया। जमाल के दस्तावेज तैयार कर उसे बांग्लादेश डिपोर्ट करने की तैयारी में पुलिस जुटी हुई है।

पिता की आईडी के बेस पर बनवाया आधार : अपने माता-पिता से साथ आया रेहान उनके भारतीय नागरिक के फर्जी पहचानपत्र के बेस पर अपना आधारकार्ड के साथ पासपोर्ट बनवाकर यहां रह रहा था। बांग्लादेशी नागरिकों के संबंध में पुलिस ने पिछले वर्ष धरपकड़ अभियान चलाया था। इस दौरान रेहान के माता-पिता पुलिस को चकमा देकर छिपकर बांग्लादेश भाग गए। रेहान यहीं रुक गया था। वह देश के अलग-अलग राज्यों में छिप रहा था। इस दौरान अपने देश बांग्लादेश जाने की पुलिस को जानकारी मिली है।

नहीं पकड़े जाने का था....

शहर के अलग-अलग इलाकों में तलाशी अभियान चला रही थी। इस दौरान पुलिस को रेहान तथा जमाल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने दोनों को मुखबिर की मदद से पकड़ने में कामयाबी हासिल की है।

पूनम, पद्मिनी कर रहे 'गड़बड़ी', भड़के 11 सदस्यों ने अचानक दिया इस्तीफा

सीआईएनटीए में खलबली, लगाए कई गंभीर आरोप

एजेंसी ▶▶ मुंबई



फिल्म बॉडी सीआईएनटीए एक बड़े क्राइसिस का सामना कर रही है। उनके 11 मेंबर्स, जिनमें से 8 चुने हुए मेंबर थे उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सीआईएनटीए की जनरल सेक्रेटरी उपासना सिंह ने इसकी पुष्टि भी कर दी है। इन इस्तीफों के पीछे बेहद गंभीर कारण रहे हैं, जिसका खुलासा उपासना ने मीडिया के सामने किया है। उपासना सिंह ने बताया कि उनके एसोसिएशन के 11 सदस्यों ने इस्तीफा अध्यक्ष पूनम ढिल्लों और उप-अध्यक्ष पद्मिनी कोल्हापुरे के कारण दिया है। न्यूज एजेंसी से बातचीत में उपासना ने उन लेटर्स में लिखी हुई बातों को पढ़कर सुनाया। इसमें लिखा गया कि पूनम ढिल्लों अपने पद का गलत इस्तेमाल कर रही हैं, इसलिए वो सभी एसोसिएशन से जा रहे हैं। जिन लोगों ने सीआईएनटीए को छोड़ा है, उनमें इंडस्ट्री के कुछ बड़े नाम भी शामिल हैं। सीआईएनटीए से जिन 8 चुने हुए मेंबर्स ने अपना इस्तीफा दिया है, उनके नाम- हेमंत पांडे, मुकेश ऋषि, साहिला चड्ढा, हेतल परमार, पुनीत इस्सर, विंदू दारा सिंह, विकास वर्मा और दीपक पाराशर हैं। सभी सदस्यों के इस्तीफे लेटर में जो बातें लिखीं, उसके बारे में उपासना सिंह ने कहा- हमारे 11 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया है। इनमें से 8 सदस्य चुने हुए थे।

सेकंड ईयर के चार सीनियर डॉक्टर सस्पेंड

रैगिंग से परेशान जूनियर डॉक्टर ने किया सुसाइड

सूरत। सूरत के न्यू सिविल हॉस्पिटल में फर्स्ट ईयर के रेजिडेंट डॉक्टर हर्ष पंड्या ने रैगिंग से परेशान होकर सुसाइड कर लिया था। रैगिंग का आरोप सेकंड ईयर के चार सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर पर लगा है। फिलहाल इन्हें छह महीने के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही उन्हें हॉस्टल खाली करने का आदेश दिया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने सोमवार को चारों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई है। पुलिस की जांच पूरी होने के बाद इनके खिलाफ आगे की कार्रवाई होगी। साथ ही एचओडी और तीन फैकल्टी सदस्यों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी धमतरी छ.ग.
(न्यायालय में उपस्थिति हेतु समंस आदेश 05 नियम 20(1) क व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत)

सक्सेशन वाद-13/2026
पेशी दिनांक 17.08.2026
प्रोसेस क्रमांक-296/2026

श्रीमति सुल्ताना कुरैशी वगैरह ...आवेदिकागण
बनाम
श्रीमान आयुक्त नगर पालिक निगम धमतरी ...अनावेदक

प्रति,

आवेदिका श्रीमति सुल्ताना कुरैशी के पति वेदप्रकाश सोनी नगरपालिक धमतरी में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ था जिनकी मृत्यु दिनांक 28.05.2025 को हो गयी है। जिनकी नगर निगम कार्यालय धमतरी में जमा राशियों एवं अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1955 के तहत प्रस्तुत किया गया है। आप आम जनता एवं जो भी कोई हित रखता हो इस न्यायालय में दिनांक 17.08.2026 को समय सुबह 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपस्थिति हेतु समंस/नोटिस जारी किया जाता है। आप स्वयं या किसी अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होवे जिसे तत्संबंध में आदेश दिया गया हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके। अतः आप आम जनता को सूचित किया जाता है कि आप वर्णित की तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की अगली सुनवाई और उनका निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस में लिया जावेगा।

आज दिनांक 24/07/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

तनुश्री गवेल
प्रथम व्यवहार, न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी धमतरी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती शीलू सचदेव पति जितेन्द्र सचदेव निवासी संजय वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा अधिकृत होकर तथा उनके द्वारा दिये गये निर्देशो के आधार पर आम लोगो को जिसका इससे संबंध हो यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि मेरे पक्षकार के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 23/06/2026 के द्वारा ग्राम राजाढार, प.ह.नं. - 16, रा. नि.मं. खोखली तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 9/1, रकबा 0.1590 हे. परिवर्तित लगान 701 रू. उसके पूर्व अभिलिखित भूमिस्वामी संयम सचदेव पिता जितेन्द्र सचदेव से क्रय किया गया था जो कि विक्रय पत्र उपपंजीयन कार्यालय भाटापारा में पुस्तक क्रमांक अ -1, ग्रंथ क्रमांक 4416, दस्तावेज क्रमांक - CG-2026-27-136-1-1089 दिया जाकर दिनांक 23/06/2026 को पंजीकृत किया गया है उक्त विक्रय पत्र मेरे पक्षकार से भाटापारा में कही गुम हो चुका है तथा अत्यंत खोजने के पश्चात भी मेरे पक्षकार को आज तक प्राप्त नही हो पाया है तथा मेरे द्वारा उक्त विक्रय पत्र दिनांक 23/06/2026 को किसी भी वित्त प्रदान करने वाली संस्था, बैंक या फायनेंस कंपनी में बंधक नही रखा गया है दर्शित करने हेतु एवं उक्त विक्रय पत्र के गुम होने बाबत यह आम सूचना पत्र का प्रकाशन सर्वसाधारण सूचनार्थ किया जा रहा है।

सो सूचना जानें।

दिनांक 10/08/ 2026

मनीष कुमार यादव
(नोटरी / अधिवक्ता)
गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
मो. नं. 98261- 95586, 70008-38966

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
G.E. Road, Raipur - 492010 (CG) Phone: (0771) 4270619
Email: registrar@nitrr.ac.in, Website: www.nitrr.ac.in

क्रं./एनआईटीआरआर/रजिस्ट्रार/2026/702 दिनांक 10/08/2026

एनआईटी रायपुर में एम.टेक./एम.एससी. प्रवेश हेतु स्पॉट राउंड काउंसिलिंग की सूचना

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न **एम.टेक./एम.एससी. कार्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु स्पॉट राउंड काउंसलिंग** आयोजित की जा रही है । पंजीकृत अभ्यर्थी **दिनांक 14.08.2026** को आयोजित स्पॉट राउंड काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं । **पात्रता, रिक्त सीटों की उपलब्धता, प्रवेश प्रक्रिया, शुल्क एवं अन्य निर्देशों** की विस्तृत जानकारी के लिए एनआईटी रायपुर की वेबसाइट देखें ।

सही/- **कुलसचिव**
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)
निविदा सूचना

नि.क्रं.24/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026-27 बिलासपुर दिनांक 10/08/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 01/09/2026 को सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :–

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
1	वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु वार्ड क्र. 30 से 37 एवं 40 क्षेत्रान्तर्गत टेंट आदि व्यवस्था बाबत् । (वार्षिक निविदा)	9.95
2	वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु वार्ड क्र. 30 से 37 एवं 40 हेतु साउंड सिस्टम/मुनादी आदि । (वार्षिक निविदा)	9.95
3	जोन क्रं. 05 अन्तर्गत डब्ल्यू.एम.एम. (WMM) मटेरियल प्रदाय एवं बिछाने का कार्य। वार्षिक निविदा (वित्तीय वर्ष 2026–27)	5.00

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जोन कमिश्नर–5
न.नि., बिलासपुर

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT TUMGOAN, DISTT.-MAHASAMUND (C.G.)

E-Procurement Tender Notice (4th Call)

Letter no./ 3986 /N.P./PWD/2026-27 Tumgaon, Dated 10.08.2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works / supply works up to date 20/08/2026 at 17:30 Hours

S. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (in Lakh)	Earnest Money (in RS.)	Class of Contractor
1	197260	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of TUMGAON, Chhattisgarh	25.37	12700/-	Class "D" & Above

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 10.08.2026 at 17:00 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process, you may please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL
OFFICER NAGAR PANCHAYAT TUMGAON

कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुम्हारी, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::

क्र. /1240/ लो.क.वि./न.पा./2026 कुम्हारी दिनांक 10.08.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनु.ला. (लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
197232	वार्ड क्रं.-10 में जी.ई. रोड से शीतला मंदिर तक (महामाया मंदिर रोड) कवर्ड आर.सी.सी. नाली निर्माण सी.सी. रोड निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य	53.67	03.09.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद् कुम्हारी

ACB (INDIA) LIMITED

Requirement of Chartered Accountant in Chattisgrah Region

ACB (India) Ltd along with its subsidiaries and associates is Indian largest and efficient coal beneficiation company in the private sector. Our core business is coal beneficiation, coal logistics and thermal power generation. We are looking for a Chartered Accountant for our Regional Head Quarter - Dist- Korba (CG)

The desired profile :-

Accounting & Reporting:
* Manage day-to-day plant accounting operations and general ledger.
* Finalize monthly, quarterly trial balance of the plants in the region and submit MIS to MD on monthly/quarterly basis.
* Handle cost accounting, variance analysis, and inventory valuation for all the plants.
* Ensure compliance with Ind AS while doing transactions.

Taxation & Compliance:
* Manage GST, TDS, TCS, and corporate tax filings for the Plant.
* Superwise the team handling state electricity regulatory compliance and local levies.
* Manage GST audits, assessments, and litigations with tax authorities.
* Ensure timely payment and filing of all statutory dues.

SAP Management:
* Oversee SAP FICO (Financial Accounting and Controlling) operations.
* Implement and improve MM (Materials Management) and SD (Sales and Distribution) integrations.
* Troubleshoot financial workflow issues within the SAP system.

Audit & Control:
* Coordinate internal, statutory, and cost audits for the plant.
* Maintain robust internal financial controls and risk management.

Required Qualifications & Skills

Education:
* Chartered Accountant (CA)

Experience:
* Minimum 7 years of post-qualification experience.
* Preferably, at least 3 years working in a thermal power plant or Coal Washery Industry /Sponge Iron Plant / Manufacturing Industries / Process Industries.

Technical Skills:
* Hands-on expertise in SAP FICO/MM/SD modules with end-to-end implementation or support experience.
* Deep knowledge of Indian tax laws and power sector regulations.
* Advanced Excel and data analytics skills.

Interested candidates shall apply within 10 days in the Email ID:- hr.rhq@cg.acbindia.com

सरकार चर्चा के लिए तैयार पर राहुल कार्यवाही बाधित कर रहेः नड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा नेता जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी को सदन में आने और चर्चा करने की चुनौती देते हुए कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है और उन्हें उचित जवाब दिया जाएगा। नड्डा ने जंतर-मंतर की घटना को लेकर भी साफ कहा कि वहां कोई गोली नहीं चली और न ही गोली चलाने का कोई आदेश दिया गया था। उन्होंने ये बातें सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कही। जेपी नड्डा ने कहा कि जंतर-मंतर के मुद्दे पर चर्चा तय होने के बाद भी राहुल गांधी गलत जानकारी देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं। नड्डा ने कहा कि सरकार का लगातार यही रुख रहा है कि सदन चलना चाहिए और सदन चलने पर हर मुद्दे पर जवाब दिया जाएगा।

राहुल को दी चुनौती : जेपी नड्डा ने राहुल गांधी को एक बार फिर चुनौती देते हुए कहा कि वह सदन में आएं। नड्डा के मुताबिक, सरकार चर्चा के लिए तैयार है और राहुल गांधी को इसका उचित जवाब मिलेगा। उन्होंने साथ ही गलत सूचना फैलाने से बचने की अपील की। नड्डा ने कहा कि विपक्ष ने एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग की थी और सदन में इस पर विस्तृत चर्चा भी हुई, लेकिन जब सरकार के जवाब देने की बारी आई तो वे सदन से बाहर चले गए। केंद्रीय मंत्री ने महंगाई के मुद्दे का भी जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष ने कीमतों में बढ़ोतरी पर चर्चा की मांग की थी और सरकार ने इस पर चर्चा कराई।

राशिफल

मेष कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

मिथुन परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

सिंह बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

कन्या नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

धनु व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

मकर परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

कुंभ मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मीन तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

कावेरी जल विवाद 13 से सुप्रीम सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट 13 अगस्त को तमिलनाडु की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें कर्नाटक को 15 दिनों तक रोजाना 3,500 क्यूसेक कावेरी पानी छोड़ने का निर्देश देने की मांग की गई है। कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (CWMA) ने 30 जुलाई को कर्नाटक को पानी छोड़ने का निर्देश दिया था। तमिलनाडु सरकार ने आरोप लगाया है कि कर्नाटक इस आदेश का पालन नहीं कर रहा है। राज्य ने 15 दिनों में कुल 4.536 टीएमसी पानी छोड़ने की मांग की है। वहीं, DMK ने भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कर्नाटक को तुरंत पानी छोड़ने का निर्देश देने की मांग की है।

हॉस्टल में 6 छात्राओं को सांप ने काटा, 3 की मौत : गढ़चिरोली। महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में आदिवासी आवासीय स्कूल के हॉस्टल में सांप ने 6 बच्चियों को काट लिया। इनमें से तीन की मौत हो गई, जबकि तीन का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

MUNICIPAL CORPORATION BHILAI

J.P./N.P.N./678/168 **E-Procurement Tender Notice** Bhilai/Dated: 06/08/2026

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in


Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "A" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal ((https://eproc.cgstate.gov.in)

Sr. no	Tender no	Name of work	Probable amount of contract	Earnest money (in lacs)	BID Submission Start Date	BID Due Date	Call	Form
1	196965	जोन क्र. 02 वैशाली नगर के रामनगर में निर्मित नवीन उच्चस्तरीय जलागार से वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं पुराने पाइप लाइन से इंटरकनेक्शन का कार्य।	70.90 Lacs	0.54	05/08/2026	27/08/2026	First call	Form A
2	196967	जोन क्र. 04 खुर्सीपार में निर्मित नवीन उच्चस्तरीय जलागार से वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं पुराने पाइप लाइन से इंटरकनेक्शन का कार्य ।	77.03 Lacs	0.58	05/08/2026	27/08/2026	First call	Form A

NOTE: (1) For other details visit GoC e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in (2) Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document. (3) For more details please download NIT details.

Executive Engineer
Municipal Corporation Bhilai

शब्द पहेली - 6314



बाएँ से दाए
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

ऊपर से नीचे
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

शब्द पहेली - 6313 का हल

	ज	हा	ल	त		नि	ड	र	
क	प		क्ष्य		आ	स	रा		मा	मा
ल			ही	र	क		ला			हि
प	रा	धी

अब जंग नहीं, फेड का फैसला तय करेगा सोने की चमक! ब्याज दरों पर टिकी गोल्ड की अगली चाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोने की कीमतों और भू-राजनीतिक संघर्षों के बीच पारंपरिक संबंध बदल रहा है तथा मुद्रास्फीति, ब्याज दरें और मौद्रिक नीति सर्राफा कीमतों को प्रभावित करने वाले अधिक महत्वपूर्ण कारक बनकर उभरे हैं। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल)) की 'एच1 2026 प्रेशियस मेटल्स रिपोर्ट' के अनुसार, चालू वर्ष की पहली छमाही में यह स्पष्ट हुआ कि केवल भू-राजनीतिक जोखिम सोने में तेजी बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। निवेशक अब संघर्षों का आकलन इस आधार पर अधिक कर रहे हैं कि उनका मुद्रास्फीति और ब्याज दरों पर क्या असर पड़ता है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती से सोने की कीमतों को मिली मजबूती

मौद्रिक नीति का अपेक्षाओं पर प्रभाव

एमओएफएसएल में जिंस शोध प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, 2026 की पहली छमाही ने दिखाया कि युद्ध और सोने के बीच संबंध अब पहले की तुलना में अधिक परिस्थितियों पर निर्भर हो गया है। उन्होंने कहा कि बाजार अब केवल भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर ध्यान नहीं दे रहा, बल्कि यह देख रहा है कि उनका मुद्रास्फीति, वास्तविक ब्याज दरों और मौद्रिक नीति की अपेक्षाओं पर क्या प्रभाव पड़ता है।



संघर्ष में सोने की तेजी रही सीमित

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका-ईरान संघर्ष भी इस बदलते रुख का उदाहरण है। संघर्ष बढ़ने पर शुरुआती दौर में सोने की मांग बढ़ी, लेकिन कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से मुद्रास्फीति की चिंता बढ़ी और मौद्रिक नीति में ढील की उम्मीद कमजोर हुई। इससे सोने की तेजी सीमित रही और बाद में कीमतों में सुधार आया। रिपोर्ट में कहा गया, शुल्क अब केवल आर्थिक वृद्धि के लिए जोखिम नहीं रह गए हैं, बल्कि वे मुद्रास्फीति बढ़ाने वाली ताकत बन गए हैं।

यील्ड सोने के लिए सबसे बड़ी बाधा

दमानी ने कहा कि ऊंचे बॉन्ड प्रतिफल (यील्ड) सोने के लिए सबसे बड़ी बाधा बनकर उभरी। इससे सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की पारंपरिक मांग पर भी असर पड़ा, जबकि भू-राजनीतिक तनाव ऊंचे स्तर पर बने रहे। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष की शुरुआत में नीतिगत अनिश्चितता, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश, केंद्रीय बैंकों की खरीदारी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों से सोने की कीमतों को मजबूती मिली। रिपोर्ट में कहा गया कि बाद में शुल्क बढ़ने से उत्पादन लागत और मुद्रास्फीति की अपेक्षाएं बढ़ीं। इससे लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें बने रहने की आशंका मजबूत हुई और अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिभूतियों की वास्तविक प्रतिफल तथा डॉलर में तेजी आई।

खबर संक्षेप

एयरटेल बिजनेस-आईटीआई ने किया समझौता



नई दिल्ली। भारती एयरटेल की कारोबार-से-कारोबार (बी2बी) इकाई एयरटेल बिजनेस और सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी आईटीआई लिमिटेड ने उद्यमों को डिजिटल समाधान उपलब्ध कराने के लिए समझौता किया है। आईटीआई लिमिटेड के कोटे का लाभ उठाकर सार्वजनिक क्षेत्र, एयरटेल बिजनेस की हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी।

भारत फोर्ज को 89.89 करोड़ का घाटा



नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा विनिर्माता कंपनी भारत फोर्ज लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में 89.89 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि उसकी जर्मनी स्थित अनुषंगी इकाई के पुनर्गठन के लिए किए गए प्रावधान के कारण वह घाटे में रही।

'आश्रयम' टाउनशिप' के दूसरे चरण की शुरुआत



नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी अग्रशील इन्फ्राटेक प्राइवेट लि. ने लखनऊ में अपनी टाउनशिप परियोजना 'आश्रयम' के दूसरे चरण की शुरुआत की घोषणा की है। कंपनी इस चरण में करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। 'आश्रयम' एकीकृत भूखंड आधारित टाउनशिप परियोजना का दूसरा चरण लगभग 11.25 एकड़ में फैला है।

रुपए में गिरावट से सोना और चांदी में उछाल

नई दिल्ली। भारतीय रुपए में आई गिरावट के कारण आयात महंगा होने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में सोने की कीमतों में तेजी जारी रही। सोना 2 हजार रुपए बढ़कर 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1.54 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, पिछले सत्र में स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमतों में भी फिर से तेजी लौट आई।

दुनिया के सबसे सक्रिय प्राथमिक बाजारों में शामिल भारत

आईपीओ बाजार में भारत की धूम, 360 से ज्यादा इश्यू से जुटे 1.9 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू कंपनियों ने बीते वित्त वर्ष 2025-26 में 360 से अधिक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए करीब 1.9 लाख करोड़ रुपए जुटाए। इसके साथ ही भारत दुनिया के सबसे सक्रिय प्राथमिक बाजारों में शामिल रहा।

हालांकि, सूचीबद्ध होने के बाद मिलने वाले लाभ और शेयरों की संख्या के मुकाबले अधिकतम बोलियों में कमी से संकेत मिलता है कि निवेशक अब कंपनियों का चयन अधिक सावधानी से कर रहे हैं। ग्रांट थॉर्नटन, भारत की सोमवार को जारी देश के आईपीओ बाजार पर रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं और तनाव तथा बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद कंपनियों की पूंजी जुटाने की गतिविधियां मजबूत बनी रहीं।

मार्च, 2026 में वैश्विक स्तर पर आईपीओ में भारत की हिस्सेदारी 14 %

मजबूत कंपनियों में बढ़ी निवेशकों की रुचि

रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेशकों की रुचि अब उन कंपनियों की ओर अधिक बढ़ी है, जिनकी बुनियाद मजबूत हैं, कंपनी संचालन व्यवस्था बेहतर है, आय में वृद्धि की स्पष्ट संभावना है और मूल्यांकन अधिक संतुलित है। मुख्य शेयर बाजारों में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान रिकॉर्ड 109 आईपीओ आए, जिनके माध्यम से करीब 1.77 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए। इसकी तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में 80 आईपीओ के जरिये 1.63 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च, 2026 में वैश्विक स्तर पर हुए कुल आईपीओ में भारत की हिस्सेदारी 14 प्रतिशत रही और इस मामले में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा।

निवेशक ले रहे अधिक सोच-समझकर निर्णय : वित्त वर्ष 2025-26 में आईपीओ के लिए अधिक अभिदान का औसत घटकर 39 गुना रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 71 गुना था। यह कंपनियों के मूल्यांकन, प्रबंधन गुणवत्ता और कारोबार की मजबूती को लेकर बढ़ती जांच को दर्शाता है। इसी तरह, सूचीबद्ध होने के पहले दिन मिलने वाला औसत लाभ वित्त वर्ष 2025-26 में घटकर सात प्रतिशत रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 29 प्रतिशत था। वहीं, सूचीबद्ध आईपीओ कंपनियों का औसत सालाना प्रदर्शन 17 प्रतिशत नकारात्मक रहा।



नए शेयर जारी करने का हिस्सा बढ़कर हुआ 39 प्रतिशत


भारतीय पूंजी बाजार की मजबूती को घरेलू निवेशकों की अच्छी भागीदारी और लगातार बढ़ते निवेशक आधार का समर्थन मिला। हालांकि, वैश्विक घटनाक्रमों, जिंस कीमतों और मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव का प्रभाव निवेशकों के फैसलों पर बढ़ा है। ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य बाजार के आईपीओ से जुटाई गई राशि में बिक्री पेशकश (ओएफएस) का दबदबा बना रहा और इसकी हिस्सेदारी 61 प्रतिशत रही। वहीं, नए शेयर जारी करने का हिस्सा बढ़कर 39 प्रतिशत हो गया, जो वृद्धि के लिए पूंजी जुटाने की गतिविधियों में धीरे-धीरे सुधार का संकेत है। निवेशकों के बदले रुख का असर आईपीओ के लिए बोली और सूचीबद्ध होने के प्रदर्शन में भी दिखाई दिया।

258 एसएमई आईपीओ के जरिए जुटाए 12,030 करोड़

वित्त वर्ष 2025-26 में 258 एसएमई आईपीओ के जरिये 12,030 करोड़ रुपए जुटाए गए, जो पिछले तीन वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में 242 एसएमई आईपीओ से 9,900 करोड़ रुपए जुटाए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले समय में भारत का आईपीओ बाजार मजबूत बने रहने की उम्मीद है। घरेलू निवेशकों की बढ़ती भागीदारी, अर्थव्यवस्था की संरचनात्मक वृद्धि और विस्तृत होते निवेशक आधार से आईपीओ बाजार को समर्थन मिलेगा। जिन कंपनियों की बुनियाद मजबूत होगी और जो आईपीओ के लिए बेहतर तैयारी के साथ आएंगी, वे सार्वजनिक बाजार से पूंजी जुटाने और सूचीबद्ध होने के बाद भी निवेशकों का भरोसा बनाए रखने में अधिक सफल रहेंगी।

उतार-चढ़ाव के बाद मामूली बढ़त के साथ सपाट बंद हुआ मार्केट

एजेंसी ▶▶ मुंबई



■ सेंसेक्स में 43 अंकों की बढ़त, एनएसई निफ्टी में 13 अंक की तेजी

कच्चे तेल के भाव में तेजी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 43 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 13 अंक की तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 43.27 अंक यानी 0.06 प्रतिशत बढ़कर 78,542.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 78,676.98 अंक तक गया और नीचे में 78,298.92 अंक तक आया।

इस तरह कारोबार के दौरान इसमें 378.06 अंक का उतार-चढ़ाव रहा। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी भी 13.15 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,583.80 अंक पर बंद हुआ।

एशिया के शेयर बाजारों में बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। वहीं, शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।

देश का सबसे महंगा लग्जरी घर

गुरुग्राम में 271 करोड़ रुपए में बिका पेंटहाउस!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ लिमिटेड ने गुरुग्राम स्थित अपनी आगामी लक्जरी आवासीय परियोजना में 271 करोड़ रुपए में एक पेंटहाउस बेचा है।

सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रति वर्ग फुट कीमत के लिहाज से यह देश के सबसे महंगे सौदों में से एक है। डीएलएफ ने अक्टूबर, 2024 में गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-5 में 17 एकड़ में फैली अपनी लक्जरी आवासीय परियोजना 'द डहलियाज' शुरू की थी। इस परियोजना में 420 अपार्टमेंट और पेंटहाउस शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने इस परियोजना का एक पेंटहाउस उद्यमी मानव सरदाना को बेचा है।

■ डीएलएफ में एक अपार्टमेंट की कीमत 100 से 170 करोड़ रुपए के बीच

1.58 लाख रुपए प्रति वर्ग फुट की दर से बिका पेंटहाउस

सूत्रों के अनुसार, सुपर एरिया के आधार पर डीएलएफ ने यह पेंटहाउस 1.58 लाख रुपए प्रति वर्ग फुट की दर से बेचा है, जबकि कारपेट एरिया के हिसाब से इसकी बिक्री कीमत करीब 2.6 लाख रुपए प्रति वर्ग फुट बैठती है। डीएलएफ के प्रवक्ता ने इस बिक्री पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। कंपनी को इस परियोजना से 40 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कुल राजस्व मिलने की उम्मीद है। अब तक इसकी 65 प्रतिशत से अधिक इकाइयां बिक चुकी हैं। इस परियोजना में एक अपार्टमेंट की कीमत 100 करोड़ रुपए से 170 करोड़ रुपए के बीच है। पेंटहाउस की कीमत इससे अधिक है।

एनडीआर स्मार्ट स्पेसेज में करेगी निवेश आईएफसी



मुंबई। अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) ने एनडीआर स्मार्ट स्पेसेज प्राइवेट लिमिटेड में 225 करोड़ रुपए (करीब 2.3 करोड़ डॉलर) के इक्विटी निवेश की घोषणा की। इस निवेश से एनडीआर स्मार्ट स्पेसेज को 14 शहरों में लगभग दो करोड़ वर्ग फुट 'निर्माणाधीन है। एनडीआर स्मार्ट स्पेसेज, एनडीआर समूह की ओर से स्थापित एक नया मंच है। यह एनडीआर इनविट ट्रस्ट का प्रायोजक है और महाराष्ट्र, तमिलनाडु तथा उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में ग्रेड-ए वेयरहाउस और लॉजिस्टिक अवसंरचना विकसित करने पर केंद्रित है। कंपनी के अनुसार, इस पोर्टफोलियो में सामान्य वेयरहाउस और कोल्ड स्टोरेज दोनों शामिल होंगे। परियोजना का विशेष ध्यान टियर-2 और टियर-3 के शहरों पर होगा, जहां आधुनिक लॉजिस्टिक अवसंरचना और संगठित क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर अपेक्षाकृत कम हैं।

■ इन नंबरों का उपयोग किसी भी तरह की प्रचार के लिए नहीं होगा

ट्राई ने की लॉजिस्टिक कंपनियों के लिए 1601 नंबर सीरीज अनिवार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दूरसंचार नियामक ट्राई ने सोमवार को बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं एवं बीमा (बीएफएसआई) तथा सार्वजनिक क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों की सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल के लिए अलग 1601 नंबर श्रृंखला के इस्तेमाल का निर्देश दिया। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि पहले चरण में 1601 नंबर श्रृंखला का उपयोग बिजली, पानी, रसोई गैस, शहर गैस, कूरियर और लॉजिस्टिक क्षेत्र की कंपनियां अपने ग्राहकों को सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल करने के लिए करेंगी। इन नंबरों का उपयोग किसी भी तरह की प्रचार (प्रमोशनल) कॉल के लिए नहीं किया जा सकेगा।

दोनों तरह की कॉल में भ्रम न हो

अभी 1600 नंबर श्रृंखला का उपयोग केवल बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र तथा सरकारी संस्थाओं की सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल के लिए किया जाता है। ट्राई ने कहा कि बीएफएसआई और सरकारी संस्थाओं की कॉल संवेदनशील और महत्वपूर्ण होती हैं। इसलिए अन्य क्षेत्रों की सेवा संबंधी कॉल के लिए अलग 1601 श्रृंखला शुरू की गई है, ताकि दोनों तरह की कॉल में भ्रम न हो।

10 लाख कनेक्टेड कारों की बिक्री करेगी हुंडई ...



नई दिल्ली। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का लक्ष्य 2027 तक भारत में कुल 10 लाख कनेक्टेड कारों की बिक्री का है। कनेक्टेड कारों में वायरलेस संपर्क की सुविधा होती है, जिससे विभिन्न उद्देश्यों के लिए वाहन से संबंधित आंकड़ों का आदान-प्रदान किया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि फिलहाल भारतीय सड़कों पर उसकी 'ब्लूलिंक' कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कनेक्टेड कार प्रौद्योगिकी से लैस आठ लाख से अधिक कारें चल रही हैं। हुंडई मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण गर्ग ने कहा, कनेक्टेड वाहनों का बढ़ता इस्तेमाल ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं और वाहन क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। वर्ष 2027 तक 10 लाख कनेक्टेड कारों की बिक्री के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए हमारा ध्यान सॉफ्टवेयर आधारित वाहन प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने और अपने उत्पादों में कनेक्टेड प्रौद्योगिकी का विस्तार करने पर है।

डॉलर के सामने 13 पैसे गिरा रुपया, 95.30 के स्तर पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



■ डॉलर में मजबूती से स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा

मजबूत डॉलर और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को रुपया 13 पैसे कमजोर होकर 95.30 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, पश्चिम एशिया वार्ता में कोई प्रगति नहीं होने और डॉलर में मजबूती से स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा। हालांकि, विदेशी निवेशकों के प्रवाह ने रुपए को थोड़ा सहारा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.18 पर खुला और कारोबार के दौरान 95.18 से लेकर 95.31 के दायरे में कारोबार करता रहा। अंत में यह 95.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले सत्र के मुकाबले 11 पैसे की गिरावट है। रुपया पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को 95.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

रुपया पिछले सत्र के स्तर से मामूली कमजोर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, रुपया पिछले सत्र के स्तर से मामूली कमजोर हुआ है। ब्रेंट क्रूड के 84 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने और व्यापार घाटे पर इसके संभावित असर के कारण दबाव बना। हालांकि, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश का सकारात्मक प्रवाह अगस्त में भी जारी होने से रुपये को सहारा मिल रहा है।

जापान, मलेशिया और बहरीन के साथ बातचीत कर रही है एनपीसीआई

भारत का यूपीआई अब होगा ग्लोबल, मिलेंगी कई सुविधाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के हर जगह मौजूद मोबाइल पेमेंट नेटवर्क को चलाने वाली कंपनी, दुनिया भर में अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए विदेशों में बसे भारतीयों का सहारा लेने की योजना बना रही है। इसका मकसद इस प्लेटफॉर्म को देशों के बीच पैसे के लेन-देन का पसंदीदा जरिया बनाना है।

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के सीईओ दिलीप असबे ने कहा, क्या अगले 10 सालों में 15-20 बाजारों में पहुंचना मुमकिन है? मुझे लगता है कि यह बाज़ार में उतरने का एक बहुत अच्छा तरीका है। एनपीसीआई ने ही यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) बनाया है।

उन्होंने आगे कहा, जिस तरह भारत घरेलू पेमेंट के मामले में आत्मनिर्भर है, उसी तरह हम दूसरे देशों के साथ होने वाले पेमेंट (क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट) के मामले में भी आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। एनपीसीआई जापान, मलेशिया और बहरीन जैसे देशों के साथ बातचीत कर रही है। उन्होंने कहा कि जियोपॉलिटिकल और रेगुलेटरी असर की वजह से इन देशों की सरकारों और सेंट्रल बैंकों का फ़ैसला ही आखिरी होगा।

यूपीआई बिजनेस मॉडल में बदलाव संभव

एनसीपीआई की रणनीति का मकसद भारत के 3.5 करोड़ प्रवासी लोगों तक पहुंचना है। इन लोगों ने मार्च में खत्म हुए फाइनेंशियल ईयर में 155 अरब डॉलर से ज़्यादा रकम भारत भेजी, जो दुनिया भर में सबसे ज़्यादा रेमिटेंस है। विदेशी भारतीयों ने बाजार में मुश्किल समय के दौरान खास डिपॉजिट स्कीम के जरिए देश के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने में भी मदद की है। अखबे ने कहा, प्रवासी लोगों की संख्या बढ़ेगी, यात्रा बढ़ेगी और व्यापार भी बढ़ेगा।

■ एनआरआई नेटवर्क से दुनिया तक पहुंचेगा डिजिटल पेमेंट



यूपीआई के जरिए आसान होगा विदेशी पेमेंट

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के अनुसार, ट्रांजैक्शन वॉल्यूम के मामले में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम है। इसने भारत में रोज़मर्रा के पेमेंट के तरीके को बदल दिया है। अब यूज़र्स मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल करके बैंक अकाउंट्स के बीच तुरंत पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं और कई ट्रांजैक्शन के लिए उन्हें कार्ड नेटवर्क की ज़रूरत नहीं पड़ती। एनपीसीआई अब यूपीआई को विदेशी पेमेंट सिस्टम से जोड़कर विदेशों में भी वैसी ही कामयाबी हासिल करना चाहता है।

ग्लोबल पेमेंट सिस्टम में भारत की पहल

यह विस्तार सिंगापुर, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात समेत नौ देशों में यूपीआई की मौजूदगी को और बढ़ाएगा। अभी यूपीआई सिंगापुर और नेपाल के बीच पर्सन-टू-पर्सन रेमिटेंस की सुविधा देता है, जबकि ग्रीस से इनवर्ड रेमिटेंस (पैसे आने) की सुविधा भी उपलब्ध है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और बैंकों द्वारा स्थापित एनपीसीआई देश के रिटेल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर को चलाता है। एनपीसीआई नामीबिया, पेरू और त्रिनिदाद और टोबैगो जैसे विकासशील देशों को भी यह टेक्नोलॉजी एक 'पब्लिक गुड' के तौर पर उपलब्ध करा रहा है, ताकि वे भी ऐसा ही सिस्टम बना और चला सकें।

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से रुपया कमजोर



मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, अमेरिका एवं ईरान के बीच समझौते को लेकर अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में अचानक आए उछाल से सोमवार को रुपया कमजोर हुआ। निचले स्तर से डॉलर के मजबूत होने का भी असर पड़ा, लेकिन घरेलू शेयर बाजार की मजबूती ने गिरावट को सीमित रखा। चौधरी ने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े आने से पहले कारोबारी सतर्क रह सकते हैं और डॉलर एवं रुपए की विनिमय दर 95 से 95.60 के दायरे में रह सकती है।

646 दिन बाद सरफराज की टेस्ट टीम में वापसी, कश्मीर में घटाया 17 किलो वजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारत की टेस्ट टीम में वापसी करने से कुछ दिन पहले सरफराज खान ने सोशल मीडिया पर लिखा था 'हो सकता है मैं टीम में फिट न बैठूं, लेकिन मैं अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।' इससे उनके दृढ़ संकल्प का पता चलता है लेकिन वह तब की परिस्थितियों से भी अच्छी तरह अवगत थे।

अब किस्मत ने पलटी खाई और वह फिर से भारतीय टीम का हिस्सा बन गए, जो एक तरह से उनके दृढ़ संकल्प की भी जीत है। साई सुदर्शन के चोटिल होने से सरफराज को भारतीय टीम में जगह बनाने का वह मौका मिल गया, जिसका वे पिछले दो वर्षों से इंतजार कर रहे थे। उन्हें 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया गया है। सरफराज ने टीम में शामिल होने के लिए 17 किलो वजन भी घटाया।

रणजी ट्रॉफी में लगाया था तिहरा शतक

मुंबई के रहने वाले इस खिलाड़ी के लिए यह वापसी इससे बेहतर समय पर नहीं हो सकती थी, क्योंकि उन्होंने फिट होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास किए थे, जिसमें पिछले डेढ़ साल में 17 किलो वजन कम करना भी शामिल था। रणजी ट्रॉफी में तिहरा शतक बनाने के बावजूद सरफराज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अधिक भारी भरकम शरीर वाला खिलाड़ी माना जाता था लेकिन अब वह अधिक चुस्त-दुरुस्त दिखते हैं, जिसने निश्चित रूप से उनके टी20 खेल में सुधार हुआ है।

15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम में शामिल



शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में किया अभ्यास

मुंबई में बेमौसम की बारिश के कारण अभ्यास करना संभव नहीं था और इसलिए सरफराज कश्मीर चले गए, जहां उन्होंने अपने कौशल को निखारने के लिए शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में घंटों बिताए। इसलिए उनकी वापसी काफ़ी मायने रखती है, क्योंकि 2024 में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ चार बार नाकाम रहने के बाद टीम से बाहर किए जाने को पचा पाना मुश्किल था। यह एक ऐसी श्रृंखला थी, जिसमें सभी खिलाड़ी असफल रहे लेकिन आखिर में गाज सिर्फ इस 28 वर्षीय खिलाड़ी पर ही गिरी। इसके बाद वे इंग्लैंड गए जहां उन्होंने बेकेनहैम में एक 'इंट्रा-स्क्वाड' मैच (भारत बनाम भारत ए) में शतक बनाने के अलावा इंग्लैंड लायंस के खिलाफ एक अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए की तरफ से 92 रन बनाए। लेकिन राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी दूर की कौड़ी बनी रही जब तक कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत का अपने घरेलू मैदानों पर लचर प्रदर्शन के कारण खतरे की घंटी नहीं बजी।

स्पिन गेंदबाजी खेलने में माहिर सरफराज

सूत्रों की मानें तो टीम प्रबंधन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट से पहले सरफराज के बारे में पूछताछ की थी, लेकिन चयन समिति उन्हें वापस टीम में लेने के लिए तैयार नहीं थी। लेकिन अब सुदर्शन के दाहिने पैर के अंगूठे में लगी चोट के समय पर ठीक नहीं होने के कारण चयन समिति के पास उनकी जगह भरने के लिए तीन विकल्प थे। रुतुराज गायकवाड़, शेख रशीद और सरफराज, जो मौजूदा टीम में कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत के अलावा शायद स्पिन गेंदबाजी को खेलने में सबसे माहिर खिलाड़ी है। ध्रुव जुरेल कुछ समय से स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। इसलिए यह निश्चित नहीं कहा जा सकता कि उत्तर प्रदेश का यह खिलाड़ी 15 अगस्त से गॉल में शुरू होने वाले पहले टेस्ट में विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेलेगा।

खबर संक्षेप



ई-स्पोर्ट विश्व कप : ग्रांड फाइनल में भारत की दो टीमें

पेरिस। 'ओरंगुटान' और 'गॉडलाइक ई-स्पोर्ट' ने यहां जारी ई-स्पोर्ट विश्व कप 2026 में 'पबजी मोबाइल विश्व कप (पीएमडब्ल्यूसी)' के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय टीमें बनने का गौरव हासिल किया है। पीएमडब्ल्यूसी ग्रुप चरण में ओरंगुटान और गॉडलाइक ई-स्पोर्ट ने अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पांच में रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता में 32 टीमों को 16-16 के दो ग्रुप में बांटा गया था और प्रत्येक टीम ने 12 मुकाबले खेले। ओरंगुटान ने ग्रुप-ए में 91 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

पीजीए सीनियर्स: जीव ने किया सातवां स्थान हासिल

एबेरडीन। दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने अंतिम दौर में दो-अंडर 70 का कार्ड खेलकर 2026 स्टेश्योर पीजीए सीनियर्स चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से सातवां स्थान हासिल किया। जीव (54 वर्ष) ने पिछले सत्र में आईजीपीएल कोलंबो में खिताब जीता था। उन्होंने 76, 71, 69 और 70 के कार्ड खेला, जिससे उनका कुल स्कोर दो अंडर रहा। दक्षिण अफ्रीका के डैरेन फिचार्ड ने एबरडीन के ट्रम्प इंटरनेशनल गोल्फ लिंक्स में पांच शॉट के अंतर से 2026 पीजीए सीनियर्स का खिताब जीता।

भारतवंशियों की लंदन में धूम, 17 साल के श्रेयस रॉयल की ऐतिहासिक जीत

11 साल की बोधना ने रचा इतिहास, रोमांचक प्लेऑफ में जीता ब्रिटिश शतरंज का खिताब

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय मूल की 11 वर्षीय शतरंज प्रतिभा बोधना सिवानंदन और 17 वर्षीय श्रेयस रॉयल ने सप्ताहांत में 2026 ब्रिटिश शतरंज चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रच दिया। कोवेंट्री में हुई प्रतियोगिता में बोधना ब्रिटेन की अब तक की सबसे कम उम्र की महिला शतरंज चैंपियन बन गईं।

मुकाबले के दौरान दर्शक उन्हें प्यार से 'गोधना' कहकर उत्साहित कर रहे थे। उन्होंने आयरलैंड की 14 वर्षीय उभरती हुई खिलाड़ी त्रिशा कन्यमाराला को रोमांचक रैपिड शतरंज प्लेऑफ में हराकर खिताब अपने नाम किया।

बोधना ने लॉकडाउन में शुरू किया था खेलना

'इंग्लिश चेस फेडरेशन' (ईसीएफ) के लिए कमेंट्री कर रहे ग्रैंडमास्टर डैनी गोमांली ने कहा, 'अविश्वसनीय! बोधना जीत गई हैं। वह कमाल की खिलाड़ी हैं, एक ऐसी प्रतिभा जो पीढ़ी में एक बार ही देखने को मिलती है।' बोधना ने कोविड-19 महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में पहली बार शतरंज खेलना शुरू किया था जब उनके पिता के एक मित्र भारत लौट रहे थे और जाते समय कुछ बैग छोड़ गए थे, जिनमें एक शतरंज का बोर्ड भी था। उस समय बोधना ने कहा था, 'मुझे शतरंज के मोहरे बहुत आकर्षक लगे, इसलिए मैंने खेलना शुरू कर दिया।'



बोधना ने पूरी की शानदार हैट्रिक

इसके बाद से उत्तर-पश्चिम लंदन की इस स्कूली छात्रा ने लगातार कई रिकॉर्ड तोड़े हैं और सबसे कम उम्र की सफल खिलाड़ियों में अपनी पहचान बनाई है। शतरंज के तेज प्रारुपों में वह पहले ही 'यूके ओपन महिला ब्लिट्ज' चैंपियन और संयुक्त ब्रिटिश महिला रैपिड चैंपियन बन चुकी हैं। अब क्लासिकल प्रारुप की इस जीत के साथ 11 वर्षीय बोधना ने शानदार हैट्रिक पूरी कर ली है। इस चैंपियनशिप में उनकी एकमात्र हार छठे दौर में श्रेयस रॉयल के खिलाफ हुई।

श्रेयस ने 9 दौर के बाद हासिल किया शीर्ष स्थान

वहीं श्रेयस रॉयल ने 9 दौर के बाद तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर कुल अंक से ब्रिटिश खिताब अपने नाम किया। उन्होंने इंग्लैंड के अनुभवी ग्रैंडमास्टर्स को आधे अंक से पीछे छोड़ दिया। अपने पहले ब्रिटिश खिताब के साथ उन्होंने विश्व स्तरीय उभरती हुई शतरंज प्रतिभा के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर ली है। दक्षिण-पूर्व लंदन के इस किशोर खिलाड़ी ने आगे चलकर ब्रिटेन के प्रमुख युवा शतरंज खिलाड़ियों में अपना स्थान बनाया। इस वर्ष की चैंपियनशिप में उन्होंने शुरुआत से ही साबित कर दिया कि वह स्थापित दिग्गज खिलाड़ियों को कड़ी चुनौती देने में सक्षम हैं और टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ खिताब की दौड़ में सबसे मजबूत दावेदार बन गए।



स्पर्धा में 1,750 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

ब्रिटिश शतरंज चैंपियनशिप के 122 वर्षों के इतिहास में 2026 में हुई इस प्रतियोगिता को सबसे बड़ा आयोजन बताया गया क्योंकि इसमें 1,750 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और ओपन चैंपियनशिप के लिए रिकॉर्ड 34,000 पाउंड की पुरस्कार राशि घोषित की गई।

श्रेयस तीन वर्ष की उम्र में बेंगलुरु से ब्रिटेन हुए थे शिफ्ट

भारत में जन्में श्रेयस तीन वर्ष की उम्र में अपने माता-पिता जितेंद्र और अंजू सिंह के साथ बेंगलुरु से ब्रिटेन चले गए थे। लगभग 8 वर्ष पहले ईसीएफ ने गृह मंत्रालय (होम ऑफिस) से विशेष अनुरोध किया था कि इस असाधारण प्रतिभाशाली खिलाड़ी को ब्रिटेन में रहने और अपनी प्रतिभा को निखारने की अनुमति दी जाए। पूर्व मंत्री साजिद जाविद ने श्रेयस की इस जीत के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, '2018 में गृह सचिव के रूप में मैंने श्रेयस और उनके परिवार को ब्रिटेन में रहने की अनुमति देने का निर्णय लिया था। उनकी असाधारण प्रतिभा को खिलते हुए देखना बेहद सुखद है। श्रेयस, पूरे ब्रिटेन को आप पर गर्व है।

वनडे कप

अल्बर्ट की तूफानी पारी 6 गेंदों पर जड़े 6 छक्के

अल्बर्ट ने सिर्फ 37 गेंदों पर बनाए 86 रन



एजेंसी ▶▶| होव

इंग्लैंड के वनडे कप में 24 साल के बल्लेबाज ने छक्कों की बरसात कर दी। होव में हैम्पशायर का मुकाबला ससेक्स के खिलाफ हुआ। इस मैच में हैम्पशायर के लिए खेलने वाले टॉबी अल्बर्ट ने सिर्फ 37 गेंदों पर 86 रनों की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 5 चौकों के अलावा 8 छक्के भी शामिल थे। वह तीसरे नंबर पर बैटिंग करने उतरे और गेंदबाजों की जमकर खबर ली।

अल्बर्ट ने 26 गेंदों पर पूरा किया अर्धशतक

86 रनों की पारी के दौरान टॉबी अल्बर्ट ने अपनी 6 गेंदों पर लगातार 6 छक्के मारे। पहले 43वें ओवर की आखिरी दो गेंद पर दो छक्के लगाए। इसके बाद वह ओली किर्टले के खिलाफ स्ट्राइक पर आए। वहां उन्होंने लगातार चार गेंदों पर चार छक्के मारे। इस तरह अपनी लगातार 6 गेंदों पर अल्बर्ट ने 6 छक्के मारे। 26 गेंदों पर टॉबी अल्बर्ट ने अपना अर्धशतक पूरा किया। यह इस साल के वनडे कप में किसी भी बल्लेबाज की सबसे तेज फिफ्टी है।

लंदन चैंपियनशिप : शीर्ष 20 में प्रणवी और अदिति

लंदन। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए सात अंडर 66 का कार्ड खेला और संयुक्त 19वें स्थान पर रही जबकि अदिति अशोक ने अंतिम दौर में चार अंडर 69 का स्कोर कर संयुक्त 17वां स्थान हासिल किया। प्रणवी तीसरे दौर में निराशाजनक 78 का कार्ड खेलने के बाद अंतिम दौर की शुरुआत में शीर्ष 30 से बाहर थीं। उन्होंने सप्ताह का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 12 स्थान की छलांग लगाई। प्रणवी ने 70, 73, 78 और 66 के दौर के साथ कुल 5-अंडर 287 का स्कोर बनाया।

सिनसिनाटी ओपन

चोट के कारण टूर्नामेंट नहीं खेल पाएंगे नंबर-1 सिनर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिने घुटने की चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से हट गए हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों ने पुष्टि की है कि इटली का यह स्टार टेनिस खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएगा। इस महीने होने वाले यूएस ओपन की तैयारियों को देखते हुए इसे यानिक सिनर के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

24 साल के इस खिलाड़ी ने साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से पहले होने वाले एक और अहम हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट, कैनेडियन ओपन से भी अपना नाम वापस ले लिया था। पिछले महीने विंबलडन में अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद, उन्हें उम्मीद थी कि नॉर्थ अमेरिका का उनका टूर यूएस ओपन में अपने खिताब का बचाव करने से पहले उन्हें मजबूती देगा।



मैं अभी खेलने के लिए तैयार नहीं हूं : सिनर

सिनर ने कहा, अपने डॉक्टरों और अपनी टीम से सलाह लेने के बाद मुझे यह बताना पड़ रहा है कि मुझे सिनसिनाटी में मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट से हटना होगा। मेरे दाहिने घुटने में दिक्कत हो रही है और भले ही मेरी मेडिकल टीम के साथ हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन मुझे यह मानना होगा कि मैं अभी खेलने के लिए तैयार नहीं हूं। सिनर ने एक और बड़े टूर्नामेंट में हिस्सा न ले पाने पर निराशा जताई, लेकिन साथ ही कहा कि उनका अभी पूरा ध्यान ठीक होने पर है ताकि वे यूएस ओपन के लिए तैयार हो सकें। सिनसिनाटी में न खेल पाने से मैं बहुत निराश हूं। मैं अगले साल वापसी करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और अब मेरा ध्यान यूएस ओपन के लिए तैयार होने पर है।

तलवारबाजी चैंपियनशिप : भारत का दबदबा, अंडर-23 में जीते 17 पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में दबदबा बनाते हुए नाइजीरिया के लागोस में चल रही अंडर-23 राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदकों सहित 17 पदक जीते। रविवार से शुरू हुई और 14 अगस्त तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के पहले दिन भारतीय टीम ने चार स्वर्ण, चार रजत और नौ कांस्य पदक जीते।



भारतीय तलवारबाजी संघ के अनुसार भारत ने सेबर, फॉइल और ईपी श्रेणियों की सभी छह व्यक्तिगत स्पर्धाओं में कम से कम एक पदक जरूर जीता। पुरुषों के सेबर में निखिल वाघ ने स्वर्ण पदक जीता। लक्ष्य बदसर ने रजत पदक हासिल किया, जबकि अश्विनी आर्य और लैशराम मोरम्बा ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फॉइल स्पर्धा में तेजस पाटिल ने रजत पदक और हेमंश सनसम ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों की ईपी स्पर्धा में लोकेश वेमानी ने रजत पदक हासिल किया, जबकि शौर्य अश्विनी और गॉडविन अनबकेस ने कांस्य पदक जीते।

विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में भारत को तीन पदक

एजेंसी ▶▶| यूजीन

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक ऊंची कूद की एथलीट पूजा सिंह उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकीं और फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं, जिससे भारत ने यहां विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैंपियनशिप में तीन पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया। 19 वर्षीय पूजा केवल 1.84 मीटर की ऊंचाई ही पार कर सकीं, जो उनके सीनियर स्तर पर राष्ट्रीय रिकॉर्ड 1.93 मीटर से काफी कम है। वह तीन प्रयासों में 1.87 मीटर की ऊंचाई पार करने में नाकाम रहीं। ऑस्ट्रेलिया की इज़ोबेल लुइसन-रो ने 1.92 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि हंगरी की लिलियाना बटोरी (1.90 मीटर) और स्पेन की ऐताना अलोंसो (1.90 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए।

युकी से भिड़ेंगे आयुष, आक्रामक खेल से उलटफेर की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के युवा शटलर आयुष शेट्टी ने कहा कि वह अधिक आक्रामक खिलाड़ी बनने की कोशिशों में लगे हैं और उन्हें विश्वास है कि विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले दौर में चीन के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी शी युकी के खिलाफ उनकी यह रणनीति कारगर साबित होगी। विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहे आयुष ने कहा कि वह 17 अगस्त से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में किसी बड़े खिलाड़ी का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार थे क्योंकि उन्हें वरीयता नहीं मिली है।



आयुष को नहीं मिली वरीयता

आयुष ने कहा, 'मैं ड्रॉ लाइव देख रहा था। जैसे ही मुझे शी के साथ ड्रॉ का पता चला, मैं तैयार हो गया। मुझे वरीयता नहीं मिली है और इसलिए मैं विश्व में नंबर एक खिलाड़ी का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार था।' विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज 21 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी आयुष अभी तक शी से तीन बार हार चुके हैं।

HDFC BANK We understand your world — एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय, एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]

जबकि, अधोहस्ताक्षरी **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में , जिसका पंजीकृत कार्यालय बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400 013 में स्थित है और जिसका एक कार्यालय डिपार्टमेंट फॉर स्पेशल ऑपरेशंस, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, बी विंग, चौथी मंजिल, डॉन मिल्स कंपाउंड, गणपत राव कदम मार्ग, लोअर परेल (वेस्ट), मुंबई 400 013 में स्थित है; वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, 10 जुलाई, 2024 को एक मांग सूचना जारी की थी। उक्त सूचना के माध्यम से **ऋणी 1. मैसर्स अक्षय राइस इंडस्ट्रीज, 2. श्री मोहन सिंह (भागीदार), 3. श्री वंश चौधरी (भागीदार) एवं 4. श्रीमती सुनीता सिंह (जमानतदार)** को नोटिस में उल्लिखित **राशि रु.3,28,71,877.78/- (रुपये तीन करोड़ अट्ठाईस लाख इकहत्तर हजार आठ सौ सतहत्तर एवं अठहत्तर पैसे मात्र) जो कि 31.05.2024 तक** देय है तथा उस पर प्राप्ति की तिथि तक लागू ब्याज का भुगतान उक्त सूचना प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने का आह्वान किया गया था।

ऋणगृहिता/जमानतदार/बंधककर्ता के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणगृहिता/ जमानतदार/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, **बलौदा बाजार भाटापारा (छ.ग.)** द्वारा दिनांक 19 फरवरी, 2026 को पारित आदेश के अनुपालन में, अधोहस्ताक्षरी ने तहसीलदार, पलारी भाटापारा (छ.ग.) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का भौतिक आधिपत्य दिनांक **07 अगस्त, 2026** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणगृहिता/जमानतदार/बंधककर्ता को विशेषत: एवं सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे नीचे वर्णित संपत्ति के संबंध में कोई लेनदेन/सौदा न करें। इस संपत्ति के साथ किया गया कोई भी लेनदेन एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के उपर्युक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणगृहिता/जमानतदार/बंधककर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने/मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल संपत्तियों का विवरण

औद्योगिक संपत्ति, जो कि अक्षय राइस इंडस्ट्रीज, बलौदा बाजार रोड, मौजा-कुसमी, खसरा नं. 982/1 (क्षेत्रफल- 0.438 हेक्टेयर), पटवारी हल्का नं. 21, आर.एन.एम. एवं तहसील- पलारी, इंडियन ऑइल पेट्रोल पंप के पास, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) 493228, **स्वामित्व** मैसर्स अक्षय राइस इंडस्ट्रीज, **चतुःसीमाएं:** पूर्वः पिलाराम का प्लॉट, पश्चिम : कृपाराम का प्लॉट, उत्तर : जितेंद्र का प्लॉट, दक्षिण : सड़क

स्थान : पलारी, भाटापारा (छ.ग.) — **वास्ते एचडीएफसी बैंक लि.**

दिनांक : 07.08.2026 — **प्राधिकृत अधिकारी**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India — भारत सरकार का उद्यम — A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018

परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(8) के परंतुक को देखें]

अचल संपत्ति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना

ई-नीलामी बिक्री सूचना: बैंक में बंधक रखे अचल संपत्तियों का, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8 (6) के तहत विक्रय किया जाना है।

सर्वसाधारण, विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** लिया है, **"जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है"** के आधार पर दिनांक **27/08/2026** समय **(प्रातः 12.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक)** पर नीलाम किया जावेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है।

क्र.	उधारकर्ता एवं जमानतदार/शाखा का नाम	संपत्तियों का विवरण	बकाया राशि (रु.)	आरक्षित मूल्य अमानत राशि बोली वृद्धि राशि
01	**अ) मेसर्स लक्ष्मीरूप प्राइवेट लिमिटेड** पंजीकृत कार्यालय, पता यूनिट- 1:- 535-सी, उरला औद्योगिक क्षेत्र, रायपुर **2.(अ) निदेशकः संतोष वाधवानी** पुत्र रूपचंद वाधवानी, **ब) दीपक वाधवानी** पुत्र रूपचंद वाधवानी, **स) नितिन वाधवानी** पुत्र कमल वाधवानी, **द) सनी वाधवानी** पुत्र कमल वाधवानी **अ) गारंटरः** रूपचंद वाधवानी पुत्र हुकुमत राय वाधवानी **ब) हरीश वाधवानी** पुत्र रूपचंद वाधवानी, **स) कमल वाधवानी** पुत्र रूपचंद वाधवानी **मेसर्स हुकुमतराय इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड। शाखाः समता कालोनी**	**1. मेसर्स लक्ष्मीरूप प्राइवेट लिमिटेड** के नाम पर प्लॉट नं. **535-बी, 535-ए, 535-सी, 535-सी (भाग), 532-बी,** क्षेत्रफल- **10.15** एकड़ (**442134** वर्ग फीट) औद्योगिक क्षेत्र उरला, जिला- रायपुर, महामाया इस्पात के बाजू स्थित प्लांट व मशीनरी। **(यह प्लांट व मशीनरी इस भूमि पर स्थित है)** **2.** मौजा- उरला (औद्योगिक क्षेत्र उरला रायपुर) खसरा नं. **616** (भाग), **617** (भाग), **630** (भाग), **631** (भाग), **632** (भाग), प्लॉट नं. **535-बी, 535-ए, 535-सी, 535-सी (भाग), 532-बी,** भूमि का कुल क्षेत्रफल- **10.15** एकड़ या **442134** वर्गफीट ,प.ह.नं. 101/19, आरएनएम- धरसीवां-1, तहसील एवं जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़-491445, भारत.	**UBI** ₹ **38,78,07,177.65** + 01.02.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क **Federal Bank** ₹ **22,63,21,280.68** + लागू ब्याज कुल मांग राशि ₹ **61,41,28,458.00**	**A** Plant and Machinery ₹ 1553.00 Lakh ₹ 155.30 Lakh ₹ 15.50 Lakh **B** Land and Building ₹ 1447.00 Lakh ₹ 144.70 Lakh ₹ 14.50 Lakh **Total- A + B** ₹ 3000.00 Lakh ₹ 300.00 Lakh ₹ 30.00 Lakh + other applicable CSIDC dues, electricity charges as per actuals
02	**राम अवतार शर्मा** पुत्र रमन्ना शर्मा एवं **श्रीमती प्रभा शर्मा** **शाखाः समता कालोनी**	**प्रभा शर्मा पति- राम अवतार शर्मा** के नाम पर खसरा नं. **363/1, 364/1, 365/1,** पीसी नं. **110/40,** गोल्डन ग्लोरी अपार्टमेंट की 5वीं मंजिल, शंकर नगर, वार्ड नं. 29, रायपुर, क्षेत्रफल- 1455 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. बी/504 के समस्त भाग व अंश।	₹ **44,82,000.00** + 01.04.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 35.50 लाख ₹ 3.55 लाख ₹ 0.40 लाख
03	**ऋणी- बाबा महंत दास** **मिताली दास** पति बाबा महंत दास **शाखाः घड़ी चौक, सुपेला (छ.ग.)**	प्लॉट नं. ईडब्ल्यूएस- 115ए, वार्ड नं. 7, फरीद नगर, छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, कोहका, भिलाई (छ.ग.)	₹ **12,88,844.34** + 22.09.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 14.00 लाख ₹ 1.40 लाख ₹ 0.15 लाख

उपरोक्त संपत्तियों पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं है।

ई-नीलामी की तिथि व समयः 27/08/2026, सुबह 12.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक।

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए देखें **ऑनलाइन ई-नीलामी वेब पोर्टल/वेबसाइट https://baanknet.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, किसी भी विस्तृत पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: **क्र. 01 व 02 के लिए श्री जीतेंद्र नायक/मो.- 7250567881, क्र. 03 के लिए: श्री प्रदीप बारिक/मो.- 7077103753.**

उधारकर्ताओं और गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।

दिनांकः 10.08.2026, — **प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया**



मच्छरों का भी होता है फेवरेट इंसान! 119 लोगों की स्टडी में सामने आया चौंकाने वाला राज

न्यूयार्क। क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि एक ही कमरे में बैठे कई लोगों में से मच्छर किसी एक इंसान को कुछ ज्यादा ही निशाना बनाते हैं? अगर आपको लगता है कि यह सिर्फ आपका वहम है, तो ऐसा बिल्कुल नहीं है। साइंस ने भी अब इस बात पर मुहर लगा दी है। फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने 119 लोगों पर की गई एक रिसर्च किया, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि मच्छरों का अपना फेवरेट इंसानी शिकार होता है। आखिर क्यों कुछ खास लोगों का खून मच्छरों को इतना पसंद आता है और क्या आपकी त्वचा से निकलने वाली महक ही इसकी सबसे बड़ी वजह है?

रासायनिक संकेत करते हैं आकर्षित

फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने 119 लोगों पर यह रिसर्च किया, जिसके रिजल्ट ने चौंका दिया। इसमें दुनिया की तीन ऐसी मच्छर प्रजातियों को शामिल किया गया, जो इंसानों में कई गंभीर बीमारियां फैलाने की क्षमता रखती हैं। रिसर्चर्स ने देखा कि इन तीनों प्रजातियों को इंसानों की गंध और शरीर से निकलने वाले अलग-अलग रासायनिक संकेत किस तरह आकर्षित करते हैं। रिसर्च में में एडीज एजिप्टी, एडीज एल्बोपिक्टस और क्यूलेक्स क्विनक्वेफैसिएटस को शामिल किया गया। ये तीनों अलग-अलग बीमारियों को फैलाने में का काम करते हैं। इनमें डेंगू, जीका, येलो फीवर और वेस्ट नाइल जैसी बीमारियां शामिल हैं। इसके रिजल्ट हैरान करने वाले थे। तीनों प्रजातियों ने एक जैसे लोगों को पसंद नहीं किया। हर प्रजाति ने इंसानी शरीर की स्मेल को अपने तरीके से पढ़ा और उसके आधार पर तय किया कि किस इंसान के पास जाना है।



हमारी प्राकृतिक गंध का हिस्सा बनते हैं रसायन

दरअसल, इंसानी शरीर से एक हजार से ज्यादा तरह के वाष्पशील कार्बनिक यौगिक निकल सकते हैं। इनमें से कई के बारे में वैज्ञानिक अभी पूरी तरह नहीं जानते। यही रसायन हमारी प्राकृतिक गंध का हिस्सा बनते हैं और मच्छरों के लिए किसी तरह के संकेत का काम कर सकते हैं। रिसर्च में सामने आया कि एडीज एजिप्टी ऐसे लोगों की तरफ ज्यादा आकर्षित हुआ, जिनकी त्वचा में कुछ खास वाष्पशील रसायन कम मात्रा में मौजूद थे और जो शरीर पर कोई अतिरिक्त खुशबू नहीं लगा रहे थे। इस प्रजाति ने पुरुषों की ओर हल्की ज्यादा पसंद भी दिखाई। यह मच्छर दिन के समय ज्यादा एक्टिव रहता है।

रात में ज्यादा होता है एक्टिव

तीसरी प्रजाति क्यूलेक्स क्विनक्वेफैसिएटस की पसंद और भी अलग निकली. यह मच्छर आमतौर पर रात में ज्यादा एक्टिव होता है और इंसान की स्किन पर मौजूद माइक्रोबायोम यानी बैक्टीरिया, फंगस और दूसरे सूक्ष्मजीवों के समुदाय को पहचानने पर ज्यादा निर्भर करता है। हमारी त्वचा पर हमेशा लाखों-करोड़ों सूक्ष्मजीव मौजूद रहते हैं। ये माइक्रोब्स हमारी त्वचा की गंध को प्रभावित करते हैं। स्टडी में खुलासा हुआ है कि कुछ बैक्टीरियल परिवार मच्छरों को इंसान की ओर आने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, वहीं कुछ दूसरे बैक्टीरिया उन्हें दूर रखने वाले संकेत दे सकते हैं। यह रिसर्च वैज्ञानिक जर्नल आईसाइंस में प्रकाशित हुआ है।

रोचक खबरें



बहराइच के इस पेड़ का नाम 'गुदगुदी वाला पेड़', छूते ही होती है रहस्यमयी चीज

बहराइच। जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य केवल अपने दुर्लभ जानवरों और घने जंगलों के लिए ही नहीं, बल्कि एक बेहद अनोखे पेड़ के लिए भी देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। इस जंगल में मौजूद एक विशेष पेड़ अपनी अनोखी संवेदनशीलता के कारण पर्यटकों के बीच हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है। जब भी कोई व्यक्ति इस पेड़ के तने को हल्के से छूता या सहलाता है, तो इसकी टहनियों और पत्तियों में अचानक कंपन शुरू हो जाता है। यही वजह है कि स्थानीय लोग और यहां आने वाले पर्यटक इसे प्यार से गुदगुदी करने वाला पेड़ या खुजली वाला पेड़ कहकर पुकारते हैं। कतर्नियाघाट आने वाला हर पर्यटक इस प्राकृतिक अजूबे का खुद अनुभव करने के लिए यहां रुकना नहीं भूलता। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस विशाल पेड़ को किसी इंसान ने नहीं लगाया, बल्कि यह घने जंगल के प्राकृतिक वातावरण में खुद-ब-खुद उगा है। सालों पहले जब कतर्नियाघाट को ईको-टूरिज्म के रूप में पहचान मिली और यहां लोगों की आवाजाही शुरू हुई, तब एक पर्यटक की नजर सड़क किनारे खड़े इस पेड़ पर पड़ी। जैसे ही उस पर्यटक ने पेड़ के तने पर अपना हाथ रखा, पूरा पेड़ अचानक इस तरह हिलने लगा मानो उसे किसी ने सहला दिया हो।

खोखली हुई 300 मीटर गहरी खदान, आज बनी दुनिया की सबसे खूबसूरत झील

मैड्रिड। प्रकृति और मानव प्रयास का अनोखा संगम देखने को मिला है स्पेन में। उत्तर-पश्चिम स्पेन के गैलिसिया क्षेत्र में स्थित आस पोंटेस की एक विशाल कोयला खदान आज एक भव्य झील में बदल चुकी है। ये खदान लगभग 300 मीटर गहरी थी और दशकों की खुदाई के बाद पूरी तरह खोखली हो गई थी। फिर इंजीनियरों ने इसमें पानी भरना शुरू किया। चार साल से भी कम समय में अरबों लीटर पानी समा गया और स्पेन को एक नई बड़ी आर्टिफिशियल झील मिल गई। आज ये झील पर्यावरण रिकवरी का शानदार उदाहरण मानी जाती है। इसकी कहानी 1940 के दशक से शुरू होती है। उस समय राज्य नियंत्रित कंपनी ने आस पोंटेस क्षेत्र में लिग्नाइट यानी भूरे कोयले की खुदाई शुरू की थी। लिग्नाइट कोयला का एक नरम और कम ऊर्जा घनत्व वाला रूप है। इसे पैदा करने के लिए ज्यादा मात्रा में मिट्टी और चट्टान हटानी पड़ती है। 1972 तक ये खदान और उससे सटी बिजली संयंत्र एंडेसा नामकी कंपनी के अधीन आ गई। ये स्पेन का सबसे बड़ा कोयला आधारित बिजली प्लांट था। करीब 60 साल की खुदाई में लगभग 260 मिलियन टन लिग्नाइट निकाला गया. नतीजा ये हुआ कि जमीन में एक विशाल गड्ढा बन गया, जो गहराई में एफिल टॉवर की ऊंचाई के करीब और विस्तार में सैकड़ों फुटबॉल मैदानों जितना बड़ा था।



सबसे खूबसूरत कब्रिस्तान, लगता है महल जैसा

रोम। कब्रिस्तान का नाम सुनते ही ज्यादातर लोगों के दिमाग में एक ऐसी जगह की तस्वीर बनती है, जहां चारों तरफ कब्रें हों, सन्नाटा पसरा हो और जगह थोड़ी गंदी या सुनसान सी दिखाई देती हो। आमतौर पर लोग कब्रिस्तान को घूमने की जगह भी नहीं मानते। लेकिन, दुनिया में कुछ ऐसी जगहें भी हैं, जो इस सोच को पूरी तरह बदल देती हैं। यहां कब्रों के बीच ऐसी खूबसूरत इमारतें, मूर्तियां और नक्काशी देखने को मिलती हैं कि पहली नजर में यकीन करना मुश्किल हो जाता है कि आप किसी कब्रिस्तान में खड़े हैं। ऐसी ही एक अनोखी जगह इटली के मिलान शहर में मौजूद है। इसे मॉन्यूमेंटल सेमिट्री के नाम से जाना जाता है।

कब्रिस्तान की जगह दिखता है ऐतिहासिक महल जैसा नजारा



मॉन्यूमेंटल सेमिट्री की सबसे खास बात इसकी आर्किटेक्चर है। यहां मौजूद बड़ी-बड़ी इमारतों, कब्रों और स्मारकों पर बेहद बारीक नक्काशी देखने को मिलती है। कई जगहों पर बनी मूर्तियां इतनी खूबसूरत हैं कि उन्हें देखकर ऐसा लगता है जैसे किसी आर्ट गैलरी में आ गए हों। इस जगह का परिसर भी काफी व्यवस्थित और साफ-सुथरा नजर आता है।

दीदार करने दूर-दूर से आते हैं टूरिस्ट!



कब्रों के बीच दिखती है कला और इतिहास की झलक

यह जगह सिर्फ कब्रों के लिए मशहूर नहीं है। यहां मौजूद अलग-अलग स्मारक और मूर्तियां अपने अंदर इतिहास और कला की कहानी समेटे हुए हैं। यही वजह है कि यह जगह सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि इतिहास और कला में दिलचस्पी रखने वाले टूरिस्ट के लिए भी खास मानी जाती है। यहां घूमते समय आपको कई तरह की आर्किटेक्चर देखने को मिलती है। कहीं बड़े स्मारक दिखाई देते हैं तो कहीं खूबसूरत मूर्तियां और पत्थरों पर की गई बारीक नक्काशी ध्यान खींचती है।

बाहर फूलों की दुकानों से और खूबसूरत हो जाता है माहौल

कब्रिस्तान के बाहर का नजारा भी अपने आप में खास है। यहां टूरिस्ट और लोगों के लिए फूलों की कई दुकानें लगी रहती हैं। लोग रंग-बिरंगे और ताजे फूल खरीदकर अपने प्रियजनों की कब्र पर चढ़ा सकते हैं। फूलों की सजावट और उनकी खुशबू इस जगह के माहौल को और भी शांत और खूबसूरत बना देती है। यहां आने वाले लोग अक्सर कुछ समय शांति से बिताते हैं और अपने करीबियों को याद करते हैं। कब्रिस्तान होने के बावजूद यहां का माहौल डरावना कम और शांत ज्यादा महसूस होता है। बड़ी-बड़ी इमारतों और कलाकृतियों के बीच घूमते हुए ऐसा लगता है जैसे इतिहास के किसी पुराने दौर में पहुंच गए हों।

चुगली कर करोड़पति बनी महिला, बस लीक कर देती थी मोहल्ले का सीक्रेट!

नई दिल्ली। चुगली को आमतौर पर लोग एक बुरी आदत के तौर पर देखते हैं। मोहल्ले में कौन किससे लड़ रहा है, किसके घर में क्या चल रहा है, किसकी किससे दोस्ती है या किस परिवार में कौन-सा विवाद चल रहा है—इन बातों को इधर से उधर पहुंचाने वाले व्यक्ति को आमतौर पर कोई बहुत सम्मान की नजर से नहीं देखता। लेकिन, कोलंबिया से सामने आई एक वायरल कहानी ने चुगली को ही कमाई का जरिया बना दिया। दावा है कि क्विंडियो क्षेत्र की 67 वर्षीय मरियम नाम की महिला ने वर्षों तक अपने आसपास रहने वाले लोगों की निजी जिंदगी से जुड़ी बातें नोट करनी शुरू कीं।



कैसे शुरू हुई 'गॉसिप नोटबुक' : कहा जाता है कि मरियम ने अपने आसपास होने वाली घटनाओं को लंबे समय तक चुपचाप नोट करना शुरू किया था। मोहल्ले में रहने वाले लोगों की जिंदगी में रोजाना कुछ ना कुछ होता रहता है। कहीं पति-पत्नी के बीच झगड़ा, कहीं पड़ोसियों में विवाद, कहीं किसी रिश्ते को लेकर चर्चा तो कहीं परिवार के अंदर चल रही कोई परेशानी। अधिकांश लोग ऐसी बातें सुनते हैं और कुछ समय बाद भूल जाते हैं। लेकिन मरियम कथित तौर पर इन घटनाओं को याद रखने और लिखने लगीं। धीरे-धीरे उनके पास ऐसी जानकारियों का संग्रह तैयार हो गया, जिसके बारे में आसपास के लोग खुद भी उत्सुक रहने लगे। यहीं से कथित तौर पर उनकी 'गॉसिप सर्विस' की शुरुआत हुई। किसी को यह जानना होता कि मोहल्ले में फलां व्यक्ति के साथ क्या चल रहा है, किसी दूसरे परिवार का विवाद किस वजह से हुआ या किसी रिश्ते के पीछे असली कहानी क्या है, तो मरियम के पास जवाब होने का दावा किया गया. वायरल कहानी के मुताबिक, उन्होंने इस जिज्ञासा को अपनी कमाई का जरिया बना लिया।

चुगली ने बनाया रईस

मरियम ने इन जानकारियों को मुफ्त में बताने के बजाय उनके लिए पैसे लेने शुरू कर दिए. जिस व्यक्ति को मोहल्ले में चल रही किसी खास बात की जानकारी चाहिए होती, वह कथित तौर पर मरियम से संपर्क करता और जानकारी के बदले पैसे देता. दावा है कि हर खबर की कीमत एक जैसी नहीं होती थी। अगर मामला ज्यादा दिलचस्प या सनसनीखेज होता, तो उसकी कीमत भी ज्यादा हो जाती थी। वायरल कहानी के मुताबिक, इस अनोखे काम से इतनी कमाई हुई कि मरियम ने अपना सपना पूरा करते हुए घर खरीद लिया। इसके बाद कथित तौर पर कमाई जारी रही और उन्होंने दूसरा घर भी खरीद लिया। यानी जिस काम को आमतौर पर लोग सिर्फ 'मोहल्ले की चुगली' कहते हैं, उसी को इस महिला ने कथित तौर पर एक बिजनेस मॉडल में बदल दिया।



मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन व्दारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

सूरज से 30 गुना बड़े तारे की मौत, 50 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर महाविस्फोट

वॉशिंगटन। खगोलविदों ने एक बहुत बड़े तारे के विस्फोट के साथ खत्म होने की दुर्लभ प्रक्रिया को शुरू से अंत तक देखा है। इस घटना पर मार्च से ही नजर रखी जा रही थी। इस बीच चीन के आइंस्टीन प्रोब स्पेस टेलीस्कोप ने एक्स-रे की एक क्षणिक चमक का पता लगाया। यह चमक तब पैदा हुई, जब तारे के ढहते हुए कोर में हुए धमाके से निकली शक्तिशाली शॉक वेव तारे की सतह को चीरते हुए निकल बाहर निकली। इसे 'शॉक ब्रेकआउट' कहा जाता है। यह हर सुपरनोवा में होता है, लेकिन इसे देख पाना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि यह बहुत कम समय के लिए होता है। 2008 के बाद से यह पहली बार था जब शॉक ब्रेकआउट को देखा गया है। पिट्सबर्ग की कार्नेगी मेलन यूनिवर्सिटी में पोस्टडॉक्टरल फेलो और एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में छपे सुपरनोवा से जुड़े दो वैज्ञानिक पेपर्स में से एक के मुख्य लेखक, खगोलविद ब्रेंडन ओ'कॉनर ने कहा, 'इसे असल समय में पकड़ने के लिए किस्मत की जरूरत होती है।'



विस्फोट के बाद बना है एक ब्लैक होल

माना जाता है कि इस विस्फोट के बाद एक ब्लैक होल बना है, जो बहुत ज्यादा घनत्व वाली चीज है और जिसकी गुरुत्वाकर्षण शक्ति इतनी ज्यादा है कि प्रकाश भी उससे बाहर नहीं निकल सकता। विस्फोट से पहले, यह एक वुल्फ-रायट तारा था, जो एक दुर्लभ और विशाल प्रकार का तारा है और जिसने शक्तिशाली तारकीय हवाओं के जरिए अपनी बाहरी हाइड्रोजन और हीलियम की परतें छोड़ दी थीं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com